आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 97, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा 15

सोनाक्षी की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज 16

31 अक्टूबर तक पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प

- 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे एनपीएस खाते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प इस साल 31 अक्टूबर तक दिया है। वित्त विभाग की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार ने पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में पुरानी पेंशन से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके तहत उन राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प दिया है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया के लिए विज्ञापन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की अधिसूचना की तारीख 28 मार्च 2005 से पहले दिए गए थे और उन्हें बाद में सेवा में नियुक्त किया गया।

शासनादेश के तहत विज्ञापन के सापेक्ष नियुक्ति के बाद एक अप्रैल 2005 या उसके बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारी पुरानी पेंशन के दायरे में होंगे। यह प्रावधान कार्मिक, शासन के नियंत्रण वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मियों व शिक्षकों पर लागू किया गया है। जो कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनेंगे, उनके एनपीएस खाते 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे।

1 जुलाई से लागू होने जा रहे कई नए नियम, आम आदमी की जेब होगी प्रभावित

आज से ये होंगे बदलाव, जिनका आप पर होगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी। जुलाई का महीना आर्थिक बदलावों से भरा होता है। इस बार भी 1 जुलाई से कई नए नियम लागू होने जा रहे हैं, जिनमें इनकम टैक्स रिटर्न, बैंकिंग नियमों में बदलाव और ईंधन कीमतों में संभावित बदलाव शामिल हैं। इसके अलावा भी जुलाई महीने में कई ऐसे नियम बदलने वाले हैं, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। आइए जानते हैं, जुलाई में क्या-क्या बदलाव होने वाले हैं।

पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की कीमतों में बदलाव संभव

1 जुलाई को सरकारी तेल कंपनियों की तरह से गैस सिलेंडर की नई कीमतें तय की जाएगी। बता दें कि हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर की कीमतें तय की जाती हैं। बीते महीने 19 किग्रा के कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 69 रुपये की कमी की गई थी। हालांकि, 14 .2 किग्रा वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये ही है। वहीं, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव हो सकता है।

महंगे होंगे जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया के रिचार्ज प्लान

मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने रिचार्ज प्लान महंगे कर दिए हैं। ये नए रिचार्ज प्लान 3 जुलाई से लागू होंगे। जियो का बेसिक प्लान 155 से बढ़ाकर 189 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह एयरटेल और वोडाफोन आइडिया भी रिचार्ज प्लान के मूल्य में 15 से 20 प्रतिशत का इजाफा कर रही हैं।

वाहन खरीदना होगा महंगा

टाटा मोटर्स ने 1 जुलाई से अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। यह वृद्धि बढ़ती हुई सामानों की कीमतों को कवर करने के लिए की जा रही है। भारत की सबसे बड़ी वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने मार्च में भी अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक का इजाफा किया था। हीरो मोटोकॉर्प ने भी अपने चुनिंदा स्कूटर और मोटरसाइकिल मॉडल की कीमतों में 1 जुलाई से 1,500 रुपये तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है।

क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट सिस्टम में बदलाव

1 जुलाई से ही क्रेडिट कार्ड पेमेंट से जुड़ा बड़ा बदलाव लागू होने जा रहा है। इसके बाद कुछ पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए बिल पेमेंट में परेशानी पेश आ सकती है। इन प्लेटफॉर्म्स में क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ फिनटेक शामिल हैं। आरबीआई के नए रेग्युलेशन के मुताबिक 1 जुलाई से सभी क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम यानी बीबीपीएस से किए जाने हैं।

3 साल से ट्रांजेक्शन नहीं तो पीएनबी बंद करेगा खाता

अगर आपका पीएनबी में खाता है और उसे सालों से इस्तेमाल नहीं किया है, तो 1 जुलाई से बंद हो सकता है। बैंक की ओर से कुछ समय से अलर्ट किया जा रहा है कि जिन खाते में 3 साल से कोई ट्रांजेक्शन नहीं हुआ है तो 1 जुलाई से ये बंद किए जा सकते हैं।

एक नजर

एनआईए ने की राजौरी में कई स्थानों पर छापेमारी

नई दिल्ली। एनआईए ने रियासी आतंकवादी हमला मामले में रविवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि छापेमारी के दौरान विभिन्न वस्तुएं जब्त की गईं जिनसे आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के बीच संबंधों का पता चलता है। आतंकवादियों ने नौ जून की शाम रियासी जिले के पौनी इलाके में शिव खोड़ी से कटरा जा रही यात्रियों की एक बस पर गोलीबारी की थी, जिससे बस पास एक खाई में गिर गई थी और एक बच्चे सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी।

बिहार के बाद झारखंड में ढहा निर्माणाधीन पुल

गिरिडीह। बिहार में गत 10 दिनों में 5 पुलों के गिरने के बाद अब झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर भारी बारिश के कारण गिर गया और एक पिलर भी झुक गया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि घटना राजधानी रांची से 235 किमी दूर देवरी प्रखंड में हुई। पुल डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने बताया कि ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है।

अब हत्यारों को धारा 101 में होगी सजा

ब्रिटिश काल के कानूनों का होगा खात्मा, आज से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन नए आपराधिक कानून सोमवार यानी आज से देशभर में लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। अहम धाराओं में बदलाव हो जाएगा। मसलन, पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी।

बहरहाल, नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी, जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान होंगे। आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और

- ठग 420 नहीं 316 कहलाएंगे, हत्या के प्रयास में अब लगेगी धारा 109

पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय होंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को थाने आने से छूट दी जाएगी। 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर, 2023 को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर, 2023 को मंजूरी दी।

आईपीसी में 511 धाराएं थी न्याय संहिता में 358

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए गए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई गई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा और छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने ले ली है। सीआरपीसी की 484 धाराओं के बदले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून के तहत 177 प्रावधान बदले गए हैं, जबकि 9 नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी हैं। 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है। वहीं, नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं। इससे पहले 167 प्रावधान थे। अब 24 प्रावधान बदले गए हैं।

बदलेगी आईपीसी की इन धाराओं की पहचान

जुर्म	आईपीसी	भारतीय न्याय संहिता
देशद्रोह	धारा 124	धारा 152
गैर-कानूनी सभा	धारा 144	धारा 189
हत्या	धारा 302	धारा 101
हत्या का प्रयास	धारा 307	धारा 109
दुष्कर्म	धारा 376	धारा 63
मानहानि	धारा 399	धारा 356
ठगी	धारा 420	धारा 316

तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता में क्या है?

	पुराना	नया
	भारतीय दण्ड संहिता, 1860	भारतीय न्याय संहिता, 2023
कुल धाराएं	511	356
संशोधित धाराएं		175
नई धाराएं		8
निरस्त धाराएं		22

मथुरा में पानी की टंकी ढही, दो लोगों की मौत

मथुरा (उप्र), एजेंसी

- 12 की हालत गंभीर, डीएम और एसएसपी मौके पर पहुंचे, बचाव कार्य में कई विभागों की टीम लगी
- कृष्णा विहार कॉलोनी में बूंदाबांदी के बीच हुआ हादसा एनडीआरएफ बुलाई गई

मथुरा नगर में रविवार शाम आवासीय कॉलोनी में पानी की टंकी अचानक ढह गई, जिससे कई मकान टंकी की चपेट में आ गए। टंकी के मलबे में दबने से 2 लोगों की मौत हो गई और 12 लोग गंभीर घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि घटना शाम छह बजे बीएसए डिग्री कॉलेज के पीछे उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की ओर से विकसित कॉलोनी कृष्णा विहार की है जब सामान्य बूंदाबांदी के बीच पानी की टंकी अचानक ढह गई। टंकी की चपेट में आसपास के कई मकान आ गए, जिससे उनमें रहने वाले और गली में खेल रहे बच्चे टंकी और मकानों के मलबे में दब गए। एडीएम (वि/रा.) योगानन्द पाण्डेय ने दो व्यक्तियों की मृत्यु होने की पुष्टि की है। पुलिस और दमकलकर्मियों की टीम ने अब तक 12 घायलों को मलबे से निकाला है, जिनकी हालत बेहद गंभीर बताई है।

जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकलकर्मी और पुलिस के अलावा राजस्व, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग आदि की टीम बचाव कार्य में लगी हुई हैं। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष पांडेय सहित जिले के सभी आला अधिकारी मौके पर बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। राजस्व विभाग प्रभावित परिवारों को भोजन और रहने की सुविधा मुहैया कराने में जुटा है। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को भी बचाव कार्य के लिए बुलाया गया है, जिनके जल्द यहां पहुंचने की उम्मीद है।

तीन साल में ही ढह गई पानी की टंकी

जिलाधिकारी ने कहा कि टंकी का निर्माण 2021 में ही पूरा हुआ था। क्षमता 2.5 लाख लीटर थी, ऐसे में केवल तीन वर्ष में ही टंकी का ढह जाना कई प्रकार के सवाल खड़े करता है, जिनकी जांच कराई जाएगी।

लोस चुनाव में लोगों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में दोहराया विश्वास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश की कमान संभालने के बाद अपने पहले 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में रविवार को कहा कि लोगों ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में देश के संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया और निर्वाचन आयोग तथा इस प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दी। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के 30 मिनट के अपने संबोधन में पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फोर लोकल' और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और लोगों से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए सोशल मीडिया पर 'चीयर 4 भारत' हैशटैग का उपयोग करने का आग्रह किया।

मोदी ने तुर्कमेनिस्तान में योग दिवस, राष्ट्रीय कवि गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाए जाने और कैरेबियाई देशों में भारतीय विरासत का जश्न मनाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनिया भर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं।

'वोकल फोर लोकल' कार्यक्रम का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि हमारे कई उत्पादों की दुनिया-भर में बहुत मांग है। उन्होंने कहा कि जब हम भारत के किसी स्थानीय उत्पाद को वैश्विक होते देखते हैं तो गर्व से भर जाना स्वाभाविक है।उन्होंने आंध्र प्रदेश के अराकू काफी, जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा के बर्फीले मटर और अन्य सब्जियों का जिक्र किया। कहा कि जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की समृद्धि के लिए नए द्वार खोले हैं।

- तीसरे कार्यकाल के पहले 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- चीयर 4 हैशटैग से बढ़ाएं ओलंपिक में अपने खिलाड़ियों का उत्साह

एक पेड़ मां के नाम पर

मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस साल आरंभ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया और कहा कि हर कोई अपनी मां के लिए पेड़ लगा रहा है। चाहे वह अमीर हो या गरीब, चाहे वह कामकाजी महिलाएं हों या घरेलू। इस अभियान ने मां के प्रति स्नेह जताने का समान अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।

मनोज सिंह ने संभाला मुख्य सचिव का पदभार

- दुर्गाशंकर मिश्र को नहीं मिला चौथा सेवा विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : 1988 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह राज्य के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं। उन्होंने रविवार शाम को अपने पूर्ववर्ती दुर्गाशंकर मिश्र से लोकभवन में कार्यभार ग्रहण किया। दुर्गाशंकर मिश्र मुख्य सचिव पद से रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने मनोज सिंह को चार्ज सौंपते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस बार केंद्र से दुर्गा शंकर मिश्र को चौथा सेवा विस्तार नहीं मिला, ऐसे में

औद्योगिक विकास एवं कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने का रास्ता साफ हुआ।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप और सीईओ यूपीईडा फिलहाल अभी बना रहेगा। वहीं, 1989 बैच के आईएएस देवेश चतुर्वेदी अब अपर मुख्य सचिव नियुक्ति के साथ कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि उत्पादन आयुक्त की भी जिम्मेदारी संभालेंगे।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने थलसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को भारतीय थलसेना के 30वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है। जनरल द्विवेदी ऐसे समय में सेना प्रमुख बने हैं जब भारत, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) सहित अनेक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं।

- मनोज पांडे का स्थान लिया थलसेना के 30वें प्रमुख

सड़क पर मिला बैंक प्रबंधक का शव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित गांव मौलागढ़ के निकट आंबेडकर छात्रावास से सटे मार्ग पर प्रथमा बैंक के सहायक प्रबंधक षडानन (38 वर्ष) का शव पड़ा मिला। दाएं हाथ के पास तमंचा पड़ा था और दाईं कनपटी पर गोली का निशान था। सूचना पर एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी की। षडानन कई दिनों से बैंक के कार्य के चलते परेशान थे। पुलिस ने प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला मानते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

षडानन पुत्र जय प्रकाश मूल रूप से बिहार के जनपद वैशाली के गांव हाजीपुर के निवासी थे। वह थाना बिलारी क्षेत्र के गांव बहोरनपुर नरौली में प्रथमा बैंक में सहायक प्रबंधक थे।

शनिवार को वह बैंक गए थे। रात 12 बजे तक वापस नहीं आने पर पत्नी सरिता ने फोन किया तो उन्होंने कुछ देर में घर पहुंचने की बात कही। देर रात 12.45 बजे गश्ती पुलिस को वे खून से लथपथ सड़क पर पड़े मिले, सिर में गोली लगने से मौत हो चुकी थी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह, सीओ डॉ. प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। रविवार सुबह षडानन के मोबाइल पर उनके किरायेदार की कॉल आई। तब पुलिस ने मामले की जानकारी दी। परिजन भी मौके पर आ गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उनके दाएं हाथ के पास 312 बोर का तमंचा पड़ा था। पास पड़े बैग में दूसरा तमंचा, छह जिंदा कारतूस, हथौड़ी और टैबलेट था।

- कनपटी पर लगी थी गोली, दाएं हाथ के पास पड़ा था तमंचा
- शनिवार रात लगभग 12 बजे घर पर पत्नी से फोन पर की थी बात

> शनिवार की रात पुलिस गश्त में आंबेडकर छात्रावास से सटे मार्ग पर प्रथमा बैंक के सहायक प्रबंधक का शव मिला था। जिसके दाएं हाथ में तमंचा था व दाईं कनपटी पर गोली लगी थी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का सामने आ रहा है। अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है। -कुलदीप सिंह गुनावत, एसपी

कांवड़ यात्रा हो या मोहर्रम जुलूस, सुरक्षा में न लगे सेंध

मुख्यमंत्री ने पर्वों के मद्देनजर अधिकारियों साथ की तैयारियों की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि, कांवड़ यात्रा हो या मोहर्रम का जुलूस, शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं। ऐसे लोगों पर नजर रखें ताकि सुरक्षा में कोई सेंध न लगा पाए। कांवड़ शिविर लगाने वालों का सत्यापन करें। ताजिया वहीं रखे जाएं जहां विवाद न हो। धार्मिक यात्राओं, जुलूसों में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों।

मुख्यमंत्री ने कहा, अराजकतत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटा जाए। ड्रोन से भी निगरानी करें। पर्व-त्योहार में प्रशासन द्वारा आम जन को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। धार्मिक परंपरा, आस्था को सम्मान दें, लेकिन परंपरा के विरुद्ध कोई कार्य न हो। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर पर्व-त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तानों की तैयारियों की समीक्षा की।

- ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों

डीजे की आवाज तय सीमा में ही रहे

कांवड़ यात्रा की नजर से उत्तराखण्ड की सीमा से लगे जिले और गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी, बाराबंकी, बस्ती आदि महत्वपूर्ण हैं। स्थानीय प्रशासन सीमावर्ती राज्यों से सतत संवाद-संपर्क-समन्वय बनाए रखें। कांवड़ यात्रा में डीजे, गीत-संगीत की आवाज तय सीमा में रहे। कांवड़ यात्रा मार्ग पर खुले में मांस आदि की बिक्री न हो।

ओवरसाइज ताजिया जुलूस में न शामिल हों

मोहर्रम जुलूस के दौरान निकलने वाली ताजिया से जुड़ी समितियों और पीस कमेटी के साथ स्थानीय प्रशासन द्वारा संवाद-समन्वय बनाया जाए। ताजिया की ऊंचाई परंपरा के अनुरूप ही हो। दुर्घटना का कारक बनने वाले अनावश्यक रूप से ओवरसाइज ताजिया जुलूस में न शामिल हों। मार्ग पर जर्जर बिजली के खंभे, झूलते-लटकते बिजली के तार आदि प्रबंधन समय से कर लिया जाए ताकि दुर्घटना की स्थिति न आए।

केदारनाथ में हिमस्खलन फिर खाई में समाया बर्फ का गुबार

देहरादून। केदारनाथ मंदिर के पीछे की पहाड़ियों पर रविवार सुबह फिर हिमस्खलन हुआ। हालांकि इससे जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। चोराबाड़ी क्षेत्र की इस बर्फीली पहाड़ी पर अक्सर ऐसे हिमस्खलन (एवलांच) होते रहते हैं। केदारनाथ धाम के पीछे की पहाड़ी पर रविवार सुबह 5.46 बजे के आस-पास हिमस्खलन हुआ। पहाड़ी पर बर्फ का गुबार उड़ता दिखाई दिया। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार सुबह केदारनाश मंदिर के पीछे की पहाड़ी पर हिमस्खलन हुआ। पर्यावरणविद् जगत सिंह जंगली ने कहा कि हिमालय क्षेत्र में लगातार हो रही इस प्रकार की घटनाओं पर सोचने की आवश्यकता है।

- चोराबाड़ी क्षेत्र की बर्फीली पहाड़ी पर आया था एवलांच

शहर में आज

☞भमरौआ स्थित मंदिर में भगवान शंकर का जलाभिषेक प्रात: 5 :30 बजे।

☞बिलासपुर के मोहल्ला साहूकारा में श्रीराम कथा का आयोजन दोपहर 2 बजे।

एक नजर

सुदेश कटियार को गुलदस्ता देते पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

इंस्पेक्टर सुदेश कटियार बने क्षेत्राधिकारी

रामपुर, अमृत विचार : गोपनीय कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र कटियार के प्रमोशन होने पर उन्हें साथियों ने बधाई दी। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने गोपनीय कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर सुदेश चन्द कटियार को क्षेत्राधिकारी बनने पर बधाई दी। प्रोन्नत होने पर एसपी ने उनके कंधों पर स्टार लगाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने गुलदस्ता देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

महिला चिकित्सालय के सीएमएस बने डॉ. अनवर

रामपुर, अमृत विचार : शासन ने महिला चिकित्सालय की सीएमएस

डा. विनीता चतुर्वेदी के स्थान पर डा. अनवर सादात को सीएमएस बनाया है। वह चिकित्सालय में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर कार्यरत हैं। शासन ने 30 जून को कई जिलों में डॉक्टरों के तबादले किए है। इसी क्रम में महिला चिकित्सालय में तैनात वरिष्ठ परामर्शदाता डा. अनवर सादात को सीएमएस बनाया गया है। जबकि डा. विनीता चतुर्वेदी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। वह अभी चिकित्सालय में ही कार्यरत रहेंगी।

विदेश में गूंज रहीं शिशु सदन के बच्चों की किलकारी

पूरी जांच-पड़ताल के बाद विदेशी माता-पिता को गोद दिए जाते हैं भारतीय नौनिहाल

दीपक सोलंकी, रामपुर

अमृत विचार : सड़कों या कूड़े के ढेर पर मिलने वाले नन्हे-मुन्ने भी किसी से कम नही हैं। उनकी किलकारी विदेशों में गूंज रही हैं। कुछ समय अनाथ के रूप में बिताने के बाद उनके भी अच्छे दिन आ जाते हैं। कुछ अनाथ बच्चों की परवरिश विदेशों में हो रही है। 2017 से 2023 तक 14 बच्चे विदेशियों द्वारा गोद लिए जा चुका हैं। इटली, फ्रांस, जर्सी, दुबई में रहने वाले दंपति औलाद की चाह में शिशु सदन तक पहुंचते हैं। पूरी जांच-पड़ताल के बाद शिश सदन से बच्चा गोद दिया जाता है।

शहर के अंगूरी बाग स्थित राजकीय बाल गृह (शिशु सदन) में मां-बाप से बिछुड़कर आने वाले बच्चों को रखा जाता है। शिशु सदन के अधीक्षक रामेंद्र शेखर श्रीवास्तव ने बताया कि सदन में 10 साल तक के बच्चों को रखा जाता है। यदि इन्हें लेने इनके माता-पिता आते हैं तो सभी औपचारिकताएं पूरी कर उन्हें सौंप देते हैं। उनके न आने पर बच्चों को दूसरे लोगों को गोद दे दिया जाता है। 2017 से 2023 तक 14 अनाथ बच्चों को विदेशी लोग गोद ले चुके हैं। विदेशी लोग लालन-पालन कर रहे हैं। यह अपने अनाथ होने की कहानी पूरी तरह भूल चुके हैं। गोद लेने वाले दंपति को ही अपने माता-पिता मानते हैं।

मोहल्ला अंगूरी बाग स्थित शिशु सदन। ● अमृत विचार

● इटली, फ्रांस, जर्सी, दुबई के दंपति रामपुर से बच्चों को ले रहे गोद

इन स्थानों पर गोद दिए गए हैं बच्चे

वर्ष 2017 से स्पेन, फ्रांस, यूएसए, जर्सी, डेविडसन काउटी, इटली, दुबई, सहित काफी स्थानों से आए दंपति शिशुओं को गोद ले चुके हैं। इनमें कई कन्या भी शामिल हैं। विदेशी दंपति बेटियों को गोद लेना ज्यादा पंसद करते हैं। माना जा रहा है कि जुलाई में एक बच्चा कनाडा जाएगा। इसे लेकर तैयारी चल रही है।

कारा के माध्यम से ऑनलाइन होता है बच्चों के लिए आवेदन

कारा (केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण) के माध्यम से अनाथ बच्चों को गोद लेने के लिए विदेशी लोगों द्वारा आवेदन किया जाता है। इसके बाद सारी प्रकिया आफा नामक एसेंजी बच्चों को गोद लेने के लिए आवेदन करने वाले विदेशी दंपति की जांच करने के बाद अधिकारियों को अवगत कराती है। इसके बाद ही शिशु सदन से विदेशी दंपति बच्चों को ले जाते हैं।

विदेशी दंपति को खर्च करने होते हैं पांच लाख रुपये

प्रदेश भर में किसी भी शिशु सदन से बच्चा गोद लेने के लिए 50 हजार रुपये तक खर्च होते हैं। विदेशी दंपति कारा के माध्यम से आवेदन करते हैं तो उनके पांच हजार डालर के यानी चार से पांच लाख रुपये खर्च होते हैं। अधिवक्ता सुनील शर्मा बताते हैं कि विदेशी दंपति को भी ऑनलाइन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। उनकी प्रोफाइल के अनुसार कारा ही भारत की किसी भी संस्था या दत्तक ग्रहण इकाई से बच्चा रेफर किया जाता है। इसके बाद न्यायालय का अंतिम आदेश जारी किया जाता है। दत्तक बालक-बालिका का पासपोर्ट जन्म प्रमाण पत्र एजेंसी द्वारा बनवा कर बालक की अभिरक्षा दत्तक माता-पिता को दी जाती है। इसके बाद दो वर्ष तक उस बालक की अनुवर्तन अर्थात फॉलोअप कागजी कार्रवाई आफा से मिलकर कारा को दी जाती है।

फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में योग करते लोग। ● अमृत विचार

स्वस्थ शरीर में ही निवास करता है स्वस्थ मस्तिष्क

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : फिजिकल कॉलेज के मैदान में रविवार को योगा में प्रार्थना, चालन क्रियायें, आसन, प्राणायाम एवं शांति पाठ का अभ्यास कराया गया। रविवार को तीन दिवसीय फिटनेस शिविर का समापन हो गया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में तीन दिवसीय फिटनेस एवं खेल चेतना शिविर के अंतिम दिन खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकाल का अभ्यास फिजिकल कॉलेज के स्टेडियम में कराया गया। शिविर के अंतिम दिन क्रीड़ा भारती के विभाग संयोजक तुषार शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, निखिल कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष दिवाकर गौड़, डायट प्रवक्ता संजय कुमार, जिलेश कुमार, राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी डॉ. अनूप कुमार सिंह, कमल रस्तोगी, विजय, दिव्या कश्यप, आकांक्षा, लक्ष्मी, मेघा ठाकुर, पूजा सैनी, महक ठाकुर, स्वाति, अंशु रानी, राजीव एवं अन्य योग साधको ने योगाभ्यास किया। क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष ने सभी का आभार जताया।

1740 उपभोक्ताओं ने जमा किए 3.28 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● बकाया जमा करने की अंतिम तिथि थी 30 जून

● अभी भी किसानों पर बिजली विभाग के 16 करोड़ रुपये शेष

अमृत विचार : निजी नलकूप संयोजन एक मुश्त समाधान योजना के तहत 30 जून को 1740 उपभोक्ताओं ने 3.28 करोड़ रुपये जमा किए। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार ओटीएस योजना की तिथि 30 जून थी। तिथि आगे बढ़ने का अभी तक कोई आदेश नहीं आया है।

एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप संयोजन श्रेणी एलएमवी-5 के बिल माफी के लिए विभाग द्वारा एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) शुरू की थी। इस योजना में 9,263 उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया है।

इन पर 21 करोड़ रुपये का बकाया है। 24 जून तक 1324 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराकर 2,54,53,000 रुपये का बकाया जमा किया था। बकाया जमा कराने के लिए अधिकारियों ने सख्ती की तो 30 जून को 1740 उपभोक्ताओं ने 3.28 करोड़ का बकाया जमा किया है। अभी भी 16 करोड़ रुपये का किसानों पर बकाया है।

रविवार को शहरी, स्वार-टांडा, बिलासपुर और मिलक-शाहबाद में संबंधित एक्सईएन-एसडीओ के कार्यालय खुले रहे। अधीक्षण अभियंता वीके आर्य ने बताया कि ओटीएस योजना के तहत रविवार को जनपद में 1740 उपभोक्ताओं ने 3.28 करोड़ रुपये जमा किए हैं।

पांच लाख की चोरी के मामले में जांच शुरू

सैदनगर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में दो घरों में हुई पांच लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के हरैटा गांव में परिजनों की नींद का फायदा उठाते हुए चोरों ने शुक्रवार की रात को दो घरों से लगभग पांच लाख रुपये और जेवर आदि साफ कर दिया था। सबसे पहले चोरों ने गांव निवासी मुस्तकीम के घर को निशाना बनाया था। नकब लगाकर घर में घुसे चोर नकदी व जेवर चुराकर ले गए थे। इसके बाद चोरों ने गांव के ही साजिद के घर को निशाना बनाया था। साजिद के घर में भी कूमल लगा दिया था। चोर दोनों घरों से करीब पांच लाख रुपये का माल समेट कर ले गए थे। पीड़ितों ने पुलिस को घटना की तहरीर दी थी। पुलिस बिना रिपोर्ट दर्ज किए ही जांच कर रही है।

डायरिया के 30 रोगियों को कराया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रविवार को जिला अस्पताल की ओपीडी बंद होने पर इमरजेंसी वार्ड में रोगियों को चिकित्सकों ने परामर्श दिया। सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक 100 रोगियों में से 30 में डायरिया के लक्षण मिले। उन्हें डायरिया वार्ड में भर्ती कराया गया। डॉ. ओपी राय ने बताया कि मौसम में बदलाव से लोगों में उल्टी, दस्त होने पर मरीजों के शरीर में पानी की कमी होने की शिकायत मिली है।

गर्मी में फास्ट फूड लोगों को बीमार कर रहा है। इसे खाने से लोग पेट दर्द से परेशान हो रहे हैं और डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। मोटापा समेत अन्य परेशानी भी बढ़ रहीं हैं। जिला चिकित्सालय से लेकर प्राइवेट अस्पतालों की ओपीडी में डायरिया व गलत खानपान से हुई परेशानियों से जूझ रहे मरीजों की संख्या बढ़ी है। चिकित्सक मरीजों को फास्ट फूड व बाहर का खाना न खाने की सलाह दे रहे हैं।

रविवार को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में बैठे डॉ. ओपी राय ने सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक 100 रोगियों को देखा। इनमें ज्यादातर रोगियों उल्टी, दस्त की शिकायत मिली। 30 रोगियों को डायरिया वार्ड में भर्ती कराया।

जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती रोगी। ● अमृत विचार

जंक फूड का न करें सेवन

जनरल फिजिशियन डॉ. दशरथ सिंह ने बताया कि जंक फूड का सेवन न करें। गर्मी में सॉफ्ट ड्रिंक के बजाए नींबू पानी, छाछ, दही, आम का पना, शिकंजी, बेल का शर्बत, खरबूजा और खीरा का प्रयोग अधिक करें। जंक फूड बहुत ही तैलीय और उच्च कैलोरी वाला होता है। इसमें पोषक तत्वों की मात्रा बहुत कम होती है। इसमें अधिक मात्रा में शुगर, सॉल्ट और उच्च कैलोरी पाई जाती है। जो स्वास्थ्य के लिए काफी नुकसानदेह होता है।

जन आरोग्य मेले में किया 2249 रोगियों का इलाज

रामपुर, अमृत विचार : जनपद में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित जन आरोग्य मेले में 2249 रोगियों को चिकित्सकों ने उपचार दिया।

रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 940 पुरुष, 1004 महिलाओं और 305 बच्चों को उपचार दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.एसपी सिंह ने बताया कि पांच सामुदायिक व अर्बन समेत 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मेले का आयोजन किया गया। मेले में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ को लगाया गया था। इस दौरान सभी केंद्रों पर आयोजित मेले में उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन, रक्तचाप, के सबसे ज्यादा रोगी पहुंचे। केंद्रों पर तैनात चिकित्सक और पेरामेडिकल स्टॉफ ने रोगियों से भीषण गर्मी में एहतियात बरतने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्हें जंक फूड का सेवन न करने को कहा।

मन की बात कार्यक्रम सुनते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व अन्य।

लोगों के साथ कार्यक्रम सुनते भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू

भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● जिले में 1250 बूथों पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम

अमृत विचार : तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद मन की बात का कार्यक्रम फिर से शुरू हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 111वां एपिसोड जिले में 1250 बूथों पर सुना गया।

सभी विधानसभा में योजना के तहत छोटे-छोटे कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न बूथों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को संबोधित करते हुए संस्कृति और विकसित भारत बनाने की बात कही। उनके द्वारा चलाए गए अभियान एक वृक्ष मेरी मां के नाम के विषय में चर्चा की। समस्त देशवासियों से भी आग्रह किया कि वह ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं और पर्यावरण को बचाने में साथ दें।

केरला के करतुंभी छाते, तुर्केमिस्तान में गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर की प्रतिमा, विदेश में भारत की संस्कृति की बढ़ती पकड़, 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में सहभागिता की और अपना अनुभव जनता के बीच रखा।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ पीआरकी कॉफी (जिसे अवार्ड भी मिला है) उन्होंने उसकी भी चर्चा की। जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने नगर विधानसभा के 215 बूथ पर, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने बिलासपुर विधानसभा के 81 बूथ पर कार्यक्रम सुना।

प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते विधायक आकाश सक्सेना व अन्य। ● अमृत विचार

देश की संस्कृति का विश्व में हो रहा गौरवगानः आकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की संस्कृति का गौरवगान हो रहा है। वह रामपुर सेवक कार्यालय पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुन रहे थे। विधायक ने कहा कि आने वाले पांच साल भारत के होंगे। देश तेजी से विकसित राष्ट्र की दिशा में कदम बढ़ाएगा।

मन की बात कार्यक्रम के 111वें ऐपिसोड को भाजपाइयों ने सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग, ओलंपिक के साथ पर्यावरण और मौसम के बारे में बताया। इस मौके पर शहर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस बार मन की बात कार्यक्रम के जरिए यह आभास करा दिया कि विकास की मूल धारणा प्रकृति के संरक्षण से है।

भाकियू में महिला किसानों की बढ़ेगी भागेदारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि भाकियू में महिला किसानों की भागेदारी बढ़ाई जाएगी। इसके लिए गांव-गाव सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष ने अभियान की रूपरेखा तैयार की है।

भाकियू (टिकैत) के प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश और मंडल के किसानों की पंचायत हुई। प्रदेशाध्यक्ष बब्ली सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की मजबूती को लेकर काम करें। संगठन में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाए। इसके लिए गांव-गांव अभियान चलेगा। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि रीयल टाइम खतौनियों के अपलोड करने में गड़बड़ी की गई है। किसानों के खाते भी बदल दिए गए। जमीनों की हिस्सेदारी में भी फेरबदल कर दिया। इससे किसानों के सामने दिक्कत आ रही है। उन्होंने समस्या का समाधान कराने की मांग की।

पंचायत को संबोधित करतीं महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष बब्ली सिंह। ● अमृत विचार

● संगठन में अधिक से अधिक जोड़ी जाएंगी महिला किसान

पंचायत में मेरठ मंडल के प्रवक्ता दिनेश त्यागी, मेरठ मंडल के युवा अध्यक्ष जीते चौहान, महासचिव सेवाराम चौहान, बादल प्रधान, कपिल चौहान, टैटू प्रधान, प्रिंस चौहान, दिले सिंह चौहान, जुबैद आलम, नदीम खां, शाने आलम, गुलाम मोहम्मद, रामोतार, नल सिंह यादव, साबिर अली, फहद हसीब आदि मौजूद रहे।

तैयारी रात में अंधेरा रहने की वजह से लोगों को आने-जाने में होती है दिक्कत

रोशनी से नहाएगा बरेली गेट, लगेंगी 20 स्ट्रीट लाइटें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के पथ प्रकाश विभाग की ओर से मौलवी साहब की जियारत से बरेली गेट, घंटा घर तक 20 स्ट्रीट लाइटें लगेंगी। लाइट लगाने के लिए विभाग ने पोल लगवा दिए हैं। इसके बाद बरेली गेट रोड जगमग हो जाएगा। इसके अलावा शहर में जहां-जहां लाइटें खराब हैं उन्हें भी जल्द ही सही कराया जाएगा।

मौलवी साहब की जियारत से लेकर बरेली गेट की सड़क काफी खस्ताहाल है। जगह-जगह से सड़क उखड़ गई। बरसात का पानी गड्ढों में भर जाता है। लोकसभा चुनाव से पहले हुई बोर्ड की बैठक में शहर की 352 सड़कों की हालत सुधारने का प्रस्ताव पारित हुआ था। इसमें इस सड़क को भी शामिल किया गया था। इस सड़क पर पहले गड्ढों को भरवाकर समतल कराया जाएगा। उसके बाद नए सिरे से सड़क डाली जाएगी। लेकिन इससे पहले मौलवी साहब की जियारत से लेकर बरेली गेट घंटा घर तक 20 स्ट्रीट लाइटें लगेंगी।

लाइट लगाने के लिए पालिका के पथ प्रकाश विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गईं है। लाइट नहीं होने की वजह से यहां रात में अंधेरा रहता है। इससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती हैं। इस समस्या को दूर कराने के लिए वार्ड 36 के सभासद मोहम्मद जफर ने पालिकाध्यक्ष व ईओ को पत्र दिया था। पालिका प्रशासन ने जनहित की समस्या को ध्यान में रखते हुए स्ट्रीट लाइटें लगवाने का निर्णय लिया है।

बरेली गेट स्थित लाइटों के लिए लगवाए गए पोल। ● अमृत विचार

कूड़ा डालने वालों पर होगी कार्रवाई

बरेली गेट के निकट घंटाघर के पास पालिका का नाला है। यह चीनी मिल रोड होते रोडवेज की ओर जा रहा है। घंटा घर के पास कूड़ा घर है। आसपास के लोग कूड़ा फेंकते हैं। अब पालिका ने स्ट्रीट लाइट लगवाने का निर्णय लिया है। जब इस रोड पर लाइटें लगेगी तो जाहिर है कि कूड़ा नहीं डाला जाएगा। यहां पालिका प्रशासन की ओर से कैमरे भी लगेंगे। कूड़ा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मौलवी साहब की जियारत से बरेली गेट घंटा घर तक 20 स्ट्रीट लाइटें लगेंगी। इसके लिए पोल लग गए है। इसके अलावा इस रोड की हालत सुधारी जाएगी।
-दुर्गेश्वर त्रिपाठी
ईओ, नगर पालिका परिषद

बिजलीकर्मियों ने निकाला कैंडल मार्च

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● कर्मचारियों के साथ अपनाया जा रहा है भेदभावपूर्ण रवैया

● महिला कर्मचारियों को नहीं दिया जा रहा मातृत्व अवकाश

अमृत विचार : ठेका-निविदा कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर गांधी समाधि तक कैंडल मार्च निकाला। जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के साथ भेदभाव का रवैया अपनाया जा रहा है। ऊर्जामंत्री के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को वापस नहीं लिया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारी नवाबगेट बिजलीघर पहुंचे। इसके बाद गांधी समाधि तक कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। इसमें जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि घायल कर्मचारी का कैशलेस उपचार नहीं कराया जा रहा है।

विभागीय काम करते हुए अपंग हुए कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति नहीं दी जा रही है। ईपीएफ घोटाले की जांच नहीं कराई जा रही है। इसके अलावा कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में जमा नहीं करायी जा रही है। महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश नहीं दिया जा रहा है।

कैंडल मार्च निकालने वालों में राकेश चंद शर्मा, मोहम्मद रफीक, शान, नीरज कुमार, अब्दुल फरीद, विजय कुमार, प्रदीप शर्मा, चंदन सिंह, रमेश कुमार, नूर नबी, इमरान, ऐश्वर्या प्रसाद आदि शामिल रहे।

कैंडल मार्च निकालते जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

होर्डिंग और फ्लैक्स दे रहे हादसों को न्योता

रामपुर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की मिलीभगत के चलते बड़े-बड़े होर्डिंग व फ्लैक्स लगे है। इन्हें हटवाने की बजाए मकान स्वामियों को खुली छूट दी जा रही है। इनसे हादसों का अंदेशा बना है।

शाहबाद गेट, बाजार नसरूल्लाह खां, मालगोदाम, बिलासपुर गेट स्थित फ्लैक्स लगे हैं। इस मौसम में आंधी चलती रहती हैं। इससे कभी भी यह उखड़ सकते हैं और कोई हादसा हो सकता है। पिछले दिनों पालिका के कर विभाग के अधिकारियों ने मकानों की छतों पर लगे होर्डिंग और फ्लैक्स को उतरवाने के आदेश दिए थे। मगर इसके बावजूद अभी तक इन्हें उतारा नहीं गया है। कर विभाग के राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि इन लोगों को नोटिस दिए जा चुके हैं।

Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
AIR 6 KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
AIR 7 BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
AIR 8 DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
NEET (UG) Top Rankers
AIR 13 VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
AIR 27 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
AIR 60 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

आज का मौसम

आसमान में बादल छाए रहेंगे। वर्षा होने का अनुमान है।

34.0⁰	27.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:19	सूर्यास्त 07:16

एक नजर

युवती का अपहरण कर ले गया युवक, रिपोर्ट

टांडा, अमृत विचार : कोतवाली के एक गांव निवासी युवक गांव की ही युवती का उसके घर अपरहण करके ले गया। युवती के पिता ने आरोपी के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी एवं युवती को बरामद करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। कोतवाली के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम गांव का ही गौरव उनकी बेटी घर से भगा कर ले गया। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने पर भी लड़की बरामद न हो सकी। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी एवं युवती की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी व युवती की बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

वेल्डिंग मिस्त्री की पीट-पीटकर हत्या

मोबाइल पर वीडियो देखने को लेकर हुआ विवाद, पुलिस ने दर्ज की चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : रंजिश के चलते दबंगों ने वेल्डिंग मिस्त्री की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इससे वेल्डिंग मिस्त्री के घर में कोहराम मच गया। घायलावस्था में वेल्डिंग मिस्त्री को सीएचसी में भर्ती कराया गया लेकिन, चिकित्सक ने मिस्त्री की हालत नाजुक देख बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे उत्तराखंड के काशीपुर ले जा रहे थे लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जिला अस्पताल में बैठे समद के गमजदा रिश्तेदार। ● अमृत विचार

मृतक के पिता व बड़ा भाई पूना में करते हैं मजदूरी

पठानों वाला मझरा निवासी जफर काफी समय से अपने बड़े बेटे के साथ पूना में मजदूरी करते हैं। उनका छोटा बेटा समद चाचा के साथ दो साल से स्वार में वेल्डिंग का काम कर रहा था। एक वीडियो देखने को लेकर विवाद में 17 साल के लड़के की कुछ लोगों ने जान ले ली। उसे इतना पीटा कि काशीपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद पिता और मृतक का बड़ा भाई पूना से टांडा के लिए रवाना हो गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में शव घर पहुंचने पर मां का रो-रोकर बुरा हो गया।

घटना नगर के मोहल्ला रसूलपुर सरकारी बाग नई बस्ती की है। कोतवाली के गांव पठानों वाला मझरा निवासी 17 वर्षीय समद पुत्र जफर खां दो वर्ष पूर्व नगर के मोहल्ला रसूलपुर में किराए पर रहकर वेल्डिंग की दुकान पर काम करता था। समद और मोहल्ले का ही छोटे दोस्त है। तीन दिन पूर्व मोबाइल फोन पर वीडियो देखते समय उनमें कहासुनी हो गई थी। इस पर छोटे उससे रंजिश रखने लगा। शनिवार की रात लगभग नौ बजे मोहल्ले की दुकान पर समद अपने चाचा तस्लीम के साथ चाय पी रहा था। तभी दुकान पर बैठे छोटे और समद में कहासुनी होने लगी। इस बीच छोटे के भाई आ गए और समद को बुरी तरह पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने घायल की हालत नाजुक बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को बेहतर उपचार के लिए उत्तराखंड के काशीपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही समद की मौत हो गई।

देर रात पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, सीओ अतुल कुमार पांडेय ने घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी ली। कोतवाल संदीप त्यागी को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने मृतक के चाचा की तहरीर पर छोटे, नवाबुल, भूरा, नामे अली के खिलाफ धारा 304, 506 में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> **-संदीप त्यागी**, कोतवाली प्रभारी

महिला के बैग से दस लाख के जेवरात उड़ाए

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : शाहबाद में ई-रिक्शा में महिला के साथ सवार हुए उचक्कों ने दिनदहाड़े महिला के बैग से दस लाख रुपये के जेवर निकाल लिए। छीनाझपटी कर गिरोह का एक सदस्य सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गया। महिला के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने पांच लोगों को दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पैगम्बरपुर निवासी राजू सीआइएसएफ में जवान है। राजू के मुताबिक उनकी पत्नी ममता मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा के गांव गंझेड़ा आलम स्थित मायके में रहती हैं। उनके भांजे की शादी में शामिल होने के लिए उसकी पत्नी रविवार की सुबह मायके से ससुराल जाने के लिए निकली थीं। शाहबाद तक बस से आने के बाद गांव जाने के लिए वह चंदौसी तिराहे से ई-रिक्शा में सवार हो गईं।

घटना की जानकारी देता सीआइएसएफ का जवान राजू। ● अमृत विचार

राजू के अनुसार चंदौसी तिराहे से ही कुछ उचक्के भी ई-रिक्शा में सवार हो गए। इनमें दो पुरुष, तीन महिला व एक किशोरी शामिल थी। भीड़ का बहाना कर आरोपियों ने उसका बैग ई-रिक्शा की छत पर रखवा दिया। इस बीच पीछे बैठे दो आरोपियों ने रिक्शा की छत पर रखे बैग की चेन काटनी शुरू की। शक होने पर महिला ने एक आरोपी को दबोच लिया और शोर मचा दिया। पकड़े गए आरोपी के हाथ में महिला के जेवरात थे। इन्हें लेकर उसकी आरोपी से छीना झपटी भी हुई, लेकिन वह अपने साथियों की मदद से जेवर लेकर फरार हो गया।

महिला के शोर मचाने पर एकत्र हुए ग्रामीणों पांच लोगों को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांचों आरोपियों को हिरासत में लिया है। राजू के मुताबिक बैग में दो नेकलेस, टीका, नथुनी, चार चूड़ी, दो झुमके और एक कूल्हा, एक जोड़ी पाजेब, तीन जोड़ी बिछुए समेत करीब दस लाख रुपये से अधिक कीमत के जेवरात लूटकर ले गए।

> महिला ठाकुरद्वारा से ससुराल आ रही थी। जानकारी में आया है कि कुछ लोगों ने उसके बैग से जेवरात निकाल लिए। इस बीच महिला ने शोर मचा दिया। घटना में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। पकड़े गए लोगों से कुछ रिकवरी भी हुई है। रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। **-संगम कुमार**
> क्षेत्राधिकारी, शाहबाद

फर्जी बैनामा से खरीद-फरोख्त के दो आरोपी गिरफ्तार

शाहबाद, अमृत विचार : फर्जी बैनामा कराने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। ग्राम धुरियाई निवासी भाकियू नेता प्रमोद यादव ने 18 मार्च को नगर के मोहल्ला फर्रीशान निवासी रियासत, इकरार, अनवार व कबीरन पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने रविवार को रियासत और इकरार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया है।

युवती को भगाने के आरोपी के पिता को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : प्रेम-प्रसंग के चलते युवक अपने माता-पिता की मदद से युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। युवती अपने साथ घर में रखे 20 हजार रुपये और दो तोले सोने के आभूषण भी ली गई थी। पुलिस ने आरोपी के पिता को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली के एक गांव निवासी युवक का गांव की ही युवती से काफी समय से प्रेम-प्रसंग था। इसकी भनक लगने पर परिजनों ने युवती के घर से निकलने पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाबजूद युवक-युवती चोरी छिपे मिलते रहे। लगभग दो सप्ताह पूर्व युवक अपने माता-पिता की मदद से युवती को बहला फुसला कर भगा ले गया था। युवती अपने साथ घर में रखी 20 हजार रुपये व सोने के आभूषण भी ले गई थी। परिजनों ने युवती को

पुलिस की गिरफ्त में इश्तयाक।

काफी तलाश किया था, लेकिन उसका कोई पता नहीं लग सका था। युवती के परिजनों को जानकारी मिली कि गांव का ही नाजिम अपने पिता इश्तियाक व माता की मदद से उसे भगा ले गया है। पुलिस ने युवती की मां की तहरीर पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। लेकिन दो सप्ताह बाद भी पुलिस प्रेमी युगल को नहीं पकड़ सकी। रविवार को पुलिस ने आरोपी युवक के पिता इश्तयाक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

फल विक्रेता समेत दो युवकों ने फंदे से लटक कर दी जान

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला भब्बलपुरी में शनिवार की रात 22 वर्षीय युवक ने घर में ही फंदे से लटक कर जान दे दी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक फल विक्रेता था। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला भब्बलपुरी निवासी मोहम्मद फारूक का इकलौता पुत्र मसरूर (22) ठेले पर फल बेचता था। शनिवार की देर शाम वह ठेला लेकर घर आया। इसके बाद पहली मंजिल पर बने अपने कमरे में चला गया। उसकी की मां रात करीब 11 बजे खाना खाने के लिए उसके कमरे में गई। वहां का नजारा देख उसकी चीख निकल गई। कमरे के अंदर पंखे से दुपट्टे के फंदे में मसरूर का शव लटका था। महिला की चीख सुनकर अन्य परिजन तथा आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने युवक को नीचे उतारा और सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के घर में बिलखतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

घर में सबसे बड़ा था मसरूर

बड़े बेटे की मौत के बाद परिजनों रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि तीन बहनों में बड़ा होने के कारण मसरूर के कंधों पर ही पूरे परिवार को चलाने की जिम्मेदारी थी। दो छोटी बहनों की शादी हो चुकी जबकि एक बहन अविवाहित है। इकलौते बेटे की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

● टांडा थाना क्षेत्र का मामला, युवक की मौत से मचा कोहराम

> प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> **-ओमकार सिंह**
> प्रभारी निरीक्षक, टाण्डा

पालिकाध्यक्ष के पति सरफराज आलम और पूर्व अध्यक्ष के पति मकसूद लाला भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव को पुश्तैनी कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया। मोहम्मद फारूक के चार बच्चों में मसरूर इकलौता पुत्र था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवक ने फंदे पर लटक कर की आत्महत्या

बिलासपुर, अमृत विचार : मोहल्ला हुरमत नगर में 22 वर्षीय युवक ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। रोते-बिलखते परिजनों ने मृतक का सुसाइड नोट को दिखाते एक व्यक्ति के विरुद्ध कनूनी कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी जाफर हुसैन का 22 वर्षीय बेटा वाजिद हुसैन मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार वह शनिवार की शाम काम से घर लौटा। खाना खाकर चुपचाप अपने कमरे में जाकर सो गया। रविवार को परिजन वाजिद को जगाने पहुंचे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। परिजनों ने दरवाजा पीटकर उसे जगाने का प्रयास किया लेकिन, अन्दर से कोई प्रतिक्रिया न होने पर वह घबरा गए। परिजनों ने किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला। अंदर का दृश्य देख उनके होश उड़ गए। वाजिद का शव फंदे पर लटक रहा था। इससे परिवार में कोहराम मच गया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी और मोहल्लेवासी भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की और घटना से संबधित साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के परिजन जिस व्यक्ति पर रुपये न देने का आरोप लगा रहे हैं, उसकी जांच की जा रही है।

सुसाइडनोट दिखाकर की कार्रवाई की मांग : परिजनों ने आत्महत्या से पूर्व मृतक द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट को दिखाते हुए एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि मृतक के एक व्यक्ति 73,000 रुपये उधार थे। वह काफी समय से अपने पैसे वापस मांग रहा था। इसी को लेकर दोनों में काफी अनबन हो गई थी। इसी से छुब्ध होकर युवक ने आत्महत्या कर ली। कहा कि आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

विवाद दोनों पक्ष के लोग आए आमने- सामने, मौके पर पहुंची पुलिस

पसियापुर गुरुद्वारा प्रकरण में फिर आया नया मोड़

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : चर्चित गुरुद्वारा प्रकरण में फिर नया मोड़ आ गया है। कार्यवाहक सेवादार ने अब दूसरे पक्ष के हक में पलटी मार दी है। इससे एक बार फिर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने हंगामा कर रहे लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि पसियापुरा स्थित बाबा दीप सिंह गुरुदारा धार्मिक स्थल को लेकर हजारा परिवार पक्ष तथा बाबा अनूप सिंह पक्ष में काफी समय से विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों में कई बार मारपीट तक नौबत आ गई। मगर पुलिस-प्रशासन की सक्रियता के चलते विवाद की चिंगारी को हर बार शांत कर दिया जाता है। करीब दो वर्ष से चला आ रहा यह विवाद

गुरु द्वारा परिसर में पुलिस के साथ मौजूद सीओ रवि खोकर। ● अमृत विचार

न्यायालय में विचाराधीन है। बीते दिनों न्यायालय ने गुरुद्वारे के प्रबंधन के लिए देवेंद्र सिंह फौजी के पक्ष में फैसला सुनाया था। देवेंद्र सिंह फौजी उस समय बाबा अनूप सिंह के पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी कर रहे थे।

कुछ दिन पूर्व अचानक देवेंद्र सिंह फौजी ने पलटी मार दी। उन्होंने हजारा परिवार पक्ष से समझौता कर लिया था। हजारा परिवार के साथ वह लगभग दो माह तक रहे। मगर रविवार को देवेंद्र सिंह फौजी ने अचानक फिर पलटी मार ली। वह एक बार फिर बाबा अनूप सिंह पक्ष के साथ खड़े हो गए। इसके लेकर फिर से विवाद पैदा हो गया। दोनों पक्ष धार्मिक स्थल पर अपना-अपना हक जताने लगे। दोनों पक्षों में फिर से पनपे इस विवाद के चलते झगड़ा

पसियापुरा गुरुद्वारे में मत्था टेकते लोग। ● अमृत विचार

बढ़ने की आशंका सताने लगी। इस पर सीओ रवि खोखर और प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इस प्रकरण से उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए दोनों पक्षों से जिला मुख्यालय पर वार्ता करने की अपील की।

प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। वह इस मामले में कोई निर्णय नहीं कर सकते। वह केवल कानून व्यवस्था ही देख सकते हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षों को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से बात करने की सलाह दी गई है।

सड़क हादसों में महिला समेत सात लोग घायल

शाहबाद, अमृत विचार : अलग-अलग सड़क हादसों में महिला व युवतियों समेत सात लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

रविवार को जनपद पीलीभीत के पीली चौक निवासी नाजिम ई-रिक्शा से शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव जाहिदपुर स्थित ससुराल आया था। वापस जाते समय उसकी ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें वह जख्मी हो गया। वहीं, थाना भोट के पीपलसाना निवासी काजल व राधिका शाहबाद आई थीं। रविवार की दोहपर शाहबाद-ढकिया मार्ग पर वह सड़क दुर्घटना में घायल हो गईं। दूसरी ओर कोतवाली क्षेत्र के गांव भुड़ासी निवासी रामवती सड़क हादसे का शिकार हो गई। जनपद संभल के थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव दानपुर निवासी सोहन लाल भी सड़क हादसे में जख्मी हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

शहजादनगर थाने का निरीक्षण करते एसपी विद्यासागर मिश्र। ● अमृत विचार

एसपी ने किया शहजादनगर थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने शहजादनगर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई तथा महिला हेल्प डेस्क को चेक किया।

रविवार को पुलिस अधीक्षक ने शहजादनगर का निरीक्षण किया। थाना कार्यालय में निर्माणाधीन बैरिकों एवं अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर को चेक किया। इसके अलावा विवेचना रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर, फ्लाई सीट एवं उनके रख-रखाव को देखा। उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को भी चेक किया। इसके बाद बैरक, मालखाना, कम्प्यूटर कक्ष, भोजनालय, आगन्तुक कक्ष आदि की साफ-सफाई तथा महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शनिवार की रात उन्होंने केमरी थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, आदि को देखा। महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया और सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिए।

एक नजर

कार की चपेट में बाइक सवार घायल

रामपुर, अमृत विचार : स्वार रोड पर मंडी समिति के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। इसके बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइन निवासी राजेश रविवार दोपहर स्वार की ओर जा रहा था। मंडी के पास कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें राजेश घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देख आरोपी कार चालक फरार हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

पुरानी पेंशन बहाली से कर्मचारियों में खुशी

रामपुर, अमृत विचार : विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय आह्वान पर 12 से पांच बजे तक मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को ट्विटर पर लोगों ने बधाई दी। जिलाध्यक्ष जगदीश पटेल ने बताया कि 2004 से पहले के पदों पर कार्मिकों की पुरानी पेंशन बहाली का शासनादेश जारी करने पर बधाई दी। वर्ष 2005 के बाद नियुक्ति पाने वालों के लिए भी पुरानी पेंशन की बहाली की मांग की गई। ट्वीट करने वालों में जगदीश पटेल, एमपी सिंह, अस्मत खान, अर्चना त्यागी, उपासना सिंह, रविंद्र कुमार आर्य, सुधांशु सैनी, चूरामनी, हरीश कुमार, हरद्वारी लाल, प्रताप सिंह, नितिन राजपूत आदि शामिल रहे।

आजाद समाज पार्टी से जुड़े बाबर हुसैन

शाहबाद, अमृत विचार : नगर निवासी बाबर हुसैन भीम आर्मी पार्टी से जुड़े रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने भीम आर्मी से इस्तीफा दे दिया था। बाबर ने बताया कि सोमवार को उन्होंने आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी को ज्वाइन कर लिया। पार्टी के जिला अध्यक्ष ऋषि गौतम, प्रदेश सचिव इमरान अली ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। बैठक में बिट्टू, सरताज अहमद, नदीम अहमद, अरबाज, शरीफ अहमद, इरशाद आदि रहे। इस दौरान कुंदरकी उपचुनाव को लेकर भी चर्चा की गई।

रंजिश के चलते युवक को पीटा

रामपुर, अमृत विचार : थाना गंज क्षेत्र में रंजिश के चलते युवक को पीट दिया। पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना गंज क्षेत्र के केसरपुर गांव निवासी नन्हे का कहना है कि उसके गांव के ही कई लोगों से जमीन को लेकर उसकी रंजिश है। इसी के चलते आरोपी रास्ते में आते-जाते समय गाली-गलौज करते हैं। शनिवार की शाम भी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।

चार घंटे ठप रही अखाड़ा मल्ली खां की बिजली

एचटी लाइन के तार बदलने का किया गया काम, परेशान रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रजा बिजलीघर के फीडर अखाड़ा मल्ली खां की आपर्ति रविवार को सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक ठप रही। इस क्षेत्र की 11 हजार की लाइन जर्जर है। इसमें आए दिन फॉल्ट होने से आपूर्ति घंटों ठप रहती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए 11 हजार की नई लाइन बनाई जा रही है।

एक माह पहले भीषण गर्मी होने पर 11 हजार की लाइन बदलने का कार्य रोक दिया गया था। लाइन बदलने के लिए संबंधित बिजलीघरों से आपूर्ति को बंद कराना पड़ता है। इसके चलते छह से 12 घंटे आपूर्ति बाधित रहती है। आपूर्ति ठप रहने से लोगों का बुरा हाल हो जाता था। इसके लेकर व्यापार मंडल समेत विभिन्न संगठनों ने नाराजगी जताई थी। जनपद में केंद्र सरकार की ओर से 98 करोड़ और प्रदेश सरकार की ओर से 20 करोड़ के बजट वाली सुधार की योजनाओं से बिजली कार्य कराया जा रहा है। मौसम में सुधार होने पर बिजली विभाग की ओर से मरम्मत कार्य दोबारा शुरू कर दिए गए है।

नालापार क्षेत्र में बिजली के तार बदलते कर्मचारी। ● अमृत विचार

शहरी क्षेत्र में बिजली के जर्जर तार और खंभों को बदलवाने का कार्य कराया जा रहा है। इसमें खंभों की मरम्मत होनी की है वह कराई जा रही है। पूर्ण रूप से खराब खंभों को बदलवाया जा रहा है। इसी के चलते रविवार को रजा बिजलीघर के अखाड़ा मल्ली खां में 11 हजार की लाइन को बदलवाने कार्य कराया गया। इसके लिए सुबह आठ से दोपहर 12 तक आपूर्ति बाधित रही।

–इमरान खां, एक्सईएन प्रथम, नवाब गेट

रविवार को रजा बिजलीघर क्षेत्र में चार घंटे का शटडाउन लेकर 11 हजार लाइन के तार बदलवाए गए। अखाड़ा मल्ली खां, पपइया वालान और सराए कलां क्षेत्र में कार्य कराया गया। एसडीओ द्वितीय पीके सिंह ने बताया कि 11 हजार लाइन जर्जर होने पर बदलवाई गई। कार्य कराने से पहले क्षेत्र के बिजलीघर से आपूर्ति को बंद कराया गया। सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक कार्य कराया गया।

● सराय कलां की भी बंद रही आपूर्ति
बदले गए जर्जर तार व खंभे

तीन दिन तक बदली जाएगी लाइन

जेई सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि कार्य कार्यदायी संस्था मैसर्स एनसीसी के ठेकेदारों द्वारा कराया जा रहा है। इसके लिए बिजलीघर से विद्युापूर्ति को बंद कराना पड़ता है। ताकि कोई बड़ा हादसा न हो। उन्होंने बताया कि अखाड़ा मल्ली खां, पपइया वालान और सराए कलां के 11 हजार लाइन को बदलवाने का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। इसलिए लाइन को बदलवाने का कार्य तीन दिन तक चलेगा।

रामपुर पुलिस को नहीं मिला महफूज का आवास ध्वस्त कराने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/ सैफनी

अमृत विचार : मुरादाबाद पुलिस ने शनिवार की रात मूंढापांडे प्रकरण में दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। सैफनी के बैरुआ गांव निवासी महफूज भी पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ है। उसका मुरादाबाद के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बारे में उसके परिवार के लोगों से संपर्क किया तो बहन ने साफ कह दिया कि वह अब यहां नहीं आता। सीओ शाहबाद संगम कुमार ने बताया कि महफूज का हिस्ट्रीशीटर पिता इस समय में जेल में है। महफूज अपने घर नहीं आता है। उनके पास महफूज के आवास को ध्वस्त कराने का कोई आदेश नहीं आया है। बैरुआ के कुछ हिस्ट्रीशीटरों की सूची उच्च अधिकारियों द्वारा मांगी गई है।

मूंढापांडे में बुधवार की रात कुछ लोगों ने एक ग्रामीण के घर में घुसकर उसकी बेटियों का अपहरण करने का प्रयास किया था। परिजनों के विरोध करने पर आरोपियों ने पिता और भाई को गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले की गूंज लखनऊ तक पहुंची थी। इसके बाद पुलिस सतर्क हो गई थी। कई लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

डीआईजी के आदेश पर चार पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों की जांच रामपुर के एसपी विद्यासागर मिश्र को सौंपी गई है। मामला लखनऊ तक पहुंचने के बाद पुलिस लगातार आरोपियों को पकड़ रही थी।

शाहबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बैरुआ में सूना पड़ा आरोपी का घर। ● अमृत विचार

शनिवार की रात इस प्रकरण से जुड़े दो आरोपियों की घेराबंदी की गई। पुलिस मुठभेड़ में महफूज गोली लगने से घायल हो गया था। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह रामपुर जनपद के सैफनी के गांव बैरुआ का रहने वाला है। वर्तमान में वह चौड़ा खड़ंजा राजा का सहसपुर थाना बिलारी में रहता है। इस बारे में महफूज की बहन ने बताया कि वह इस घर में नहीं रहता है। अब गांव में भी नहीं आता-जाता है। परिवार के लोगों से उसकी दूरी बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया की सुनने में आया है कि उसे पुलिस ने पकड़ रखा है। ग्रामीण महफूज के बारे में कुछ भी बताने से कतराते रहे।

सैफनी में रहने वाले किसी आरोपी के घर को ध्वस्त कराने का कोई आदेश नहीं मिला है। शाहबाद के ग्राम बैरुआ में मकान ध्वस्त कराने की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसा कुछ हुआ तो जानकारी की जाएगी।

–विद्यासागर मिश्र, एसपी

सिलाई केंद्र के शुभारंभ पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

महिलाओं-छात्राओं को बनाया जा रहा हुनरमंद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में रविवार को भारत विकास परिषद की पूर्व महिला संयोजक पुष्पा गुप्ता के निवास पर छात्राओं के लिए निःशुल्क सिलाई, कढ़ाई एवं बुनाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ हुआ।

भारत विकास परिषद के जिलाध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता और जगन्नाथ चावला ने दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ किया। केंद्र संचालक पुष्पा गुप्ता ने बताया कि वह 2016 से यह केंद्र चला रही हैं। अब तक लगभग 150 छात्राएं एवं महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। लेकिन अब यह केंद्र भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा के सौजन्य से चलाया जाएगा। इस अवसर पर रवीन्द्र गुप्ता, दीपक पुंडीर, संजीव अग्रवाल, अभय शंकर अग्रवाल, श्वेता वर्मा, लक्ष्मी राठौर आदि उपस्थित रहे।

बैठक में गूंजा बच्चों की शिक्षा का मुद्दा

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा ने कहा कि शिक्षा के अभाव में उनका समाज पनप नहीं पा रहा है। पिछड़ेपन और बेरोजगारी के कारण लोग बच्चों को शिक्षित नहीं कर रहे हैं। इससे समाज तरक्की नहीं कर पा रहा है।

तुरैहा मछुआ समाज की बैठक मियागंज गांव में हुई। इसमें जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में न तो सफलता मिल पा रही है और न ही कोई अधिकार मिल रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज को शोषण से बचाने के लिए बच्चे को उच्च शिक्षित बनाएं। कहा कि समाज को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। राजनीति के साथ सामाजिक कार्यों में भी समाज का प्रतिनिधित्व होता रहे।

बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा। ● अमृत विचार

● पिछड़ेपन और बेरोजगारी के चलते बच्चों को नहीं कर पा रहे शिक्षित : कमल

युवा व जिला मंत्री राम सिंह तुरैहा ने कहा कि मछुआ समाज की तहसीलों में स्थापित कार्यकारिणी भंग की जा रही हैं। इनमें निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाते हुए कर्मठ व युवा वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। बैठक में सीपी सिंह, मोहन लाल, दौलतराम, दिनेश कुमार, मेवाराम, प्रीतम सिंह, ओम प्रकाश, दिलीप कुमार, निर्भय सिंह, अरविंद राज, ओम प्रकाश, विकास कुमार, पर्वत सिंह आदि शामिल रहे।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लैब और क्लीनिक किया सील

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक निजी अस्पताल व पैथोलॉजी लैब को सील कर दिया। इनके संचालकों को नोटिस देकर तीन दिन में आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ जिला मुख्यालय बुलाया है। टीम की छापेमारी से लैब संचालकों में हड़कंप मच गया।

शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय नोडल अधिकारी डा. केके चहल के नेतृत्व में टीम ने निजी अस्पतालों एवं पैथोलॉजी लैब पर छापेमारी की। इसकी भनक लगते ही संचालक अपने अस्पताल व लैब बंद करके फरार हो गए। टीम ने मुरादाबाद मार्ग स्थित पुराने डाकघर के पास संचालित मेडिसिटी लैब पर छापा मारा। लैब संचालक टीम को कोई वैध प्रमाण पत्र न दिखा सका। इसके

रॉयल क्लीनिक को सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

चलते नोडल अधिकारी ने लैब को सील कर दिया। इसके अलावा टीम ने भगतपुर मोड़ के सामने स्थित रॉयल क्लीनिक पर भी छापा मारा। यहां भी कोई प्रमाण पत्र न मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से अन्य लैब व क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

थाने में शांति समिति की बैठक में बोलते प्रभारी निरीक्षक। ● अमृत विचार

थाने में हुई शांति समिति की बैठक

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : कोतवाली परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें सीओ कीर्तिनिधि आनन्द ने कहा कि मोहर्रम को शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं।

तहसीलदार अविनेन्द्र कुमार शुक्ला ने मोहर्रम पर क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव पूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने मोहर्रम के मौके पर शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

इस अवसर पर अवर अभियंता विजय पाल सिंह, मौलाना जलीस अहमद, पूर्व पालिकाध्यक्ष के पति मकसूद लाला, विनोद वर्मा, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद शकील, अकील नेता, अब्दुल समद, सभासद रईस भूरा, मेराजुल इस्लाम, मोहम्मद शफीक, तस्लीम पहलवान, मोहम्मद तैयब, हाफिज मोहम्मद उमर, अहमद नबी सैफी और रईस पहलवान सहित वार्ड सभासद, ग्राम प्रधान एवं बीडीसी मेंबर तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

युवक ने भाई-भाभी की मदद से किया युवती का अपहरण

सैफनी, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक गांव की युवती का अपहरण करके ले गया। युवती के भाई ने पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन शनिवार की रात परिवार की अन्य महिलाओं के साथ बरामदे में सो रही थी। रविवार की सुबह परिजनों की आंख खुली तो उसकी बहन गायब थी। इधर-उधर तलाश करने पर उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने गांव के ही एक युवक, उसके भाई व भाभी पर अपनी बहन का अपहरण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए बहन को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हादसे के बाद कार के ऊपर गिरा बिजली का खंभा। ● अमृत विचार

पिकअप की टक्कर से बिजली के तीन खंभे हुए क्षतिग्रस्त

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : स्टेशन रोड पर अनियंत्रित पिकअप ने बिजली के खंभे को टक्कर मार दी। इसमें बिजली के तीन खंभे चकनाचूर हो गए। एक खंभा कार पर गिर गया। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। दूसरा खंभा टूटने से घर के सामने लगा एंगल छज्जे की दीवार सहित गिर गया।

हादसे के बाद एकाएक गिरे बिजली के तीन खंभों से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सड़क पर तीन खंभों के गिरने से रास्ता पूरी तरह जाम हो गया। सूचना पर पहुंची बिजली निगम की टीम ने घटना स्थल का जायजा लिया। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। बिजली के खंभे गिरने से स्टेशन रोड नई बस्ती की आपूर्ति ठप हो गई। बिजली निगम के अधिकारी आपूर्ति सुचारु करने में जुट गए हैं।

पंचायत में गूंजा कर्ज माफी का मुद्दा

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : किसान पंचायत में कर्ज माफी का मुद्दा उठाते हुए वक्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार से किसानों का कर्ज माफ करने की मांग की। इस दौरान उद्योग बंधु की बैठक की तरह ही किसान बंधु की बैठक में भी हर विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी की मांग की गई।

रविवार को भारतीय किसान यूनियन भानु की पंचायत धरम की मडैया गांव में हुई। इसमें प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि जिस दिन देश का किसान एवं मजदूर एकजुट होकर एक प्लेटफार्म पर आ जाएगा उसी दिन 24 घंटे के भीतर देश का किसान कर्ज व महंगाई से मुक्त हो जाएगा। राजनीतिक दलों ने देश के किसान व मजदूरों को जाति व धर्म में बांटकर सत्ता पर कब्जा करने

पंचायत में बोलते किसान नेता मोहम्मद हनीफ वारसी। ● अमृत विचार

● पंचायत में किसानों से किया एकजुट होने का आह्वान

का साधन बना लिया है। किसान-मजदूर ही देश की रीढ़ की हड्डी हैं। इनके बिना न देश चल सकता और न उद्योग धंधे चल सकते हैं। इसलिए किसानों को अपनी ताकत को समझते हुए एकजुट होना चाहिए।

जिला महासचिव सादिक अहमद ने कहा कि जिला प्रशासन उद्योग बंधुओं की तरह किसानों की समस्याओं का समाधान भी कराएं। जिस तरह व्यापारियों की बैठक में हर विभाग का अधिकारी मौजूद होता है, उसी तरह किसानों की पंचायत में भी हर विभाग का जिम्मेदार अधिकारी होना चाहिए।

पंचायत में सैयद जमाल, मुराद खान, जगतार सिंह, लतीफ अहमद, डा. दयाशंकर, रोशन लाल, हरचरण सिंह, राजवीर सिंह, तोताराम, सफी अहमद, आरिफ अली, शरीफ अहमद, जीत सिंह, रईस अहमद, जमुना प्रसाद, जीशान खां, हाफिज अहमद आदि मौजूद रहे।

पुलिसकर्मियों को धाराओं के बारे में जानकारी देते एपीओ। ● अमृत विचार

110 पुलिसकर्मियों को दी धाराओं की जानकारी

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस लाइन में शनिवार को गोष्ठी हुई। इसमें एपीओ ने 110 पुलिसकर्मियों को धाराओं के बारे में जानकारी दी।

पुलिस लाइन में शनिवार की रात अभियोजन अधिकारी आरके मौर्य, एपीओ केके तिवारी एवं अन्य अधिकारियों ने भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया। इसमें विभिन्न थानों व कार्यालय में तैनात 17 दरोगा, 44 मुख्य आरक्षी एवं 49 आरक्षियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आयोजन मिलक के हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी में चल रहा भारत स्काउट गाइड शिविर

कैंप फायर में दी बिना बर्तन भोजन बनाने की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भारत स्काउट गाइड के सात दिवसीय शिविर में छठे दिन रविवार को प्रतिभागियों को जीवन में स्काउटिंग की जरूरत और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जरूरी जानकारी दी गई। कैंप फायर में बिना बर्तन के भोजन बनाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी टोलियों के सदस्यों ने विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मिलक के हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी में भारत स्काउट गाइड के शिविर का आयोजन 24 जून से हो रहा है। इसमें मंडल के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। प्रादेशिक मुख्य आयुक्त प्रभात कुमार ने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्काउटिंग को शिक्षा का अनिवार्य अंग मानते हुए शिक्षिकाओं के लिए बेसिक कोर्स गाइड कैप्टन का प्रशिक्षण मंडल स्तर पर आयोजित किया गया है। छठे दिवस के प्रशिक्षण में गाइडस कैप्टन को-लीडर ऑफ कोर्स दपिन्दर कौर एवं निगहत परवीन ने रस्सी की गांठें बंधन, पुल बनाना, टेंट बनाना, हस्तकला, एसटीए कैंप फायर, बिना बर्तन खाना बनाना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला प्रशिक्षक आयुक्त ने प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा, पट्टी बांधना, स्ट्रेचर बनाने का प्रशिक्षण दिया।

नरवंत कौर ने जीवन में स्काउटिंग की जरूरत और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी। तीन किलोमीटर की पैदल हाइक (भ्रमण) की। शाम को ग्रांड कैंप फायर का आयोजन किया गया। इसके सभी टोलियों के सदस्यों ने विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ग्रांड कैंप फायर में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार का स्वागत किया गया। इस मौके पर सितारा त्यागी मौजूद रहीं।

स्काउट गाइड शिविर में रैली निकालतीं प्रतिभागी। ● अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक ने किया साइबर थाने का निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने पुलिस कन्ट्रोल रूम, डायल 112 कार्यालय, एसओजी कार्यालय, इन्टीग्रेटेड सर्विलांस सेल और साइबर थाने का निरीक्षण किया।

रविवार की रात पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कन्ट्रोल रूम, डायल 112 कार्यालय, एसओजी कार्यालय, इन्टीग्रेटेड सर्विलांस सेल, साइबर थाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित दस्तावेजों का रख-रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चेक किया।

इस दौरान उन्होंने इन्टीग्रेटेड सर्विलांस सेल में निगरानी के लिए जिले में विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लिया। साफ-सफाई आदि को चेक किया और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

सत्संग में प्रवचन देतीं शोभा आहूजा। ● अमृत विचार

एक को जानो, एक को मानो और एक हो जाओ : शोभा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्रवचन देते हुए शोभा आहूजा ने कहा कि संत निरंकारी मिशन एक को जानो, एक को मानो और एक हो जाओ की विचारधारा में विश्वास रखता है। हम सब एक परमपिता की संतान हैं। किसी भी नाम से याद करें परमात्मा एक है और सर्वव्यापी है।

पनवड़िया स्थित मैदान में संत निरंकारी सत्संग का रविवार को आयोजन हुआ। इसमें शोभा आहूजा ने कहा कि एक पिता के हम बालक अपने विभिन्न जाति, धर्म, ऊंच-नीच के भाव से ऊपर उठकर सम्पूर्ण मानव जाति को एक परिवार मानते हैं। एक को माने, एक को जाने और एक हो जाएं। सत्संग में ओम प्रकाश आहूजा, चुन्नी लाल, शेर सिंह, सुशील जौहरी, मीनू, निशि ने भी अपने भाव प्रकट किए। सत्संग के अंतिम सत्र में स्थानीय शाखा के मुखी राधेश्याम ने सबके कल्याण की कामना की। सत्संग कार्यक्रम में मंच संचालन समदिशा ने किया।

एक नजर

ट्रैफिक पुलिस ने 20 वाहनों के काटे चालान

रामपुर, अमृत विचार : ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को अभियान चलाकर 20 वाहनों के चालान काटे। इससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। शहर में बिना हेलमेट के युवक धड़ल्ले से दो पहिया वाहन दौड़ा रहे हैं। इससे हादसों का अंदेशा रहता है। इसके चलते पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इस पर ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को चेकिंग अभियान चलाया। इसमें बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चला रहे 20 लोगों के चालान काटे। पुलिस को देख तमाम लोग दूसरी गली से होकर गुजर गए।

एसई वीके आर्य का बनारस हुआ तबादला

रामपुर, अमृत विचार : बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता वीके आर्य का प्रबंध निदेशक के निर्देशानुसार बनारस तबादला हुआ है। इनके स्थान पर विद्युत नगरीय वितरण मंडल गाजियाबाद के महफूज आलम को जनपद का चार्ज मिला है। वीके आर्य ने नवंबर 2023 में जनपद की कमान संभाली थी। उनका जनपद में सात माह का कार्यकाल रहा। यह आदेश 30 जून को अधीक्षण अभियंता तक पहुंच गया है। इसके अलावा कई एक्सईएन और एसडीओ के कार्य क्षेत्र बदलने के भी चर्चा है।

अमृत विचार समूह के अधिवेशन में तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता के दम पर पाठकों के दिल में उतरने का संकल्प

राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए दिल्ली में कदम रखने की तैयारी

- प्रिंट मीडिया की अहमियत बरकरार, पाठकों के फीडबैक के मुताबिक खुद को ढालें : डॉ. केशव
- प्रसार बढ़ाने के लक्ष्य तय करेंगे ब्रांडिंग की योजनाओं पर भी रहेगा फोकस : डॉ. अशोक
- आगे और तेज प्रगति की जरूरत संपादकीय विभाग निभाए प्रमुख भूमिका : शंभूदयाल वाजपेयी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

बरेली में अमृत विचार ग्रुप के सम्मानित हुए सहयोगियों के साथ चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल व डॉ. वरुण अग्रवाल। ● अमृत विचार

अमृत विचार : अमृत विचार समूह के वार्षिक अधिवेशन में रविवार को तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता का संकल्प लेने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए जल्द देश की राजधानी दिल्ली से भी संस्करण शुरू करने पर विचार किया गया। समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने गुणवत्ता के साथ पाठकों के लिए समर्पित अखबार निकालने पर जोर दिया तो समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आगे का सफर और तेजी से तय करने की प्रतिबद्धता जताई।

रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में हुए अधिवेशन में डॉ. केशव ने कहा कि अखबार को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया की अहमियत कभी कम नहीं हो सकती क्योंकि अखबार एक स्थाई दस्तावेज है। अखबार जैसी विश्वसनीयता और उसे पढ़ने जैसा एहसास किसी डिजिटल प्लेटफार्म से हासिल नहीं हो सकता। समय की कमी की वजह से लोग डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़े तो हैं लेकिन उस पर ज्यादा भरोसा नहीं करते। उन्होंने कहा कि एक बेहतर अखबार बनने के लिए पाठकों से लगातार फीडबैक लेना और उसके अनुरूप खुद को ढालने से सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने अमृत विचार के विस्तार पर चर्चा के बीच समूह की कार्यप्रणाली को तकनीकी तौर पर दुरुस्त करने को कहा।

वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल ने अमृत विचार के प्रसार और ब्रांडिंग की योजनाओं पर विचार करने के साथ उसे पूरी तरह त्रुटिरहित और विश्वसनीय बनाने पर फोकस करने को कहा। उन्होंने समूह में अलग-अलग स्तर पर समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने कहा कि अमृत विचार ने कोरोना के दौर में संघर्षशील शुरुआत के बाद बहुत तेजी से विशिष्ट पहचान हासिल की है लेकिन अब और तेजी की जरूरत है।

लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रसार, विज्ञापन और संपादकीय तीनों विभागों का समन्वय जरूरी है लेकिन प्रमुख भूमिका संपादकीय को ही निभानी है। उन्होंने कहा कि अमृत विचार ने जो इतिहास रचा है, उसके पीछे सहयोगियों की मेहनत तो है ही, लेकिन प्रबंधन का जज्बा भी बेमिसाल है। इसका एहसास करते हुए नए संकल्पों को आत्मसात करने की जरूरत है।

डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कहा कि अमृत विचार एक सामूहिक प्रयास है और हम लोग परिवार हैं। इसे कैसे और आगे ले जाया जाए, इसके लिए लक्ष्य तय किए जाने चाहिए। डायरेक्टर डॉ. वरुण अग्रवाल ने एकाउंट्स की तकनीकी दिक्कतों के बारे में चर्चा की और कई सुझाव रखे। समूह के कार्यकारी संपादक नवीन गुप्ता ने कहा कि संपादकीय विभाग का फोकस नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर रहेगा। लखनऊ के विज्ञापन प्रबंधक आरपी सिंह ने कहा कि अब अगली मंजिल दिल्ली में स्थापित होने के साथ तेजी से और नए संस्करण शुरू करने की होनी चाहिए। फीचर संपादक पूजन प्रियदर्शी ने अमृत विचार के अब तक की यात्रा के बारे में बताया।

अधिवेशन में ये भी रहे मौजूद

अधिवेशन में बरेली से डिप्टी जनरल मैनेजर अनिरुद्ध त्यागी, सिटी इंचार्ज अनूप शर्मा, डिजिटल इंचार्ज अतीक अहमद, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग नवीन खाती, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग आशुतोष शर्मा, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता, अयोध्या के एडिटोरियल हेड विवेक सक्सेना, लखनऊ के एडिटोरियल हेड अनिल त्रिगुणायत, जीएम त्रिनाथ शुक्ला, डिजिटल हेड वीरेंद्र पांडेय, डिप्टी न्यूज एडिटर ऋषिकांत यादव, सिटी इंचार्ज सुनील मिश्रा, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग अजीत सरीन, हल्द्वानी से एडिटोरियल हेड अरविंद मलिक और सरकुलेशन अजय सक्सेना, कानपुर से मार्केटिंग मैनेजर राजेश श्रीवास्तव, सरकुलेशन मैनेजर जितेंद्र गुप्ता, आईटी और डिजिटल प्रभारी वैभव शुक्ला, मुरादाबाद से मार्केटिंग मैनेजर राहुल शर्मा, सर्कुलेशन मैनेजर अभयवीर गुप्ता और सिटी इंचार्ज विद्याकांत शुक्ला ने हिस्सा लिया।

सेवा और समर्पण को सम्मान

अमृत विचार समूह की ओर से विशिष्ट सेवाओं के लिए कई सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इनमें लखनऊ के मैनेजर मार्केटिंग आरपी सिंह, इलेक्ट्रिकल मैनेजर श्रीश चंद्र शर्मा, सिद्धार्थनगर के ब्यूरो इंचार्ज सुनील मिश्रा, कानपुर के एडिटोरियल हेड दिग्विजय सिंह, हल्द्वानी की असिस्टेंट मैनेजर रीता मटियाली, नैनीताल के स्पेशल रिपोर्टर चंदन आर्या उर्फ बबलू चंद्रा, बरेली के डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग चंदन यादव और सरिता मौर्य, चीफ अकाउंटेंट वानिया इरशाद और सर्कुलेशन विभाग के एग्जीक्यूटिव कृष्ण कुमार शर्मा शामिल थे। इन्हें चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, समूह संपादक शंभूदयाल वाजपेयी, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल और डॉ. वरुण अग्रवाल ने प्रशस्तिपत्र के साथ पुरस्कार दिया।

धौरी, बैगुल, चौगजा, रेवती नदियों का हो रहा जीर्णोद्धार

जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में चल रहा अभियान, पर्यावरण और फसलों को मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

बिलासपुर में बहती धौरी नदी। ● अमृत विचार

रेवती नदी के जीर्णोद्धार के लिए काम करते मजदूर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिले की धौरी, बैगुल, सैंजनी, बहल्ला, चौगजा और रेवती नदियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। नदियों के कलकल बहने से पर्यावरण और फसलों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा नदियों और नहरों की भूमि से कब्जे भी खत्म हो जाएंगे। नदियों को संवारने के लिए जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है।

पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय जीवन को समृद्ध करने की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास न केवल जल संसाधनों की बहाली के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि कृषि, पशुपालन और लोगों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है। सहायक अभियंता लघु सिंचाई जितेंद्र सैनी ने बताया कि जिले की प्रमुख नदियां रामगंगा और कोसी कुछ वर्षों में अल्पवर्षा और अत्यधिक प्रदूषण के कारण गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं। नदियों का जल स्तर व जलधारण क्षमता घट गई है और जल की गुणवत्ता भी बहुत खराब हो गई है। इस संकट को समझते हुए प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों ने मिलकर नदियों के पुनर्जीवन के लिए व्यापक योजना बनाई है। सबसे पहले नदियों के प्रवाह को पुनर्जीवित करने के लिए इन नदियों एवं उनकी सहायक नदियों के साथ अनेक छोटे-बड़े बरसाती नालों की सफाई की जा रही है। ताकि अधिक से अधिक वर्षा का जल प्रमुख नदियों तक पहुंच सके। नदियों के किनारों पर अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है। इसके अलावा, नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके।

सैदनगर से प्रवाहित होती है चौगजा

चौगजा नदी विकास खंड सैदनगर से प्रवाहित होती है। कोसी नदी की सहायक नदी है। इसकी लम्बाई तीन किमी है। मनरेगा द्वारा डिसिल्टिंग कार्य, किनारों की साफ-सफाई, वाटरशेड डेवलपमेंट एवं पौधरोपण आदि कराए जा रहे हैं। बहल्ला नदी भी विकास खंड सैदनगर से प्रवाहित होती है एवं कोसी नदी की अन्य सहायक नदी है। ग्राम पंचायत बैजना में बहल्ला नदी में एनजीओ आर्ट ऑफ लिविंग एवं इंडस्ट्री रेडिको खेतान प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सबसरफेस डाइक का निर्माण कराया गया है। सबसरफेस डाइक एक प्रकार का भूमिगत बांध (अंडर ग्राउंड डैम) है, जो नदी के बेस फ्लो को रोककर जल को स्वच्छ करते हुए भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाता है। मनरेगा के कन्वर्जेन्स से विकास खंड बिलासपुर ग्राम पंचायत चंदोला में सैंजनी नदी का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत में उत्तराखंड बॉर्डर से काम को प्रारंभ कराकर लगभग दो किमी लम्बाई में नदी के आस पास की भूमि को जलमग्न होने से बचाने का कार्य किया। नदी में जल का प्रवाह सतत रूप से होने लगा है। नदी की चौड़ाई पांच से 10 मीटर तक हो गई है। बिलासपुर में बैगुल नदी से पिपरा बॉर्डर तक 4.2 किमी लंबाई में धौरी नदी का जीर्णोद्धार किया गया है। इससे बिलासपुर की लगभग छह ग्राम पंचायतों के साथ सीमावर्ती जिले बरेली के भी लगभग 65 गांवों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हुआ है।

विलुप्त होने की कगार पर है रेवती नदी

विकास खंड चमरौआ में रेवती नदी छह ग्राम पंचायतों से लगभग 12.6 किमी लम्बाई में प्रवाहित हुआ करती थी। वर्तमान में यह विलुप्त होने के कगार पर है। प्रशासन सभी ग्राम पंचायतों में नदी को कब्जामुक्त कराते हुए प्राकृतिक स्वरूप को पुन:स्थापित करा रहा है। अतिरिक्त वर्षा के जल को भू-गर्भ में रिचार्ज करने के लिए मनरेगा द्वारा 50 रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण कराया जा रहा है। लघु सिंचाई विभाग द्वारा चार एनिकट चेक डैम का निर्माण प्रस्तावित है। रेवती नदी के जीर्णोद्धार में स्थानीय निवासियों के साथ एनजीओ आर्ट ऑफ लिविंग एवं इंडस्ट्री रेडिको खेतान प्राइवेट लिमिटेड का विशेष सहयोग लिया जा रहा है। नदी के दोनों किनारों पर 20,000 पौधे भी लगाए जा रहे हैं।

सार संक्षेप

स्किन की समस्या के बारे में जानकारी देते डॉ. इमरान जैदी। ● अमृत विचार

स्किन रोग के बारे में दी जानकारी

रामपुर, अमृत विचार : शाहबाद गेट स्थित एक्सिस बैंक के निकट फिट हिट न्यूट्रीशन सेंटर पर रविवार को स्किन (त्वचा) पर होने वाली समस्या के बारे में डॉ. इमरान जैदी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही खान पान से स्किन समस्या से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए दवाओं के भी आवश्यकता नहीं है। दवा के बिना भी स्किन को साफ किया जा सकता है। उन्होंने लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर फाईज शम्सी, गुलवेज खां, मंजू, संजय कुमार, सुहैब हसन, नाजिम अली आदि मौजूद रहे।

रविवार को टांडा में मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपाई। ● अमृत विचार

भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात

टांडा, अमृत विचार : रविवार को भारतीय जनता पार्टी के नगर कार्यालय एवं नगर मंडल के सभी बूथों पर मोदी के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं ने सुना। मन की बात कार्यक्रम में मोदी ने लोकल फॉर वोकल पर जोर दिया। केरल के आदिवासी समुदाय द्वारा बनाई जा रही छतरी के विषय में विस्तार से बताया। बरसात में लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से पूर्व देश की स्वतंत्रता के प्रति झारखंड के आदिवासी समुदाय के लोगों के आंदोलन का भी जिक्र किया। नगर मंडल कार्यालय पर हुए इस कार्यक्रम में नगर प्रभारी व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहीं लक्ष्मी सैनी, समाज सेवी पन्नालाल, करन सिंह, मंडल अध्यक्ष योगेश सैनी, महामंत्री रोहित सैनी, बूथ अध्यक्ष रजत सैनी, रामस्वरूप सैनी तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के स्वार ग्रामीण क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तबादला होने पर हेड कांस्टेबल को दी गई विदाई

धमोरा, अमृत विचार : शहजादनगर की चौकी धमोरा में तैनात हेड कांस्टेबल सतेंद्र भड़ाना को क्षेत्र के लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर विदाई दी। उनका संभल के लिए स्थानांतरण हो गया है। धमोरा चौकी में विदाई समारोह रखा गया। इसमें क्षेत्र के ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान और सम्मानित लोगों ने ने सतेंद्र भड़ाना को फूल मालाएं पहनाकर और ढोल नगाड़े बजाते हुए विदाई दी। इस दौरान चौकी इंचार्ज विष्णु कुमार, सुरेंद्र देवल, प्रमोद चीमा, अंकित, ग्राम प्रधान गौतम गुप्ता, रिंकू यादव, फैसल खां, मोनी शर्मा, प्रदीप गुप्ता, शाहनवाज खान, रज्जू लोधी, शेरा, सूरज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

भावाधस के जिलाध्यक्ष बने कमल द्रविड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

नए पदाधिकारियों का स्वागत करते भावाधस के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य।

अमृत विचार : भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस (भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने कहा कि जब तक वाल्मीकि समाज शिक्षा की तरफ ध्यान नहीं देगा, तब तक उसका विकास संभव नहीं है। यदि हमें वाल्मीकि नाम नहीं मिलता तो वाल्मीकि समाज का अस्तित्व ही नहीं होता। वाल्मीकि समाज को भावाधस का ऋणी होना चाहिए। उसने भगवान वाल्मीकि का प्रचार करके समाज को एक पहचान दी है।

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस की बैठक मिलक में ड्रीम सिटी कॉलोनी निवासी रामकुमार के निवास पर हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने कहा कि जिले में भावाधस को सक्रिय किया जाएगा। निष्क्रिय पदाधिकारीयों को पदमुक्त किया जाएगा। सक्रिय लोगों को आगे लाया जाएगा।

इस अवसर पर तहसील संगठन का गठन किया गया। इसमें राजपाल भारती जिला सचिव, मिलक तहसील प्रभारी अजय कुमार, तहसील अध्यक्ष रामकुमार को बनाया गया। तहसील उपाध्यक्ष रामदास वाल्मीकि और तहसील महासचिव नन्नू को बनाया। तहसील कोषाध्यक्ष रतनलाल और संगठन सचिव की जिम्मेदारी चंद्रपाल सिंह को सौंपी गई। यूथ विंग का तहसील अध्यक्ष राहुल कुमार को बनाया गया। इस अवसर पर यूथ विंग के मंडल अध्यक्ष शरद राज, जिला महासचिव राहुल सिंह, मीडिया प्रभारी अभिषेक बाबू, विक्की कुमार, किशनपाल, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

दबंगों ने पंचायत घर में जड़ा ताला, प्रशासन ने खुलवाया

संवाददाता, मिलक

पंचायत घर का ताला खुलवाता तहसील प्रशासन। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पंचायत घर में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर ग्राम प्रधान से नाराज दंबगों ने पंचायत घर में ताला लगा दिया। ग्राम प्रधान को निर्माण कार्य न करने की चेतावनी दे डाली। दो दिन तक ताला लगा होने के कारण पंचायत घर में निर्माण कार्य नहीं हो सका।

मामला क्षेत्र के काजियापुरा गांव का है। यहां पंचायत घर का निर्माण कराया जा रहा था। मगर कुछ ग्रामीण इससे नाराज थे। उन्होंने निर्माण कार्य का विरोध किया और दबंगई दिखाते हुए राजमिस्त्री व मजदूरों को भगा दिया। इसके बाद पंचायत घर में ताला लगा दिया।

दो दिन बाद रविवार को ग्राम प्रधान ने इसकी जानकारी उप जिलाधिकारी राजेश कुमार को दी। उन्होंने तत्काल तहसीलदार को मौके पर भेजा। तहसीलदार ने पंचायत घर में ताला लगाने बाले दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी और तत्काल ताला खोलने को कहा। चेतावनी के बाद पंचायत घर का ताला खुलवाया गया तथा ग्राम प्रधान की निगरानी में निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया।

तहसीलदार ने कहा कि यदि किसी भी ग्रामीण ने पंचायत घर के निर्माण में बाधा डाली तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्राम प्रधान ने बताया कि सचिवालय में गिरीश चंद्र, सूर्य प्रताप, सत्यदेव ने परिवार की महिलाओं को साथ लाकर ताला डाल दिया। सचिवालय में ताला लगाने से उसमें रखा हजारों रुपये का सीमेंट, रंग आदि खराब हो गया।

मध्यम से भारी वर्षा का अनुमान जता रहे मौसम वैज्ञानिक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

मौसम

- सुबह से आसमान में छाए रहे बादल, उमस से लोग बेहाल
- उमस भरी गर्मी में पसीना-पसीना होते रहे लोग

अमृत विचार : उमस भरी गर्मी से लोग बेचैन हैं। मौसम वैज्ञानिक तेज बारिश का अनुमान जता रहे हैं। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे उमस भरी गर्मी में पूरे दिन लोग पसीना-पसीना होते रहे। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो मानसून ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दस्तक दे दी है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पांच दिन में मानसूनी वर्षा हो सकती है। मानसून पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक पहुंच गया है। कुछ ही दिन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सराबोर कर देगा। हालांकि बारिश के लिए मस्जिदों और मंदिरों में बारिश के लिए दुआएं हो रही हैं।

किसान मोहम्मद अहमद का कहना है कि बारिश नहीं होने से धान की बेआई प्रभावित हो रही है। किसानों को 100 रुपये प्रति लीटर का डीजल फूंक कर पलेवा करना पड़ रहा है। बारिश होने के बाद धान की रोपाई पर खर्च काफी कम आएगा। किसान रामपाल मौर्य ने बताया कि सरकार किसानों को डीजल और रसायनों पर सब्सिडी दे। ताकि, कुछ राहत मिले। धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग भी की।

मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही के मुताबिक रामपुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर में मानसून की बारिश होने के आसार बन रहे हैं।

धर्मकर्म मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में चल रही श्रीराम कथा

बच्चों को अच्छे संस्कार देना माता-पिता का कर्तव्य : बृजेश

संवाददाता, बिलासपुर

कथा के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कथा सुनाते बृजेश पाठक।

अमृत विचार : श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि केवल माता-पिता कहलाने से कोई माता-पिता नहीं हो जाता। हमारे धर्म शास्त्रों में पिता का कर्तव्य बताया गया है। माता-पिता का कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। तभी वह अच्छे नागरिक बन सकेंगे।

बिलासपुर के मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर श्रीराम कथा चल रही है। पांचवें दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने बताया कि पिता का कर्तव्य है कि वह अपने बालकों का पालन-पोषण करने के साथ उन्हें शुभ संस्कार भी दें। तभी वह सच्चे अर्थों में पिता कहलाने का अधिकारी है। आज हम अपने बालकों को कार तो दिला देते हैं पर शुभ संस्कार नहीं देते। माता-पिता का कर्तव्य है कि बालकों को देशभक्ति के साथ अच्छे संस्कार देकर योग्य नागरिक बनाएं।

कथा व्यास ने कहा कि रामायण में बाली ने अपने पुत्र अंगद को भगवान राम की सेवा में सौंपकर अपना और उसका कल्याण कर दिया। संस्था के महामंत्री ने योगेश अग्रवाल ने बताया कि कथा दो जुलाई को संपन्न होगी। अंत में आरती व प्रसाद वितरण हुआ।

इस मौके पर योगेश कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, जगदीश पाल चौहान, हरदेव रस्तोगी, गिरीश गुप्ता, डॉक्टर रामपाल, ऋषिकेश मित्तल, श्याम आधार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सूरजभान अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

व्यापारी महासम्मेलन में गूंजीं टांडा की समस्याएं

संवाददाता, टांडा

कार्यक्रम

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन
- टांडा में बाईपास का निर्माण कराने की उठाई मांग

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में रविंद्रालय लखनऊ में व्यापारी महासम्मेलन हुआ। इसमें प्रतिभाग करने पहुंचे नगर के व्यापारी नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल की मौजूदगी में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन दिया। इसमें नगर के बाहर बाईपास का निर्माण कराने की मांग की।

व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की मौजूदगी में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को दिए ज्ञापन में नगर के बाहर बाईपास का निर्माण कराने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा कि नगर के बीचो-बीच से गुजरने वाले मुरादाबाद-टांडा-नैनीताल मार्ग पर यातायात के बढ़ते दबाव के चलते आये दिन जाम लग जाता है।

इससे स्थायी रूप से निजात दिलाने के लिए नगर के निकट से बाईपास का निर्माण कराया जाना बेहद जरूरी है। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद शकील, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी मुशर्रफ अली, अब्दुल समद, अब्दुल रशीद, नेता तस्लीम, सलीम कसगर आदि शामिल रहे।

एक नजर

निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

मुरादाबाद, अमृत विचार : भारत विकास परिषद शिवाजी शाखा और रेल विहार वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से डॉ .सूरज प्रकाश की जयंती और सेवा पखवाड़े के अंतर्गत निशुल्क एक्युप्रेशर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। डॉ. नूतन आर्य और डॉ. अंशुमान गौड़ ने परीक्षण किया। शिविर में आर्गेनम होम्योपैथिक सोसायटी के एक्युप्रेशर विशेषज्ञों पुष्कर राम, अमन पाण्डे, दीपा, अंजलि आदि सफल चिकित्सा की। इस दौरान एके मिश्रा, आरके बाली, यूसी सक्सेना, पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं व्यापारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के रामगंगा विहार में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापारी संगठन द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस मनाया गया। जिसमें सभी व्यापारियों ने केक काटकर खुशी जताई। कार्यक्रम में व्यापारियों ने कहा कि व्यापारी कल्याण दिवस को हम व्यापारी भामाशाह दिवस के रूप में मनाते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा व्यापारियों के लिए प्रति वर्ष तमाम योजनाएं चलाई जाती हैं। जिसका व्यापारियों को श्रेय मिलता है। व्यापारियों ने केक काटकर व्यापारिक कल्याण दिवस मनाया और राहगीरों को केक खिलाया।

रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ा, तेज बहाव में बह गया लकड़ी का पुल

नदी पार से बड़ी संख्या में मजदूरी करने शहर आते हैं एक दर्जन गांवों के ग्रामीण, अब ले रहे नाव का सहारा, खतरे के निशान से 3 मीटर दूर जलस्तर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

जिगर कॉलोनी स्थित रामगंगा नदी के घाट पर तेज बहाब में क्षतिग्रस्त हुआ लकड़ी का अस्थायी पुल। ● अमृत विचार

पुल के क्षतिग्रस्त होने पर नदी के उस पार जा रहे लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार: पहाड़ों पर हो रही बारिश के कारण रामगंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। रविवार सुबह कटघर रामगंगा नदी का जलस्तर 187.73 मीटर पहुंच गया। हालांकि नदी का जलस्तर खतरे के निशान से लगभग 3 मीटर नीचे है। जबकि खतरे का निशान 190.60 मीटर पर है। रामगंगा के तेज बहाव से जिगर कालोनी स्थित रामगंगा पर बना लकड़ी का अवैध पुल बह गया। शहर से पीपलसाना, भोजपुर समेत एक दर्जन गांवों के ग्रामीण इस अवैध पुल के बह जाने से प्रभावित हुए हैं।

रविवार को रामगंगा नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण जिगर कॉलोनी स्थित रामगंगा नदी पर बना अस्थायी लकड़ी का पुल नदी के तेज बहाव में बह गया। नदी के एक छोर से दूसरे छोर तक लकड़ी के इस पुल से प्रतिदिन लगभग 700 से अधिक ग्रामीण गांव से शहर मजदूरी के लिए आते हैं। जबकि जिगर कॉलोनी, बंग्लागांव और उसके आसपास के किसान भी बड़ी संख्या में नदी पार खेती करने जाते हैं। इस पुल के पानी में बह जाने से भोजपुर, पीपलसना, अक्का शाहपुर, लालूवाला, भोकपुर, खईया, सेहल, दादूपुर, कोनी, रुपपुर, भादरपुर, मजरा, तिलोपुर समेत लगभग एक दर्जन गांव के लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है। हालांकि आवागमन के लिए रामपुर रोड और जामा मस्जिद के पास मुख्य पुल बना हुआ है।

लेकिन, उसके लिए ग्रामीणों को शहर में आने के लिए आठ से नौ किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से गांव के पास पक्का पुल बनवाने की मांग की। लेकिन, किसी ने कोई सुध नहीं ली। मजबूरन स्थानीय लोगों ने बांस बल्ली का पुल बना लिया था। जबकि इस पुल का बनाना खतरे से भरा है। बावजूद इसके मजबूर लोग इसी के सहारे गांव से शहर और शहर से गांव आवाजाही करने को मजबूर थे।

जनपद में बनाई गईं 35 बाढ़ चौकियां

मुरादाबाद, अमृत विचार : बाढ़ की स्थिति निपटने के लिए जनपद में 35 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। सदर मुरादाबाद में सबसे अधिक 16 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। जबकि तहसील कांठ में छह, बिलारी में तीन, ठाकुरद्वारा में 10 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। बाढ़ चौकियां में तीन कर्मचारियों को तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई है। महानगर के सिविल लाइन स्थित सिंचाई खंड में बाढ़ नियंत्रण कक्ष बाढ़ खंड, में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां आप किसी भी आपात स्थिति में 0591-2435397 दूरभाष नंबर पर कॉल कर जानकारी ले सकते हैं। यह सेवा 24 घंटे जारी रहेगी। कंट्रोल रूम में कुल 3 कर्मी तैनात किए गए हैं। जिनकी तीन शिफ्ट में ड्यूटी रहेगी।

रामगंगा में पानी के तेज बहाव को वजह से लकड़ी का अस्थायी पुल बह गया है। इस पुल के सहारे रामगंगा नदी के किनारे जंगलों में जाकर लोग सब्जी की खेती करते थे। अब नाव के सहारे ये लोग नदी के दूसरी पार जा रहे हैं। जो की काफी जोखिम भरा है। इसके अलावा कोई विकल्प भी नही है।

–प्रेमपाल, जिगर कॉलोनी

पहाड़ों पर हो रही बरसात की वजह से रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। सुबह के समय कटघर रामगंगा नदी का जलस्तर 187 .73 मीटर रहा। रामगंगा का जलस्तर अभी खतरे के निशान से लगभग 3 मीटर कम है। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जनपद में कुल 35 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। फिलहाल डैम से पानी नहीं छोड़ा गया है।

–राजेश कुमार गंगवार, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड

महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने योगराज

मुरादाबाद, अमृत विचार: राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश प्राथमिक संवर्ग के तत्वावधान में भारतीय समाज और शाश्वत जीवन मूल्य विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। साथ ही ब्लॉक कार्यसमिति के गठन कार्यक्रम का आयोजन विजय निकेतन कांशीराम नगर में किया गया।

इसमें सभी ब्लॉकों की नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों का माला पहनकर स्वागत किया गया। सभी ब्लॉक अध्यक्षों को मनोनयन पत्र प्रदान किए गए। ब्लॉक मूंढापांडे की कार्यकारिणी में योगराज सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, रामचंद्र सैनी ब्लॉक महामंत्री और शीशपाल सिंह ब्लॉक कोषाध्यक्ष, बादाम सिंह संगठनमंत्री, जितेंद्र कुमार, रमेश कुमार ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए।

मार्गों का निरीक्षण कर बनाएं व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में एसएसपी सतपाल अंतिल, एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह व अन्य।

● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

अमृत विचार: जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शांति व्यवस्था समिति की बैठक हुई। इसमें सावन में कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को देखते हुए ताजिया मार्गों का निरीक्षण कर अधिकारियों को किसी प्रकार की समस्या होने पर उसके त्वरित समाधान का निर्देश दिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों, लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग के अधिकारियों को कावड़ यात्रा/ताजिया मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्रों में शान्ति समिति की बैठक करते हुए कानून व्यवस्था को बनाए रखने में गंभीरता दिखाएं। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह के अलावा सभी उप जिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी आदि मौजूद रहे।

मुरादाबाद, बरेली के कलाकारों ने ओपन स्टेज कार्यक्रम में दी मनमोहक प्रस्तुति

मुरादाबाद, अमृत विचार: ईवाईएलएम बैठक फाउंडेशन संगठन द्वारा आयोजित बैठक कलाकारों की-1.5 ओपन स्टेज कार्यक्रम का आयोजन रामगंगा विहार स्थित वेव मॉल में किया गया। जिसमें मुरादाबाद व बरेली समेत अन्य जिलों के कलाकारों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वेव के महाप्रबंधक भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक रितेश टंडन व इशिका सिंह ने दीप प्रज्वलन करके की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस अधिकारी डॉ. ख्याति गर्ग और सामाजिक कार्यकर्ता प्रणित गुप्ता ने कलाकारों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने गीत, रचनाएं, वादन एवं नृत्य प्रस्तुतियां दी। बैठक सूफी ग्रुप की सूफी ग्रुप गायन प्रस्तुति ने समा बांध दिया। बरेली से फैज और बिपाशा, मुरादाबाद से अयान ग्रोवर, कविश, आरोही, सौम्या, निर्भय, कनव, भूमि, उन्नति, कविश, आरोही, सौम्या, निर्भय, कनव, भूमि व उन्नति ने विभिन्न प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। सम्मानित अतिथि के रूप में गायक इब्ने हसन, कोरियोग्राफर सूरज कुमार और गीता सैनी उपस्थित रहे। संचालन इशिका सिंह ने किया। निर्देशक अक्षत टंडन ने संस्था के उद्देश्यों की जानकारी दी। बैठक टीम से लिपिका सक्सेना, रचित मनु, दिव्यांश रस्तोगी, निश्चल शर्मा, आंचल ठाकुर, आर्यन सिंह ने सहयोग किया।

डॉ. ऋतु त्यागी बनीं जिलाध्यक्ष पूनम सक्सेना जिला महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला इकाई का गठन

डॉ. ऋतु त्यागी

पूनम सक्सेना

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के नेतृत्व में मुरादाबाद जिला इकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें संगठन के प्रति कार्य व निष्ठा को देखते हुए लगातार तीसरी बार डॉ. ऋतु त्यागी को महिला संघ की जिला इकाई की त्रिवार्षिक कार्यकारिणी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि पूनम सक्सेना को जिला महामंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई।

जिलाध्यक्ष बनीं डॉ. ऋतु त्यागी ने बताया कि प्रदेश संगठन मंत्री भी होने के साथ वह एसआरजी की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रही हैं। तीन वर्ष पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के नेतृत्व में महिला शिक्षक संघ की आधारशिला रखी गई, तब भी प्रदेश भर में सबसे पहले जनपद मुरादाबाद में ही जिला समिति सहित तथा सभी ब्लॉक की समितियों का गठन हुआ था। उन्होंने बताया कि उच्चस्तरीय बैठकों शामिल होकर वह शिक्षकों की समस्याओं को उठाकर उसका समाधान कराती हैं। अब महिला शिक्षकों को नई पहचान मिली है।

डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं

D.M.R. SUPER SPECIALITY HOSPITAL MORADABAD

हाथ पैरों मे सुन्नपन या झनझनाहट, याददाश्त कम होना :-

इसकी कई वजह होती है :- परन्तु यह एक लाइलाज बीमारी नहीं है

1. कम उम्र में - मस्तिष्क में इन्फेक्शन दिमाग की 2. ज्यादा उम्र में - डिमेंशिया, एल्जाइमर डिजीज, याददाश्त घटने से सम्बन्धित अन्य सभी बीमारियाँ

स्ट्रोकः- 1. (पैरालाइसिस) दिमाग में खून ले जाने वाली नस का फटना, लकवा और कमजोरी, एफासिया (बोलने में परेशानी) डिस्फेजिया (निगलने में परेशानी) याददाश्त खोना। कम होना या समझने में तकलीफ होना। दर्द, व्यवहार, असंयम (मल मूत्र पर नियंत्रण ना रहना)। 2. लकवा आना 3. ट्रांशिएन्ट इश्चीमिक अटैक - अचानक कुछ देर के लिए शरीर के किसी हिस्से में कमजोरी, कुछ देर के लिए अचानक दिखना बंद होना।

दिमाग में कीडे की गांठः- (नयूरोसिस्टोसिरकोसस) अधिकतर बच्चों में और कभी युवावस्था में दौरे की वजह, शरीर के आधे हिस्से में कमजोरी या अचानक बेहोश हो जाना। अधिकतर दिमाग में कीड़े का मरा लार्वा (क्रमी) दिमाग में सूजन पैदा करता है। अधिकतर एक दो गांठ और कभी पूरे दिमाग में बहुत सारी गाँठे रहती है।

नींद की समस्याः- नींद न आना, नींद शुरू होने में परेशानियाँ, बीच में नींद टूट जाना या सुबह जल्दी नींद खुल जाना। साथ में आने वाले लक्षण रू थकान, चिड़चिड़ाहट, भूलना, गलतियां होना, गुस्सा आना, निराशा, अनिद्रा, मानसिक तनाव।

डॉ. मन्जेश राठी

MD, DM (Neuro)
Fellow Child Neurology (CDC)
Senior Consultant in Neurology
Neurophysiology & Sleep Medicine

डी.एम.आर. हॉस्पिटल

निकट पी.एम.एस. स्कूल, पीलीकोठी, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद

फोन नम्बर लगाने के लिए सम्पर्क करें:- 0591-2411334, 9760304534, 7520435375, 9068814535

E-mail: drmanjeshrathi@gmail.com Website: www.dmrhospitals.com

एक नजर

महाराजा सूरजमल के उपाध्यक्ष बने अभय

गजरौला, अमृत विचार : महाराजा सूरजमल संगठन (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस चौधरी ने नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी अभय चौधरी पुत्र श्याम सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के प्रभारी पद पर मनोनीत किया है। अभय चौधरी ने कहा कि संगठन के द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसे वे पूरी निष्ठा के साथ निभायेंगे और मेहनती कार्यकर्ताओं की एक टीम खड़ी करेंगे। संगठन के द्वारा समाजसेवा के बढ़ चढ़कर समाज सेवा के कार्य किए जाएंगे और सबको साथ लेकर चला जायेगा।

उधार के रुपये मांगने पर दिव्यांग को धमकाया

गजरौला, अमृत विचार : उधार के रुपये वापस मांगने पर दिव्यांग को धमका दिया। एसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के कटरा मोहल्ला निवासी दिव्यांग शाहनवाज ने कांकाठेर गांव निवासी हरकेश राणा को फरवरी में 32 हजार रुपये उधार दिए थे। समय बीत जाने पर शाहनवाज ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने मना कर दिया। कई बार तकादा करने पर भी आरोपी ने रुपये नहीं दिए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि हरकेश राणा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप, मायके वालों ने किया हंगामा

ओगपुरा गांव में हुई घटना, दहेज में ट्रैक्टर मांगने का आरोप लगाया

संवाददाता ढबारसी/आदमपुर

अमृत विचार : आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव ओगपुरा में महिला का शव उसके घर में ही फंदे पर लटका मिला। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव ओगपुरा निवासी किसान हरि सिंह ने बेटी कमलेश की शादी 18 अप्रैल को गांव खड़गरानी वाला के रहने वाले सोमवीर के साथ की थी। मायके वालों का कहना है कि उन्होंने अपनी हैसियत के हिसाब से शादी में दान दहेज दिया था। लेकिन ससुराल वाले दहेज में ट्रैक्टर की मांग कर रहे थे। इसे लेकर आए दिन कमलेश की सास, पति, देवर और ननद उसे मारते पीटते रहते थे। इस बात को लेकर तीन दिन से उनके घर में विवाद चल रहा था। रविवार सुबह मायके वालों को सूचना मिली कि उनकी बेटी का शव घर में ही रोशनदान के सहारे प्लास्टिक की रस्सी के फंदे पर लटका हुआ है। इसके बाद मायके वाले मौके पर पहुंचे। उन्होंने बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

मायके वालों ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत व पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मायके वालों को समझा बूझाकर शांत किया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से सूबूत जुटाए हैं। फिलहाल, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

लोगों को समझाते सीओ दीप कुमार पंत व पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

शादी के 74 दिन बाद ही महिला की हुई मौत

आदमपुर, अमृत विचार : शादी के 74 दिन बाद ही महिला की मौत से मायके वालों में कोहराम मचा हुआ है। उन्होंने ससुराल वालों पर बेटी की पीटने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ससुराल वाले मायके से दहेज में ट्रैक्टर लाने का दवाब बनाने थे। मना करने पर उसे मारते और पीटते थे। रविवार को उन्होंने बेटी की हत्या कर दी।

घर में फंदे पर लटककर युवक ने की आत्महत्या

गजरौला, अमृत विचार : पत्नी से विवाद के चलते युवक ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

गांव कुमराला निवासी राहुल (32) अपने परिवार से अलग पत्नी के साथ रहता है। बताते हैं कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर बीते कई दिन से अनबन चल रही थी। शनिवार शाम भी दोनों के बीच विवाद हो गया था। शोर शराबा होने पर परिवार के लोग उसके घर पहुंचे।

दोनों को समझाकर शांत कराया। रात 10 बजे राहुल ने कमरे में जाकर दुपट्टे के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद पत्नी कमरे में गई तो उसका शव फंदे पर लटका देख। शोर मचाने पर पड़ोसी व परिवार के अन्य लोग भी राहुल के घर पहुंच गए। उसे फंदे से उतारकर सीएचसी में ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

बैठक में शामिल आरटीआई परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बैठक में संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

हसनपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद की बैठक में रविवार को कार्यों की समीक्षा की गई। पदाधिकारियों ने संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट के आवास पर बैठक हुई। इसमें सर्वप्रथम मासिक कार्यों की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल ने कहा कि संगठन का एकमात्र उद्देश्य समाज सेवा है। उन्होंने प्रत्येक पदाधिकारी से आग्रह किया कि संगठन को और मजबूत करने के लिए इसका विस्तार करें। इस दौरान सचिव गोविंद कौशिक, टेकचंद राणा, नेमपाल सिंह, जितेंद्र सैनी, हरि प्रकाश राणा, प्रमोद कुमार शर्मा, अरुण त्यागी, सीमा यादव, राधेलाल अग्रवाल, शंकर सिंह सैनी, धीरज कुमार, देशराज सिंह, रामवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, असलम सैफी, विजय, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

उपहार देकर सम्मानित करते रोटरी क्लब हसनपुर आस्था के पदाधिकारी।

शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रहा रोटरी क्लब

हसनपुर, अमृत विचार : रोटरी क्लब हसनपुर आस्था की आभार सभा का आयोजन एक होटल के सभागार में क्लब अध्यक्ष पुनीत कुमार अग्रवाल की ओर से किया गया। इसमें क्लब के सभी सदस्यों को अध्यक्ष ने सहयोग करने और क्लब को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उपहार देकर आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष रोटेरियन अशोक गुप्ता ने कहा कि रोटरी क्लब हसनपुर आस्था सदा से ही समाज की जरूरत के हिसाब से कार्यों को करता रहा है। कल्ब मंडल में हमेशा अग्रणी स्थान पर रहा है। डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. पल्लव अग्रवाल ने कहा कि यह क्लब शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रहा है और इस श्रृंखला में क्लब ने हसनपुर के तीन स्कूलों में सोलर पैनल तथा स्मार्ट एलईडी लगवाने में सहयोग किया है। इस अवसर पर दीपा खन्ना, सुनील कुमार भटनागर, शिवम अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, डॉ. तीर सिंह सिरोही, सत्यवती सक्सेना आदि रहे।

शिविर में दवा बांटते चिकित्सक। ● अमृत विचार

स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को बांटी दवा

हसनपुर, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से देश में 24 जून से 30 जून तक सेवा सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में स्वास्थय शिविर लगाया गया। इसे डॉ. अक्षय नागर, लैब टेक्नीशियन राजीव कुमार, दीपक कुमार ने मरीजों को परामर्श और दवा वितरित की। शिविर का आरंभ बजरंग दल के जिला सहसंयोजक वीरेंद्र शर्मा ने किया। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 100 मरीजों ने परामर्श व दवा लेकर लाभ लिया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ संचालक दीपक अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग परिवार प्रबोधन प्रमुख महावीर एडवोकेट, मोहित अग्रवाल, शिवम वशिष्ठ, वीरेंद्र शर्मा, राहुल, अनुराग शर्मा, अमित शर्मा, विजय लोधी आदि उपस्थित रहे।

भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थित शिवाला मंदिर के परिसर में श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से भंडारा किया गया। इसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर खाटू श्याम का आशीर्वाद लिया। नगर में स्थापित बाबा खाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में रविवार को भंडारा किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल ने सबसे पहले बाबा खाटू श्याम का भोग लगाया। दोपहर 12 बजे भंडारे का आरंभ किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर संदीप अग्रवाल, पराग अग्रवाल, मोनू राणा, शैंकी अग्रवाल, नरेश चौहान, मोहित चौहान, शोभित शर्मा, अंकित गुप्ता, अनिल अग्रवाल, पवन रस्तोगी, पुनीत अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, हिरदेश अग्रवाल, अशोक रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

दुष्कर्म के आरोप में अस्पताल संचालक और दोस्त पर रिपोर्ट

संवाददाता, डिडौली

अमृत विचार : महिला ने निजी अस्पताल संचालक और गजरौला के एक चिकित्सक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। साथ ही अस्पताल संचालक पर आपत्तिजनक वीडियो बनाने का भी आरोप है। वह सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अस्पताल संचालक व उसके साथी चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यह मामला डिडौली कोतवाल क्षेत्र का है। क्षेत्र के जोया कस्बा निवासी एक महिला की थाना क्षेत्र में ही स्थित निजी अस्पताल संचालक से जान पहचान थी। वह मरीज को अस्पताल में भेजती रहती है। आरोप है कि 12 जून को अस्पताल संचालक बिलाल अहमद ने कुछ बात करने के लिए उसे अपने अस्पताल बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। अस्पताल संचालक ने गजरौला स्थित एक अस्पताल में कार्यरत अपने दोस्त फरियाद के यहां पांच दिन तक स्टाफ नर्स के लिए भेजा था। जहां फरियादी ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार, यह घटना 15 से 20 दिन पुरानी है। आरोप है कि अस्पताल संचालक उसका आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। कुछ लोग फैसले का दबाव बना रहे हैं। सीओ सिटी अरूण कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अस्पताल संचालक बिलाल व फरियाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है।

उर्स में अश्लील डांस कराने में दो पर रिपोर्ट

सैदनगली/उझारी, अमृत विचार : उर्स में मैजिक शो की आड़ में युवतियों से अश्लील डांस कराने वाले दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने कार्रवाई की है।

उझारी में हजरत शेख दाऊद बंदगी का सालाना उर्स चल रहा है। इसमें झूले व मैजिक शो चल रहे हैं। आरोप है कि मैजिक शो की आड़ में डांस पार्टी का आयोजन किया जा रहा था। युवतियों से अश्लील डांस कराया जा रहा था। उझारी चौकी इंचार्ज चांदवीर की तहरीर पर मैजिक शो के संचालक गोविंदा निवासी मोहल्ला फाटक कस्बा बहजोई जिला संभल और मन्नान निवासी लहसबाड़ा देबबंद सहारनपुर के खिलाफ उत्तर प्रदेश चल चित्र अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज हुई है।

रामेश्वर ने जग्गा को दी पटखनी

संवाददाता, सैदनगली/उझारी

अमृत विचार : दंगल में देश विदेश के पहलवानों ने आकर अपने-अपने उस्तादों के जौहर दिखाए। कुश्ती में भारत केसरी रामेश्वर यादव पहलवान ने दिल्ली के जग्गा को पटखनी दी।

कस्बा उझारी में हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स के मौके पर विशाल दाऊदिया दंगल चल रहा है। इसमें रविवार को भारत केसरी एवं अनेक फिल्मों में कार्य कर चुके रामेश्वर यादव पहलवान पर 51,000 का इनाम रखा गया। जवाब में जग्गा पहलवान ने ताल ठोक दी। दोनों की कुश्ती देखने के लिए दर्शकों की भीड़ जुटी। रामेश्वर यादव पहलवान ने जगा पहलवान को पराजित कर अपनी जीत हासिल की। फकीर बाबा पहलवान ने हरियाणा के मोनू को चित किया। हरियाणा के रिहान ने मुन्ना पहलवान को, दिल्ली के जग्गा पहलवान ने गंगोह के वकार, यासीन ने नागालैंड के धमाका को पराजित किया। दर्शकों ने पहलवानों को नकद पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की। रेफरी की भूमिका गुड्डू पहलवान गोरखपुर एवं कलवा उस्ताद ने तथा कमेंटेटर की भूमिका मुन्ना टाइगर पहलवान ने निभाई। इस दौरान इफ्तिखार उल हसन, अदनान महल, भूरे मिस्त्री, शादाब मंसूर, कलवा खां, इलियास अहमद, मोबीन अहमद, मोहम्मद कासिम, अलाउद्दीन सैफी, मोइनुद्दीन, अब्दुल वहाब आदि मौजूद रहे।

दंगल में दांव पेंच आजमाते पहलवान। ● अमृत विचार

धरनास्थल पर नारेबाजी करते मोहल्ले के लोग व महिलाएं। ● अमृत विचार

शराब की दुकान हटने तक देंगे धरना

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : सरकारी देसी शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर मोहल्लेवासी और महिलाएं एक सप्ताह धरना दे रहे हैं। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अधिकारी सब को धोखा दे रहे हैं।

नगर के मोहल्ला काला शहीद स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान को हटाने की मांग लेकर रविवार को सातवें दिन भी मोहल्ले वासियों का धरना जारी रहा। उनका कहना है कि जब से मोहल्ले में यह देसी शराब की दुकान खुली है, युवा नशे की आदी हो गए हैं। इसे लेकर कई बार दुकान हटाने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया गया था। अधिकारियों ने दुकान हटवाने का वादा किया था लेकिन दुकान नहीं हटवाई गई। इसके चलते फिर धरना दिया जा रहा है। रविवार को सातवें दिन भी महिलाएं दुकान के आगे डटी रहीं। लेकिन किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने धरना स्थल पर उनकी बात नहीं सुनी। इस दौरान चंद्रावती, वंदना, कुसुम, कोमल, राजकली, प्रगति, सविता, जगवती, अनीता, हरप्यारी, हसीना बानो, हमीदा, गीता, हुस्न बानो, तीरथ प्रकाश, डॉ. दीपक कुमार, मोहन लाल, राजपाल, शेर अली, अनीस, अंसार व चरन सिंह आदि मौजूद रहे।

मजार पर चादरपोशी के बाद लोगों ने मांगी दुआ

अमरोहा, अमृत विचार : मशहूर बुजुर्ग सूफी तस्लीम अहमद शाह साबरी का उर्स में लोग उमड़े। कुल शरीफ में शामिल जायरीनों ने मजार पर चादरपोशी कर दुआ मांगी।

रविवार को उर्स के मद्देनजर अतरासी रोड पर रेलवे क्रासिंग स्थित शाह की दरगाह पर सुबह से ही जायरीनों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। कार्यक्रम की शुरुआत बाद नमाज-ए-फज्र कुरआन ख्वानी से की गई। इंजीनियर खुर्रम हसन रिजवी ने बताया कि सूफी तस्लीम अहमद शाह साबरी की पूरी जिंदगी जिक्र-ए-इलाही में गुजरी। डॉ. मनसब अली व हमनवां ने नातिया कलाम पेश कर महफिल में नूरानियात का रंग भर दिया। कव्वालों ने भी शाह की शान में कव्वाली पेश की। कुल शरीफ के बाद लंगर तकसीम कर उर्स का समापन किया गया। आखिर में सूफी मोईन उद्दीन साबरी ने मुल्क में अमन-चैन व कौम की सलामती की खुसूसी दुआ कराई।

जमीन पर कब्जे के मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला शेरपुर चुंगी के रहने वाले व्यक्ति ने अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। कहा कि उनकी जमीन विवाद का मामला कोर्ट में विचाराधीन है, फिर भी दूसरा पक्ष विवादित जमीन पर दीवार का निर्माण कर रहा है। उसने पुलिस को तहरीर देकर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

नगर के मोहल्ला शेरपुर चुंगी निवासी अशोक सैनी ने थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उन्होंने वर्ष 2017 में गांव शहबाजपुर गुर्जर निवासी राजेंद्री से छह बीघा जमीन का बैनामा कराया था। इसका मुकदमा मुरादाबाद न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित का आरोप है कि रविवार को गांव शहबाजपुर गुर्जर निवासी चंद्र प्रकाश, नीरज पुत्र तुलाराम, अशोक पुत्र प्रह्लाद सिंह व गांव मुस्सलेपुर निवासी दयाल पुत्र टेकचंद जमीन पर कब्जे की नीयत से दीवार का निर्माण करा रहे हैं।

अशोक सैनी का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो वह उनके साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने पर उतारू हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित इसकी शिकायत उप जिलाधिकारी से भी कर चुका है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई थी। इसमें उसने बताया कि जमीन पर कुछ लोग कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हवन में आहुति देते लोग। ● अमृत विचार

हवन यज्ञ में दीं आहुतियां

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : भारत की टी20 विश्व कप में जीत के उपलक्ष्य में आर्य समाज मंदिर के परिसर में रविवार को हवन यज्ञ हुआ। अनुष्ठान आचार्य सोमेश कुमार शास्त्री के ब्रह्मत्व में वैदिक यज्ञ संपन्न हुआ।

यज्ञ में ईश्वर स्तुति स्वस्तिवाचनम शांति करणम महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियां प्रदान की गईं। महर्षि दयानंद ने रचित अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का वाचन किया। हेतराम सागर, आर्य समाज के नियम सुभाष दुआ, संगठन सुक्त यशवंत सिंह ने प्रस्तुत किए। आर्य समाज के प्रधान अभय आर्य ने कहा कि भारतीय टीम को इस जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई। भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन पर आज पूरा राष्ट्र गौरवान्वित है। इस दौरान मुख्य यज्ञमान के रूप में दिनेश चन्द्र रस्तोगी, मंत्री नत्थू सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, अनिल जग्गा, मनोहर लाल आर्य, विनय त्यागी, प्रवीण आर्य, यशवंत सिंह, हेतराम सागर आदि उपस्थित रहे।

महंगाई मंडी में सब्जियों की आवक कम, किसानों को भी नुकसान

सब्जियों पर बारिश की मार, दाम बढ़े

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : सब्जियों की फसलों पर मौसम की मार पड़ने लगी है। इससे सब्जी उत्पादकों की चिंता बढ़ी हुई है। 40 से 60 फीसदी सब्जियों की फसलें खराब हो गई हैं। इसे असर सब्जियों के दामों पर पड़ा है। इससे सब्जियां महंगी हो गई हैं।

अमरोहा और आसपास क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती की जाती है। यहां से देश के विभिन्न राज्यों में सब्जियों की आपूर्ति की जाती है। बारिश का पानी खेतों में भरने से सब्जियां खराब हो गई हैं। सब्जी उत्पादकों को नुकसान हो रहा है। आलू, पालक, हरा धनिया, टमाटर, करेला, खीरा, लौकी, तोरई की फसलों में नुकसान हुआ है। मंडी में सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। सब्जियों के दामों के बढ़ने से लोगों की थालियों से सब्जियां दूर हो गई हैं। सब्जी उत्पादक संघ के जिला अध्यक्ष पूरन सिंह सैनी ने बताया कि बारिश से शलजम, गाजर, पालक, मेथी, धनिया पत्ती करेला, खीरा, टमाटर, लौकी, तोरई की फसल खराब हो गई हैं।

उधर, मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सैनी का कहना है कि बारिश से सब्जियों को काफी नुकसान हुआ है। इससे आपूर्ति प्रभावित हो गई। फसलें खराब होने से किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ा है। पहले किसान मंडी में सब्जी लेकर आ रहे थे, अब उनकी संख्या कम हो गई है।

बाजार में सजी सब्जियों की दुकान। ● अमृत विचार

सब्जी दाम (प्रति किलो में)

हरी मिर्च	100 रुपये
पालक	50 रुपये
लौकी	40 रुपये
तोरई	50 रुपये
आलू	35 रुपये
शलजम	40 रुपये
धनिया पत्ती	200 रुपये
भिंडी	50 रुपये

कार्यक्रम में शामिल पूर्व सांसद राशिद अल्वी, सदर विधायक महबूब अली व अन्य।

आमों का शहर है अमरोहा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : उर्दू अदब सोसाइटी की ओर से धनौरा रोड स्थित कौसर बाग में वार्षिक आमों की दावत का आयोजन दावत-ए-फासले बहार नाम से किया गया। इसमें पूर्व सांसद राशिद अल्वी, सदर विधायक महबूब अली के साथ-साथ पूर्व एमएलसी परवेज अली शामिल हुए।

पूर्व सांसद ने कहा कि अमरोहा आमों का शहर है। आम इस शहर की पहचान है। यहां 100 से ज्यादा आमों की प्रजातियां हैं। सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से एक साथ बैठकर आम खाने का मजा दोगना हो जाता है।

शायर शेबान कादरी, सलीम अमरोही, डॉ. नासिर अमरोहवी, प्रोफेसर नाशिर नकवी ने शायराना अंदाज में माहौल को खूबसूरत बना दिया। उत्तर प्रदेश उर्दू अदब सोसाइटी के अध्यक्ष कौसर अली अब्बासी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कहा कि इस तरह के प्रोग्राम के आयोजन का मकसद एक दूसरे से जुड़े रहना है।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफेक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की
सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

एक नजर

महिलाओं पर गलत टिप्पणी करने का आरोप

असमोली, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चमन सराय निवासी नफीस, दाऊद आलम, शहरोज, लतीफ, नफीस, बॉबी, नईम, आरिफ, अंसार, समीर, इस्लाम ने रविवार को पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि मुहल्ला व धीमरों वाली गली, एजेंटी तिराहा में शाम से देर रात तक नशे की हालत में दूसरे मुहल्ले के कई युवक खड़े रहते हैं। जिन्हें मुहल्ला के ही लोगों का संरक्षण मिला हुआ है। ये युवक गाली गलौज करते हुए गलत टिप्पणी करते रहते हैं। जिसकी वजह से बच्चों व युवतियों और महिलाओं पर गलत प्रभाव पड़ रहा है।

किशोरी को भगाकर ले जाने में चार के खिलाफ रिपोर्ट

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में किशोरी को भगाकर ले जाने के आरोप में युवक सहित उसके दो भाइयों व एक अन्य सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि सात जून की दोपहर 17 वर्षीय पुत्री को गांव का ही युवक जरीफ बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी अपने साथ नकदी व जेवर भी लेकर गई है। जानकारी होने पर व्यक्ति शिकायत करने जरीफ के घर पहुंचा तो उसके भाई आलम व नाजिम ने गाली गलौज की।

पिता पुत्रों सहित सात लोग गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव आढोल निवासी गोविंद व उसके बेटे राजेश, बृजेश की मुहल्ला के ही नेत्रपाल और उसके बेटे धर्मेंद्र व प्रेमपाल के बीच रास्ते पर आने जाने को विवाद हो गया। दूसरी तरफ सरायतीन के मुहल्ला फूलबाग बरखेरियान निवासी अय्यूब मुहल्ला के ही रफी की पत्नी चंद्र बी के साथ किसी बात को लेकर गाली गलौज कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोविंद, राजेश, बृजेश व नेत्रपाल, धर्मेंद्र, प्रेमपाल और अय्यूब को गिरफ्तार कर लिया।

डॉ.अनूप हुए सेवानिवृत्त तो डॉ.वीर सिंह बने सीएमएस

संभल अमृत विचार : जिला अस्पताल में सीएमएस पद पर तैनात डॉ.अनूप कुमार अग्रवाल सेवानिवृत्त हो गए। जिसके बाद शासन ने वरिष्ठता क्रम को देखते हुए डॉ.वीर सिंह को सीएमएस का चार्ज दिया है। बताते चलें कि डॉ.वीर सिंह बाल रोग विशेषज्ञ हैं। उन्होंने सीएमएस पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

कुएं का धार्मिक नाम रखने पर भड़के हिंदू संगठन

सिरसी के सादक सराय दालान में पुराने सार्वजनिक कुएं का नाम रखा गया था हुसैनी चौक

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : सिरसी के मुहल्ला सादक सराय दालान में पुराने कुएं को नगर पंचायत द्वारा हुसैनी चौक नाम देने से हिंदू संगठनों में आक्रोश पनप गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन करके एडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कुए को पुराने वास्तविक स्वरूप में परिवर्तित किए जाने समेत कई मांगें उठाईं।

सिरसी में पुराने कुएं का नाम हुसैनी चौक रखने का प्रकरण गर्माने लगा है।

रविवार को संभल में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जनपद संभल मेरठ प्रांत के कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पर इकट्ठा हुए। यहां धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद एडीएम प्रदीप वर्मा को ज्ञापन सौंपकर कहा कि मुहल्ला सादक सराय दालान में नगर पंचायत अध्यक्ष ने सौंदर्यीकरण कराने के नाम पर एक वर्ग के पूजा स्थल कुएं का स्वरूप व पहचान बदलकर हुसैनी चौक नाम रखते हुए सौंदर्यीकरण करा दिया। जिससे हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया है।

कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत की तो उन लोगों के फोटो पर चप्पल छापकर उनके खिलाफ फतवा जारी करने का काम किया। जिससे कस्बे का माहौल खराब हुआ है। एक वर्ग के परिवार पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। कहा कि पूज्य स्थल पुराने कुएं को उसके मूल स्वरूप में परवर्तित कराकर पूर्व नाम स्थापित किए जाने समेत कई मांगें उठाईं।

एसडीएम कार्यालय के सामने सड़क पर खड़े होकर प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता।

एडीएम प्रदीप वर्मा को ज्ञापन देते हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन
- कुएं को पुराने वास्तविक स्वरूप में परिवर्तित कराने की मांग उठाई

...तो हिंदू पंचायत कर होगा आंदोलन

संभल, अमृत विचार : हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि जिहादी मानसिकता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र खराब करने वाले लोगों पर रासुका लगाने, सिरसी में एक वर्ग को सुरक्षित महसूस कराने के लिए हर संभव सहयोग करने की मांग उठाई। कहा कि तीन दिन में मांगों को लेकर संतोषजनक कार्रवाई न होने पर हिंदू महापंचायत का आह्वान करके पंचायत के निर्णय के आधार पर वृहद आंदोलन के लिए विवश होंगे। इस दौरान अमित वार्ष्णेय, संतोष गुप्ता, वैभव गुप्ता, विजय चौधरी, सनी गुप्ता, शक्ति शंकर, प्रेम कुमार, शिवा शंकर, नितिन शर्मा, हरिओम तोमर, रिंकू, बंटी कुमार, अनंत अग्रवाल, अभिषेक, महेंद्र स्वामी, अमित कश्यप, शिवम, दिनेश कुमार, राजेश गुप्ता, अभिषेक आदि रहे।

एसडीएम के बुलावे पर नहीं गए कार्यकर्ता, बैठे धरने पर

संभल, अमृत विचार : हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय के बाहर मार्ग पर जुटे। जानकारी होने पर एसडीएम विनय कुमार मिश्र पहुंचे और कार्यालय परिसर में गेट तक आकर ज्ञापन देने के लिए कहा। कार्यकर्ता एसडीएम के बुलावे पर नहीं गए और संभल-मुरादाबाद मार्ग पर ही सड़क पर धरना देकर बैठ गए। जिसके बाद मामला आला अधिकारियों तक पहुंच गया। मौके पर एडीएम प्रदीप वर्मा पहुंचे और उन्होंने कार्यकर्ताओं से वार्ता की। कार्यकर्ताओं ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। हालांकि इस बीच एसडीएम भी पहुंच गए।

दस फिट से ऊंचा ताजिया निकालने पर नहीं खोले जाएंगे बिजली के तार

संवाददाता, संभल

- कई ताजियेदार सहमत हो गये तो कई ने अगली बैठक में अपनी राय देने की बात कही

अमृत विचार: सदर कोतवाली परिसर में हुई बैठक में एसडीएम विनय मिश्रा ने ताजियेदारों से दस फीट से ऊंचा ताजिया न निकालने की बात कही। कहा कि ऊंचाई ज्यादा हुई तो रास्ते में पड़ने वाले बिजली के तारों को खुलवाना संभव नहीं होगा। कई ताजियेदार सहमत हो गये तो कई ने अगली बैठक में अपनी राय देने की बात कही। सीओ ने ताजियेदारों से पौधारोपण करने की अपील की।

कोतवाली परिसर में रविवार की शाम छह बजे एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार चौधरी की अगुवाई में ताजियेदारों के साथ बैठक आयोजित की गई। एसडीएम ने कहा मोहर्रम पर ताजियेदार 10 फिट से ऊंचा ताजिया न निकाले। क्योंकि इस बार ताजिया निकालते समय रास्तों में पड़ने वाले बिजली के तार पोलों से नहीं खोले जाएंगे। इस बात से कई ताजियेदार सहमत हुए तो कई ने चार जुलाई को होने वाली बैठक में शामिल होकर अपनी राय देने की बात कही। मांडली समसपुर के पूर्व ग्राम प्रधान महफूज ने कहा कि रास्ते में पड़ने वाले पेड़ को काटने से बचाने के लिए हम चाहते हैं कि हमारा ताजिया गांव में ही रहे।

संभल कोतवाली में ताजियेदारों के साथ बैठक करते एसडीएम व सीओ।

मौसम के बदलाव से बच्चों को जकड़ रहा बुखार और नजला

संवाददाता, गुन्नौर

- चिकित्सक दे रहे बच्चों को बारिश में नहीं नहाने देने की सलाह

अमृत विचार : गर्मी के सताए लोगों के लिए अब बारिश भी मुसीबतें लेकर आई है। झमाझम बारिश के बाद दिन में धूप और रात के तापमान में नमी से बच्चे बीमार हो रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार और नजला की शिकायत वाले बच्चे पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि बारिश की वजह से बुखार और नजला का प्रकोप बढ़ रहा है।

चिकित्सकों के मुताबिक, मौसमी बदलाव के कारण सर्दी-गर्मी से बुखार और नजला की समस्या वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंचने वाले ज्यादातर बच्चों को बुखार और जुकाम की समस्या है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ. अजहर अली ने बताया कि मौसम में बदलाव के बाद भी परिजन अपने बच्चों का ध्यान नहीं रख रहे हैं। बारिश के मौसम में बच्चे लापरवाही बरते हुए बारिश में भीगते हैं। इसके बाद धूप निकलने पर फिर घरों में पानी से खेलते हैं। इसके चलते बच्चे गर्मी- सर्दी के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में बचाव के लिए आवश्यक है कि परिजन बच्चों को बारिश में नहाने से बचाएं। यदि बच्चों को बुखार, जुकाम की समस्या होती है तो तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें।

पड़ोसी के खेत में पानी जाने पर मारपीट

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में मेड़ टूटकर बरसात का पानी पड़ोसी के खेत में जाने को लेकर चले लाठी डंडों में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया है।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला नवादा निवासी सुलेमान के थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर में खेत हैं। शनिवार को बरसात होने की वजह से सुलेमान के खेत की मेड़ टूटकर पानी सरायतरीन निवासी व्यक्ति के खेत में लगी धान की पौध में भर गया।

रविवार की सुबह आठ बजे सुलेमान अपने बेटे इमरान व तहेरे भाई मशकूर के साथ खेत पर गया था। आरोप है कि बरसात का पानी धान की पौध में जाने को लेकर पड़ोसी खेत वाला गाली गलौज करने लगा।

विरोध किया तो व्यक्ति ने सगे दो भाइयों व बहनोई के साथ मिलकर लाठी डंडों से मारपीट करते हुए सुलेमान, मशकूर व इमरान को घायल कर दिया। आसपास के लोग मौके पर इकठ्ठा हुए तो व्यक्ति धमकी देते हुए अपने भाइयों व बहनोई के साथ भाग गया।

हयातनगर में मारपीट में घायल लोग।

- तीन लोग घायल,घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया

जेवर वापस मांगने पर साले व पत्नी ने मारपीट कर किया घायल

संभल/धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव सैमला भूड़ निवासी वेदपाल ने रविवार को थाने पहुंचकर साले व पत्नी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कहा कि आठ वर्ष पहले शादी बदायूं जिले के गांव कोठा निवासी मुन्नी के साथ हुई थी। शादी के तीन वर्ष बाद वेदपाल का साला राजेश बहन मुन्नी के मायके आया और जेवर मांगकर लेकर गया था। जेवर साहूकार के यहां गिरवी में रखकर मिले रुपयों से राजेश ने जमीन खरीदी थी। वेदपाल ने जब राजेश से जेवर वापस करने को कहा तो इसी बात को लेकर दंपति में विवाद हो गया। आरोप है कि रविवार की सुबह राजेश बहनोई वेदपाल के घर आ या। राजेश ने वेदपाल को दबोच लिया और बहन मुन्नी के साथ मिलकर मारपीट करते हुए वेदपाल को घायल कर दिया।

सार-संक्षेप

भक्ति भाव से किया सुंदरकांड का पाठ, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

गुन्नौर, अमृत विचार : नगर के मुहल्ला सराय स्थित प्राचीन सीताराम मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ भक्तिभाव से किया गया। संकीर्तन मंडल की साधक टोली ने ढोलक, हारमोनियम और मजीरा आदि के साथ संगीतमय सुंदर कांड का पाठ किया। मंडली के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्राचीन सीताराम मंदिर में शनिवार को रात कार्यक्रम की शुरूआत में राम दरबार एवं हनुमंत लाल के मंदिर में अखंड ज्योति प्रज्वलित करके की गई। गणपति पूजन और हनुमान चालीसा के बाद सुंदरकांड के संगीतमय पाठ में करतल ध्वनि के साथ उपस्थित भक्तों ने सुंदरकांड की चौपाइयों का गायन किया। आचार्य अमित महाराज ने हनुमान की महिमा बताते हुए कहा कि हनुमान के बिना राम नहीं मिल सकते। उन्होंने तुलसीदास की चौपाई मोरे मन प्रभु अस विश्वासा, राम से बड़ा राम का दासा का उदाहरण देते हुए कहा कि जो हनुमान को श्रद्धा और विश्वास पूजता है, संकट मोचन उनके सारे संकट दूर कर देते हैं। बिहारी दास महाराज ने आ लौट के आजा हनुमान, तुझे तेरे राम बुलाते हैं व दुनियां चले न श्रीराम के बिना, राम जी चले न हनुमान के बिना भजन सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर किया। अंत में यजमान देवदत्त शर्मा ने श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरित किया। इस दौरान नेक सिंह कुशवाहा, शिवरतन अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, रामनारायण खड़गवंशी, रामबाबू यादव, अनिल कुमार आदि रहे।

आरोग्य मेले में 3176 मरीजों का निःशुल्क उपचार

संभल, अमृत विचार : संभल जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3176 मरीजों का नि:शुल्क उपचार हुआ। वहीं 161 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मेले में 42 चिकित्सकों और 110 पैरा मेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। मेले में 1203 पुरुषों, 1148 महिलाओं और 825 बच्चों का नि:शुल्क उपचार किया। 110 लोगों की एंटीजन टेस्ट किट से कोविड की जांच की तो सभी निगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 161 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श व परिवार नियोजन संबंधी सामग्री के लिए अलग से काउंटर बनाए गए। आयुष विभाग के चिकित्सकों ने सहयोग किया। डीएम के निर्देश पर आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया। मेले का सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा समेत कई अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

भाजपा नेता बोले, मुहिम से जुड़ कर करें पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : ग्रीन संभल कॉरिडोर के तहत चल रहे पौधरोपण कार्यक्रम में भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने पौधा लगाया। लोगों को संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाए।

रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम मुहल्ला दुर्गा कॉलोनी में स्थित अमृत सरोवर पार्क में किया गया। जहां भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने पौधरोपण किया। भाजपा नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता, सभासद महावीर सिंह, मुकेश शर्मा, गणेश शर्मा, सुरेश अटल और ग्रीन संभल कॉरिडोर मुहिम की टीम से राजकुमार शर्मा, धर्मेंद्र सिंह ,रामकिशन ठकराल भी रहे। यहां अर्जुन और जामुन के पौधे लगाए गए। लोगों ने पौधरोपण के कार्य की सराहना की। लोगों ने कहा कि ऐसी कोई जगह नहीं मिलती जहां पेड़ की छाया में बैठ सकें। ग्रीन संभल कॉरिडोर को धन्यवाद देते हुए मुहिम को सराहा। भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि यह मुहिम पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू की गई है। लोग मुहिम से जुड़कर पौधरोपण करने का काम करें। बताते चलें कि मुहिम को लेकर सभी वर्गों और हर तबके के सहयोग से संभल में हरियाली फैलाने का संदेश दिया जा रहा है। सभी धर्मिक लोगों से भी संपर्क हो रहा है।

अमृत सरोवर पर पौधरोपण करते भाजपा नेता राजेश सिंघल व अन्य।

- ग्रीन संभल कॉरिडोर मुहिम के तहत किया पौधरोपण

किशोरी से दुष्कर्म मामले में एक माह बाद रिपोर्ट दर्ज

असमोली, अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म में पुलिस ने एक माह बाद मुकदमा दर्ज कराया गया है। पिता का कहना है कि घटना के बाद से किशोरी सहमी थी और उसने अब घटना के बारे में बताया।

पिता का कहना है कि गांव का ही औरंगजेब ने एक माह पहले 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर घर से भगा कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इसके साथ ही औरंगजेब ने किसी को बताने पर किशोरी को जान से मारने की धमकी दी थी। घर पहुंचने के बाद किशोरी गुमसुम रह रही थी। बार बार पूछने पर किशोरी ने रविवार को अपनी मां को सारी बताई। किशोरी की बात सुनकर परिजनों के होश उड़ गए और परिजन किशोरी को लेकर थाने आ गए। किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने औरंगजेब के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

गौहत में जलभराव से निजात के लिए नाले की खोदाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

- बारिश के बाद से बने हैं नरकीय हालात, ग्रामीणों में आक्रोश
- कई परिवार घरों की छतों पर रहने को मजबूर

अमृत विचार : विकास खंड पंवासा के गांव गौहत में बारिश से बाद से जलभराव के कारण नरकीय हालात बने हैं। ग्रामीणों के घरों में पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों का रास्ते से निकलना दुश्वार हो गया है। इस बीच रविवार को कई अधिकारियों ने गांव का जायजा लेकर जेसीबी से नाला खुदाई का कार्य शुरू करा दिया।

गांव गौहत में तेज बारिश के कारण न सिर्फ रास्ते में जलभराव है बल्कि ग्रामीणों के घरों में भी कई-कई फिट पानी भरा है। कई परिवार घरों की छतों पर रहने के लिए मजबूर हैं। आलम यह है कि घरों में चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं। कई ग्रामीण सामान को दूसरे स्थानों पर शिफ्ट कर रहे हैं। असमोली विधायक पिंकी यादव ने भी इस मामले को लेकर डीएम से बात की थी। एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने भी गांव के हालात का जायजा लेकर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए थे। शनिवार को गुस्साए ग्रामीणों ने प्रदर्शन भी किया था। रविवार को नायब तहसीलदार, एसीओ चकबंदी, एडीओ पंवासा टीम के साथ गांव पहुंचे। अधिकारियों ने जेसीबी से नाला खुदाई शुरू करा दी। जिससे ग्रामीणों को जल्द ही जलभराव से निजात मिल जाने की उम्मीद हुई।

जेसीबी से खोदा जा रहा नाला।

ओवरब्रिज निर्माण के लिए गड्ढे खोदते मजदूर। ● अमृत विचार

बारिश के चलते धीमी गति से हो रहा ओवरब्रिज निर्माण

चन्दौसी, अमृत विचार : मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण में बारिश बाधा बनने लगी है। जितनी तेजी से निर्माण आरंभ हुआ, मगर बारिश होने से कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। वहीं निर्माण कार्य के चलते यातायात पूरी तरह बाधित है। सोमवार को मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर निर्माण कार्य आरंभ कर दिया गया। मशीनों से ओवरब्रिज बनाने के लिए पिलर बनाने को गड्ढे खोदने का आरंभ शुरू कर दिया था। मगर बारिश होने से कार्य प्रभावित हो गया। गड्ढा खोदने के लिए मशीन से मिट्टी निकाले जाने का कार्य किया गया। मगर बारिश होने से मिट्टी पुन : गड्ढे में जाने से कार्य प्रभावित हो रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से निर्माण कार्य को धीमी गति से करने का निर्णय लिया गया। रविवार को भी कार्य नहीं हुआ। वहीं निर्माण कार्य के चलते बड़े वाहन सहित ई-रिक्शा का आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। केवल बाइक सवार व पैदल जाने वालों को ही आने-जाने की इजाजत दी गई है। कुछ दिन बाद कार्य में तेजी आने पर यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा।

सिर्फ एक डॉक्टर के भरोसे स्वास्थ्य केंद्र, रोगी परेशान

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

- सौंधन मोहम्मदपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल, रात में नहीं प्रसव की सुविधा

अमृत विचार : मौसम बदलने पर संक्रामक रोगों की चपेट में आकर लोग बीमार हो रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है लेकिन सौंधन मोहम्मदपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सिर्फ एक डॉक्टर होने से परेशानी हो रही है। यहां रात के वक्त गर्भवतियों के प्रसव की सुविधा भी नहीं है। मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों के यहां जाना पड़ता है।

विकास खड पंवासा की ग्राम पंचायत सौंधन मोहम्मदपुर में रोजाना करीब 200 मरीज आते हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर सिर्फ एक चिकित्सक डॉ. हसीब खान, स्टाफ नर्स रीना कश्यप की तैनाती है। एक डॉक्टर पर ही मरीजों को देखने की जिम्मेदारी है। स्टाफ बेहद कम होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि स्वास्थ्य केंद्र पर दिन में तो प्रसव हो जाता है लेकिन रात में यह सुविधा नहीं है। अगर रात में प्रसव पीड़ा से परेशान गर्भवती को लाया जाता है तो बैरंग लौटना पड़ता है क्योंकि स्वास्थ्य केंद्र पर ताला मिलता है। ऐसे में गर्भवतियों को झोलाछाप डॉक्टरों के यहां लेकर जाना पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गंदगी का अंबार भी लगा है। खिड़कियों की जाली टूटी है। गंदगी में मच्छर पनप रहे हैं। ऐसे में बीमारी दूर करने वाले स्वास्थ्य केंद्र खुद बदहाल बना है।

> पीएचसी पर एक डॉक्टर व स्टाफ नर्स की तैनाती है। रात को अस्पताल में रुकने की व्यवस्था न होने से रात्रि में प्रसव नहीं किए जाते हैं। अगर दिन में गर्भवती महिलाएं आती हैं तो उनका प्रसव किया जाता है। अस्पताल में स्टाफ की व्यवस्था नहीं है।
>
> -डॉ. हसीब खान, एमओ

मुद्दा 28 जून को अमृत विचार ने प्रकाशित की थी खबर, विभाग में चेतना हुई जागृत

आखिर पीडब्ल्यूडी ने शुरू कराया मार्ग का समतलीकरण

अमृत विचार खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : असमोली क्षेत्र के गांव मनोटा, शहबाजपुर कला व अन्य में सड़कों के निर्माण के बाद मार्ग के समतलीकरण नहीं होने को लेकर अमृत विचार ने खबर प्रकाशित कर मुद्दा उठाया तो पीडब्ल्यूडी विभाग में चेतना जागृत हो गई। विभाग ने दो गांवों में मार्गों का समतलीकरण करना शुरू करा दिया है। जिससे लोगों को आवागमन में सहूलियत मिल सकेगी।

पीडब्ल्यूडी ने मनोटा-चौधरपुर मार्ग पर गांव मनोटा, शहबाजपुर कला में आबादी के बीच सड़क और नालों का निर्माण कराया लेकिन मार्ग का समतलीकरण नहीं हुआ था। जिसके कारण बाइक सवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। चार दिन पहले गांव धुरैटा निवासी हाफिज मेहरबान भी मनोटा में नवनिर्मित सड़क की ठोकर पर बाइक से उछलकर सड़क पर गिरने से घायल हो गए थे। अमृत विचार ने 28 जून के अंक में पेज 8 पर मार्ग समतल न होने से गिरकर चोटिल हो रहे लोग...शीर्षक से खबर प्रकाशित की। जिसमें बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही के कारण हादसे हो रहे हैं। खबर का असर यह रहा कि पीडब्ल्यूडी ने गांव शहबाजपुर कला और मनोटा में मार्ग समतल करने का काम शुरू करा दिया है। सड़क के किनारे काम चल रहा है। बहरहाल, मार्ग समतल होने से लोगों को आवागमन में आसानी होगी जिससे हादसों की रोकथाम भी हो सकेगी।


मनोटा-शहवाजपुर मार्ग पर समतलीकरण करती जेसीबी।

मार्ग समतल न होने से गिरकर चोटिल हो रहे लोग

अमृत विचार में प्रकाशित समाचार। ● अमृत विचार

- सड़क की ठोकर पर बाइक से उछलकर सड़क पर गिरने से घायल हो गए थे हाफिज मेहरबान
- इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत मिल सकेगी

संगठन के स्थापना दिवस पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर पंचायत नरौली में रविवार को जाहरवीर मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल का स्थापना दिवस मनाया गया और हनुमान चालीसा की पाठ किया। जिसमें कमल सैनी ने कहा कि नगर पंचायत के प्रत्येक मंदिर पर हनुमान चालीसा पाठ किया जाए। कहा कि हर हिंदू को एकजुट होने की जरूरत है। दीपक कश्यप एडवोकेट ने कहा कि अपने धर्म के प्रति जागरूक रहें और अपने धर्म को ही सर्वोपरि मानें। कार्यक्रम संयोजक टीटू सैनी रहे। इस दौरान परिषद के जिलाध्यक्ष अशोक त्रिवेदी और राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष अजीत सैनी, विक्की कश्यप, बंटी सैनी, कमल सैनी, अजय दिवाकर आदि उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब के डॉ. संजय बने अध्यक्ष, मलयकांति सचिव

संभल, अमृत विचार : रोटरी क्लब संभल सिटी की नये अध्यक्ष व सचिव का चुनाव सर्वसम्मति से हो गया। डा. संजय वार्ष्णेय को अध्यक्ष, मलय कांति को सचिव जबकि मानस गर्ग को कोषाध्यक्ष चुना गया है डॉ. सुशीला सक्सेना हॉस्पिटल परिसर में आयोजित बैठक में वर्ष 2024- 25 के लिए नई कार्यकारिणी के गठन पर मंथन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए रोटेरियन डॉ. संजय वार्ष्णेय के नाम का प्रस्ताव आया तो सर्वसम्मति से सभी ने मंजूरी दे दी। इसी तरह सचिव पद के लिए मलय कांति जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए मानस गर्ग को चुन लिया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. संजय वार्ष्णेय ने कहा कि क्लब सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करेगा। मेडिकल कैंप के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किए जाएंगे। बैठक में सिद्धार्थ शांतनु सक्सेना, डॉ. राजेश अग्रवाल,प्रभात मल्होत्रा, आशुतोष रस्तोगी,तन्मय अग्रवाल,डिपी, अनुराग रस्तोगी, अंकित गोयल, अजय सिंघल, आशीष गर्ग आदि रहे।

डा. संजय वार्ष्णेय।

मलय कांति।

एक नजर

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में पहुंचे 42 मरीज

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : रविवार को कुढ़फतेहगढ़ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 42 रोगी पहुंचे। जिन्हें चिकित्सकों ने दवाएं दीं | सबसे अधिक बुखार एवं चर्म रोग संबंधित रोगी पहुंचे | मेले में डॉ. अरशद अली, फार्मासिस्ट देवेंद्र सिंह, शिल्पी कुमारी स्टाफ नर्स, नेत्रपाल मौर्य लैब टेक्निशियन एवं क्षेत्रीय आशाएं उपस्थित रहीं ।

सीएचसी में पंखे से मरीज को हवा करने का वीडियो वायरल

गुन्नौर,अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में एक व्यक्ति स्ट्रेचर पर पड़े मरीज को हाथ के पंखे से हवा कर रहा है। इसका वीडियो वायरल हो रहा है, जो सरकारी अस्पताल में सुविधा को ठेंगा दिखा रहा है। सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में लगे पंखे ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में तीमारदार अपने घर से ही लाए हाथ का पंखे से हवा करके मरीज को गर्मी से बचाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। रविवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें एक व्यक्ति स्ट्रेचर पर पड़े मरीज को हाथ के पंखे से हवा करता दिखाई दे रहा है। अस्पताल प्रशासन इस बारे में कुछ भी बोलने से बच रहा है।

मकान का मलबा गिरने से महिला घायल

गुन्नौर, अमृत विचार : गांव असदपुर में अचानक मकान गिरा तो मलबे में दबकर घर में मौजूद विधवा महिला घायल हो गई। रविवार को बारिश के दौरान ज्ञानवती नाम की महिला का मकान अचानक गिर पड़ा। जिस समय हादसा हुआ उस समय ज्ञानवती घर में ही थी। ऐसे में वह मकान के मलबे में दब गई। गंभीर रूप से घायल ज्ञानवती को गुन्नौर सीएचसी से हायर सेंटर रेफर किया गया है।

टाउन फोर की आपूर्ति बाधित,लोग बेहाल

संभल,अमृत विचार : विद्युत उप केंद्र में खराबी से संभल शहर के टाउन फोर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोग बेहाल हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फीडर की सीटी खराब होने की वजह से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। उपकरण मंगाकर आपूर्ति सुचारू करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

पत्नी ने लगाया बैंक कर्मचारियों व अन्य लोगों पर पति को परेशान करने का आरोप

बैंक में नौकरी को लेकर कई दिन से परेशानी महसूस कर रहे थे षडानन

श्याम मिश्रा, चन्दौसी

अमृत विचार: कई वर्षों से षडानन प्रथमा बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्य कर रहे थे। उनकी पत्नी बैंक के कामकाज व अन्य कुछ लोगों द्वारा पति पर दबाव बनाने व परेशान करने के मामले से पूरी तरह परिचित थीं। क्योंकि वह अक्सर अपनी पत्नी को अपनी पीड़ा बताते थे। पत्नी को अहसास ही नहीं हो रहा कि उनके पति गोली मारकर आत्महत्या कर सकते हैं। वह विलाप करने के दौरान कुछ लोगों को भला-बुरा कह रही थीं।

जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव बहोरनपुर नरौली में प्रथमा बैंक शाखा में षडानन असिस्टेंट मैनेजर थे। पिछले कुछ दिनों से कार्य को लेकर तनाव महसूस कर रहे थे।

शायद उन पर कार्य का बोझ अधिक था। पति द्वारा गोली मारकर आत्महत्या करने की बात पत्नी सविता के गले नहीं उतर रही है।

चन्दौसी में प्रथमा बैंक शाखा सहायक प्रबंधक की मौत के बाद बिलखती पत्नी को ढांढस बंधाती महिलाएं। ● अमृत विचार

चन्दौसी में प्रथमा बैंक शाखा सहायक प्रबंधक की मौत के बाद घटनास्थल का जायजा लेते एसपी। ● अमृत विचार

● पत्नी कह रही ,वह कभी आत्महत्या करने की सोच नहीं सकते थे,सुसाइड नोट भी नहीं मिला

घटना की जानकारी होने पर विलाप करते समय सविता कह रही थी कि उनके पति अपनी दोनों पुत्रियों को बेहद प्यार करते थे। इसलिए वह कभी आत्महत्या करने की सोच नहीं सकते थे। वह बार-बार संभल के कुछ लोगों पर रुपये न देने व बैंक शाखा के कर्मचारियों पर परेशान करने की बात कह रही थी। कह रहीं थीं कि वह किसी को नहीं छोड़ेंगी।

सरिता ने बताया कि पांच वर्ष नौकरी करने के बाद भी बैंक के लोगों ने उनका प्रमोशन नहीं होने दिया। उन पर कार्य का अधिक दबाव था। जिससे घर में भी परेशान रहते थे।

अक्सर पत्नी सरिता से अपनी परेशानी को लेकर बातचीत भी करते थे। पत्नी ने बताया कि वह तमंचे जैसी चीजों से बहुत दूर रहते थे। फिर उनके पास से दो-दो तमंचे कैसे मिले।

नहीं मिला सुसाइड नोट

चन्दौसी, अमृत विचार : अक्सर देखा गया कि जब कोई शख्स आत्महत्या करता है, तो सुसाइड नोट छोड़ कर जाता है। मगर प्रथमा बैंक के असिस्टेंट मैनेजर ने आत्महत्या से पहले कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है। जबकि बैंक के कार्य से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। बहरहाल पुलिस हर पहलू को लेकर जांच कर रही है।

मृतक की पत्नी से मिले पुलिस अधीक्षक

चन्दौसी, अमृत विचार : असिस्टेंट मैनेजर षडानन द्वारा आत्महत्या करने के बाद एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, एएसपी श्रीशचंद्र व अन्य पुलिस अधिकारियों ने मृतक की पत्नी सरिता से घर जाकर जानकारी की। इस दौरान मीडिया कर्मियों को बाहर निकाल दिया गया। बताया गया कि सरिता ने पुलिस को जो जानकारियां उपलब्ध कराई है। उन पहलुओं पर भी पुलिस जांच कर रही है।

संविदा कर्मियों ने मशाल जुलूस निकाल कर जताया विरोध, कहा-मांगें पूरी हों

उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन संविदा कर्मचारी संघ के आह्वान पर निकाला जुलूस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर रविवार की शाम विद्युत वितरण खण्ड चन्दौसी परिसर में मशाल जुलूस निकालकर लंबित विभिन्न मांगों को पूरा किए जाने की मांग की।

बताया गया कि उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन की ओर से आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों से अनुबंध कर लाइन मैन उपकेंद्र परिचालक आदि जैसे घातक व तकनीकी कार्य कराया जा रहा है। वेतन भुगतान में भेदभाव करते हुए सैनिक कल्याण निगम में तैनात उपकेंद्र परिचालकों का अनुबंध 30 हजार रुपये है। जबकि संविदा कर्मी के माध्यम से तैनात उपकेंद्र परिचालकों का अनुबंध मात्र 13 हजार रुपये है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने घोषणा के बाद भी मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस नहीं लिया। कर्मचारियों के स्थानांतरण व पूर्व से कार्य कर रहे संविदा उपकेंद्र परिचालकों के स्थान पर सैनिक कल्याण निगम से कर्मचारियों को तैनात करने से संबंधित मामला उच्च न्यायालय में लंबित है। इसके बाद भी कर्मचारियों का स्थानांतरण करने व पूर्व से कार्य कर रहे संविदा उपकेंद्र परिचालकों के स्थान पर सैनिक कल्याण से कर्मचारियों को तैनात करने का आदेश दिया गया है। इसी विरोध में विद्युत वितरण खण्ड परिसर में कर्मचारियों ने मशाल जुलूस निकाल कर विरोध जताया है। मशाल जुलूस में जिलाध्यक्ष करन पाल सिंह, नदीम जैदी, प्रमोद कुमार, सुखवीर, रविंद्र चौधरी, सत्यनारायण यादव, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

अपनी मांगों को लेकर मशाल जुलूस निकालते संविदा बिजली कर्मचारी।

बिजली संविदा कर्मियों ने निकाला कैंडल मार्च

संभल, अमृत विचार : संभल में रविवार को देरशाम मुख्य बिजलीघर से संविदा कर्मचारियों ने कैंडल मार्च शुरू किया। हाथों में कैंडल लेकर कर्मचारी चंदौसी चौराहा तक आए। कर्मचारियों ने कहा कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जा रहे। घायल कर्मचारी का कैशलेस उपचार नहीं हो रहा। कार्य के दौरान अपंग हुए कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति नहीं दी जा रही। ईपीएफ घोटाले की जांच नहीं कराई जा रही। घोटाले की रकम वसूल कर कर्मचारियों के ईपीएफ के पैसे को उनके भविष्य निधि खाते में जमा नहीं कराया जा रहा। महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश नहीं दिया जा रहा। 55 वर्ष की अवस्था में ही कर्मचारियों को सेवानिवृत्त किया जा रहा है। कहा कि इन सभी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इस दौरान संघ के पश्चिमांचल महामंत्री अभिनंदन शर्मा, जिलाध्यक्ष किरनपाल सिंह समेत तमाम कर्मचारी रहे।

कल्कि जयंती से शुरू होगा धाम निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कल्कि धाम निर्माण के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि 9 अगस्त को कल्कि जयंती के दिन से कल्कि धाम निर्माण का कार्य शुरु होगा। पहले चरण में मिट्टी की खोदाई जबकि दूसरे चरण में खोदे गये गड्ढे में पत्थर की भराई का कार्य होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 फरवरी को ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम निर्माण का शिलान्यास किया था। माना जा रहा था कि शिलान्यास के तुरंत बाद निर्माण कार्य शुरु हो जायेगा लेकिन निर्माण एजेंसी चयन व अन्य व्यवस्थाओं को पूरा करने की प्रक्रिया के चलते अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया था। अब 9 अगस्त ने कल्कि धाम निर्माण का निर्माण कार्य शुरु हो जायेगा। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बताया कि पहले चरण में मिट्टी खुदाई का कार्य किया जायेगा। परिसर में बीस फीट गहराई तक मिट्टी खोदने का कार्य छह माह में पूरा होगा। इसके बाद खोदी गई जगह में पत्थर भरा जायेगा। उन्होंने बताया कि 2029 तक कल्कि धाम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मंदिर का उद्घाटन होगा।

कल्कि धाम शिलान्यास परिसर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● 9 अगस्त को पहले चरण में होगा मिट्टी खोदाई का कार्य
● दूसरे चरण में पत्थर भराई की जायेगी

लखनऊ व बाराबंकी से दर्शन पूजन को पहुंचे श्रद्धालु

संभल,अमृत विचार : कल्कि धाम व धाम के शिलान्यास स्थल को देखने के लिए रविवार को लखनऊ व बाराबंकी से पचास से ज्यादा श्रद्धालु ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। इन श्रद्धालुओं ने सुबह को कल्कि धाम परिसर में हुए यज्ञ में हिस्सा लिया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कल्कि धाम शिलान्यास स्थल की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की। वहीं सीएजेएम अनिल यादव ने परिसर में पौधारोपण किया।

ई रिक्शा चालक को ईंट मारकर किया घायल

गुन्नौर, अमृत विचार : बिरयानी की ठेली के आगे ई रिक्शा खड़ा करना दिव्यांग चालक को भारी पड़ गया। मामूली कहासुनी में बिरयानी विक्रेता ने ई रिक्शा चालक के सिर में ईंट मारकर घायल कर दिया।

कस्बे के मुहल्ला टंकी निवासी दिव्यांग तसलीम (28 वर्ष) पुत्र सलीम ई रिक्शा चलाता है। रविवार शाम को 4 बजे नेहरू चौराहे पर सवारियां उतारने के बाद उसने ई रिक्शा तौफीक की बिरयानी की ठेली के आगे खड़ा कर दिया। बताया गया है कि तौफीक ने ई रिक्शा हटाने को कहा तो दोनों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि भड़के तौफीक ने ईंट उठाकर तसलीम के सिर में मार दी। जिससे वह बेहोश हो कर जमीन पर गिर गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हालत गंभीर होने पर उसे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया।

विपक्ष के कुछ नेता देख रहे थे विश्व कप में भारत की हार का सपना:प्रमोद

कार्यालय संवाददाता,संभल

● आचार्य बोले कुछ नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर होना चाहते थे हमलावर

अमृत विचार: पूर्व कांग्रेस नेता व कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कुछ नेता क्रिकेट विश्वकप में भारत की हार का सपना देख रहे थे। इनकी तैयारी थी कि भारत हारे तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर हों।



आचार्य प्रमोद कृष्णम।

कल्कि धाम ऐंचोड़ा कंबोह में पत्रकार वार्ता के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कुछ नेता नरेंद्र मोदी से इतनी नफरत करते हैं कि मोदी से नफरत करते-करते वह भारत से नफरत करने लगे हैं। तीसरी बार नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बना इस बात का सबूत है कि भारत के हौसले बुलंद हैं, भारत के खिलाड़ियों के हौसले बुलंद हैं। अगर नरेंद्र मोदी की जगह और कोई प्रधानमंत्री होता तो भारत के खिलाड़ियों का मनोबल इतना बढ़ा न होता। जैसे हम क्रिकेट में विश्व विजेता बने हैं वैसे ही हम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनेंगे। अयोध्या में भाजपा की हार पर कहा कि भाजपा की हार को अयोध्या की हार समझ लेना गलत है। किसी प्रत्याशी की जीत को अयोध्या की जीत और किसी की हार को अयोध्या की हार कहना गलत है। अयोध्या न कभी हारी है, न कभी हारेगी। अयोध्या हार गई तो सनातन हार जाएगा और सनातन कभी हार नहीं सकता।

कलर बैल्ट परीक्षा के बाद ताइक्वांडो खिलाड़ी। ● अमृत विचार

ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा में दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: किड्स ताइक्वांडो अकादमी में कलर बेल्ट टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें अकादमी के 35 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। परीक्षक के रूप में मुस्तफा व मुख्य परीक्षक के रूप में मुरादाबाद से आए तकी इमाम (नेशनल रेफरी व इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी द्वारा नियुक्त) रहे। कलर बेल्ट परीक्षा में छोटे-छोटे ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने अपने-अपने हुनर का बेहतरीन तरीके से प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चियों ने दिखाया कि वह अपनी रक्षा स्वयं कर सकती हैं। जरुरत पड़ने पर उन्हें किसी सहारे की जरुरत नहीं पड़ेगी। प्रतियोगिता में कुनाल, गौतम, आर्यन, अभिनव, आराधिया, पाखी, अमायरा, तेजेस्वी, शिवन्या, नव्या, दृष्टि, श्रया, सारांश, पावनी, विधि, गौरांशि, श्रेय, सार्थक पाल, परिधि, पार्थी, आरोही, दिव्यांशी, शायेना, आहिल, अद्विक, कार्तिका, सायेसा व ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी शुभ, संस्कार, वेदांत पाठक, मोहम्मद अफ्फान, नेशनल खिलाड़ी अंशी गुप्ता आदि मौजूद रहे। कोच अंकुश राणा ने बताया कि ब्लैक बेल्ट उत्तीर्ण करने से पहले सात कलर बेल्ट परीक्षा को उत्तीर्ण करना होता है, उसके बाद खिलाड़ी ब्लैक बेल्ट परीक्षा देने योग्य होता है। अंत में फाइट कैंप भी लगाया। जिसमें बच्चों को न्यू टेक्नीक्स सिखाई गई। बताया गया कि दो से चार अगस्त को होने वाली स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में किड्स ताइक्वांडो अकादमी के 15 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिसके लिए कैंप आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव आशु कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

जल निगम के खिलाफ युवा व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मुंसिफ रोड पर किया प्रदर्शन

अमृत विचार: अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल व सभासदों ने रविवार को मुंसिफ रोड पर जल निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जल निगम द्वारा नव निर्मित सड़कों में गड्ढे खोदे जाने पर रोष व्यक्त किया।

व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि जल निगम नहीं चाहता की चन्दौसी गड्ढा मुक्त शहर हो। एक तरफ नगर पालिका सड़क बनवाती है। दूसरी तरफ जल निगम गड्ढा कर देता है। लापरवाही का ये आलम है जल निगम के कर्मचारी सड़क में गड्ढा तो कर देते है, पर गड्ढों को सड़क के लेवल में भरते नहीं हैं। जिससे आए दिन बाइक सवार चोटिल होते रहते हैं। इतना ही नहीं जिम्मेदार फोन नहीं उठाते।

कहा कि शहर में जल निगम की ओर से जिन पानी के पाइपों को डाला गया है उनकी गुणवत्ता बहुत खराब हैं। जो पानी का प्रेशर नहीं उठा पाते है और फट जाते हैं। जिम्मेदार अधिकारी मूक दर्शक बने हैं । कोई कुछ सुनने व देखने को तैयार नहीं है। इस लापरवाही से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। जब तक जलनिगम के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जाती है तब तक अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल आंदोलन करता रहेगा। प्रदर्शन करने वालों में सभासद अमन कोली, सचिन रस्तोगी, निशान्त शर्मा, शिव कुमार सैनी, मनोज कुमार, अन्ना खान समेत शुभम अग्रवाल, राजा कुरेशी, मुजीब, रिजाउल आदि व्यापारी शामिल रहे।

सुबह मौसम सुहाना दोपहर में गर्मी से त्रस्त

संभल, अमृत विचार : लगातार चौथे दिन रविवार को सुबह के वक्त भी रिमझिम बरसात हुई तो मौसम सुहाना हो गया। लोगों ने राहत महसूस की लेकिन समय बढ़ने पर चिलचिलाती धूप के कारण उमस बढ़ गई। जिसके बाद से माथे से पसीना टपकने लगा तो लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रविवार को सुबह के समय रिमझिम बारिश हुई और ठंडी हवा चली। लोगों ने खिले चेहरों के साथ कामकाज वाले स्थानों का रुख किया। समय बढ़ने पर चिलचिलाती धूप निकल आई और उमस बढ़ने लगी तो लोग बेहाल नजर आए। हालांकि पंखे और कूलर के सहारे राहत महसूस हुई। आलम यह रहा कि शाम को छह बजे तक चौराहों और बाजारों में रौनक का माहौल नहीं बन सका। उस वक्त भी तेज धूप के कारण अधिकतर लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए।

सार-संक्षेप

वृद्धजनों को भोजन कराते भारत विकास परिषद नव उदय शाखा के पदाधिकारी।

वृद्धजनों की आंखों का परीक्षण कर कराया भोजन

चन्दौसी, अमृत विचार : भारत विकास परिषद नव उदय शाखा चन्दौसी की ओर से रविवार को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वृद्ध आश्रम कैथल गेट में शिविर लगा कर वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण कराया गया। डॉ. तनुज गोयल एवं उनके सहयोगी डॉ. नमिना, आयुषी एवं स्पर्श ने वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण किया और जरुरतमंदों को दवा तथा चश्मा वितरण किया। इसके उपरांत सभी वृद्ध जनों को संस्था के सदस्यों ने भोजन कराया। अध्यक्ष प्रभाष चंद्र चौधरी ने कहा कि हमारी संस्था समाज सेवा के लिए समर्पित संस्था है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भविष्य में भी वृद्धजनों के सेवार्थ कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अतुल शंकर चौधरी, विकास गोयल, पराग बंसल, अंकुर अग्रवाल, मधुर वार्ष्णेय, दीपक गुप्ता एडवोकेट, मोहित गोयल, अंकुर गोयल, विष्णु शर्मा एडवोकेट, नितिन गुप्ता, प्रतिमा गोस्वामी, अशोक अग्रवाल, अजय शर्मा, मोनिका शर्मा, पूजा अग्रवाल, सावित्री अग्रवाल, आर्यन गुप्ता, छवि बंसल आदि उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के मन की बात का लाइव प्रसारण देखते भाजपाई। ● अमृत विचार

भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

चन्दौसी, अमृत विचार : भाजपा नगराध्यक्ष के सुभाष रोड स्थित कार्यालय पर भाजपाइयों ने एलईडी पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 111वां लाइव प्रसारण प्रसारण देखा और सुना। भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश की जनता जनार्दन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगामी सप्ताह में होने वाले 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को लेकर चर्चा की। जिसमें हर कार्यकर्ता को अपने बूथ पर एक पेड़ लगाना आवश्यक है। इस दौरान डॉ. टीएस पाल, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, शुभम अग्रवाल, आकाश आहूजा, सभासद अमन कोरी, क्रांति कुमार, सुंदर पाल, आकाश शर्मा, तुषार अग्रवाल, अनुभव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

चन्दौसी, अमृत विचार : रविवार को कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर स्थित पंचायत घर पर ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन की एक बैठक हुई। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा हुई और संगठन को अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी साथियों से संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष ठाकुर वीरेश कुमार ने कहा कि अति शीघ्र ही संगठन का विस्तार कर सभी को जिम्मेदारियां दी जाएगी और संगठन पत्रकारों के हित के लिए कार्य करेगा। बैठक में वीरेश ठाकुर, रामप्रकाश यादव, विकास श्रीवास्तव, जुगल किशोर शर्मा, रिंकू चौहान, अरविंद कुमार, अशोक कुमार, योगेश राघव, गिरीश चंद्रा, ऋषि पाठक, राजकुमार दिवाकर, आशुतोष भारद्वाज , जरीफ अहमद आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

दुनिया में देव हजारों हैं, बजरंग बली क्या कहना...

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से रविवार की शाम सीएचसी परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. योगेंद्र प्रसाद दीक्षित ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, राजेश शंखधार, अजय सक्सेना, गुलशन अरोरा, राजकुमार सक्सेना, जेएन मिश्रा, रवि शंकर शर्मा, ब्रजेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयां का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, सुधा शर्मा ने दुनिया में देव हजारों हैं, बजरंग बली का क्या कहना आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। राकेश चौबे, टीसी शर्मा, पीएन शर्मा, मुरलीधर, गिरिराज किशोर, जयपाल सिंह, मनोज शर्मा, गंगाराम शर्मा, विजय शर्मा, विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

गांव बिचैटा काजी की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष राजेश यादव।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय यादव महासभा की बैठक का आयोजन कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बिचैटा काजी में किया गया। जिसमें समाज में फैली कुरीतियां मृत्यु भोज, दहेज प्रथा, मद्य निषेध, अशिक्षा आदि पर चर्चा की गई। जिसमें महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम व परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। बताया गया कि कार्यक्रम में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के उपाय व लोगों को जागृत करने के लिए समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रो में बैठक करने का निर्णय लिया गया। कहा कि हम अपने बच्चों को उचित शिक्षा दिलाएं ताकि वह बढ़े होकर अच्छा इंसान बन सकें। साथ ही नशे से दूर करने की नसीहत दी तथा नशा मुक्त समाज बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर राम गोपाल यादव, जीपीएस यादव, बृजेश कुमार यादव, अमर सिंह यादव, सर्वेंद्र सिंह यादव, मुनेश यादव, सत्येंद्र सिंह यादव, सत्य प्रकाश यादव, हरि सिंह यादव, रजत यादव, राजेंद्र सिंह यादव, कमल सिंह यादव, वीरपाल सिंह, चंद्रवीर सिंह, महीपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, फूल सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव, विजय सिंह यादव, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागरा:।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधव:।।

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

संपादकीय

बदलते दौर का भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में भारत के सांस्कृतिक गौरव के साथ देश की विविधता की चर्चा की। उन्होंने देश के 65 करोड़ से ज़्यादा मतदाताओं की भागीदारी की सराहना की। लगभग 30 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव, पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फॉर लोकल', पर्यावरण, संस्कृत और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने उन लोगों की चर्चा की जो अपने कामों से समाज में, देश में, बदलाव ला रहे हैं। कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने मन की बात के जरिए लोगों के दिल को छुआ और उनकी उपलब्धियों को गिनाया। प्रेरक कहानियों को साझा किया। इन दिनों भारतीय उत्पादों की विश्व बाजार में बड़ी मांग है। हमारे देश में ऐसे यूनिक उत्पाद की कमी नहीं है। लोकल उत्पाद को ग्लोबल बनाने में हम पीछे नहीं हैं। जम्मू कश्मीर की सब्जी लंदन के बाजार में बिक रही है। इससे साबित होता है कि हमें अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है और वैश्विक मांग को पूरा करने में योगदान देना है। इससे देश नई ऊंचाइयां छुएगा और विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर स्थानीय शिल्प कौशल की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि केरल की आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए गए कार्थुम्बी छाते बेहद खूबसूरत होते हैं और पूरे देश में इनकी मांग बढ़ रही है। छातों के जरिये ये अपनी परंपरा, अपनी संस्कृति से भी दुनिया को परिचित करा रही हैं। गौरतलब है कि मन की बात कार्यक्रम फरवरी में लोकसभा चुनावों के कारण स्थगित कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने इसके 110वें संस्करण में कहा था कि अगली बार जब वह इस कार्यक्रम के जरिए लोगों से रुबरु होंगे तो नई ऊर्जा और नई जानकारी के साथ मिलेंगे। मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं, 29 बोलियों और 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और सिंहली भाषा शामिल हैं। कार्यक्रम का ब्रॉडकास्ट आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। देश में सकारात्मक माहौल बनाने में मन की बात की महत्वपूर्ण भूमिका है और मन की बात से देश का विमर्श सकारात्मक धरातल पर आएगा। वास्तव में बदलते दौर के भारत में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है इसके लिए प्रधानमंत्री की अंतर्दृष्टि की सराहना की जानी चाहिए।

इतिहास बने ब्रिटिश काल से लागू तीन आपराधिक कानून

नुसरत जहां
अपर शासकीय अधिवक्ता
हाईकोर्ट, बेंच लखनऊ

नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में नि:शुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है।

ब्रिटिश काल से देश में लागू तीन आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से इतिहास बन जाएंगे। भारतीय दंड संहिता 1860 की जगह अब 'भारतीय न्याय संहिता', 2023 दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएनएस), 2023 लागू होंगे।

30 जून की रात 12 बजे से पहले यदि अपराध हुआ है तो पुराने कानून और 1 जुलाई से यदि कोई अपराध हुआ है तो नए कानून लागू होंगे, क्योंकि आपराधिक कानून पूर्वव्यापी (रेट्रोस्पेक्टिव) लागू नहीं होते। आपराधिक कानून के पूर्वव्यापी नहीं होने का कारण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20 (1) पर आधारित है, जो आपराधिक कानून के सिद्धांतों को दर्शाता है कि घटना के समय स्थापित कानून के अलावा अन्य में आरोपी के खिलाफ कोई प्रक्रिया नहीं चलाई जा सकती या उसे सजा नहीं दी जा सकती। यह नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय वाचा के तहत अनुच्छेद 15 पर आधारित है। नए आपराधिक कानून लाए जाने का उद्देश्य ब्रिटिश काल के आपराधिक कानूनों को 'उपनिवेशवाद से मुक्त' करना और 'भारतीयता' को बनाए रखना है। इन विधेयकों को आपराधिक प्रक्रिया के अधिकांश पहलुओं को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से पेश किया गया था। एफआईआर दर्ज करने से लेकर, आरोप पत्र तैयार करने और निर्णय सुनाने तक आपराधिक जांच के हर चरण को डिजिटल रूप से रिकार्ड किया जाना आवश्यक है। बीएनएसएस के तहत समन इलेक्टॉनिक रूप से जारी किए जा सकते हैं और गवाहों विशेषज्ञों, अभियुक्तों और अन्य पक्षों की गवाही भी वर्जुअल रूप से प्रस्तुत की जा सकती है। इन कानूनों के लागू होने के बाद आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़े बदलाव होंगे।

भारतीय न्याय संहिता 2023 में यह परिभाषित किया गया है कि कौन सा कृत्य या लोप अपराध है और उसके लिए क्या सजा निर्धारित की गई है। पुराने भारतीय दंड संहिता, 1860 में 511 धाराएं थीं। अब नए भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं तथा 20 नए अपराधों को जोड़ा गया है और 19 प्रावधानों को पुराने कानून से हटा दिया गया है।

नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है।

इसके अलावा 33 अपराधों में सजा बढ़ा दी गई है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में 531 धाराएं हैं। इनमें 177 धाराओं को बदल दिया गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई है। बीएनएसएस के तहत अभियुक्त की गिरफ्तारी, जांच और मुकदमा चलाने आदि की प्रक्रिया होती है। इसमें समयबद्ध जांच, सुनवाई और बहस पूरी होने के 30 दिनों के भीतर फैसला देने का प्रावधान है। यौन उत्पीड़न पीड़ितों के बयान की वीडियो रिकाडिंग अनिवार्य की गई है। अपराधी की संपत्ति और आय की कुर्की के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का स्थान लिया है। अदालतों में पेश और स्वीकार्य साक्ष्य में इलेक्टॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ईमेल, सर्वर सांग, कंप्यूटर, स्मार्टफोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, स्थानीय साक्ष्य, मेल, उपकरणों पर संदेश शामिल होंगे। केस डायरी एफआईआर आरोप पत्र और फैसले सहित सभी रिकार्ड का डिजिटलीकरण होगा।

जेंडर समावेश-जेंडर की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी शामिल है, जो समावेश और समानता को बढ़ावा देगा। महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने ताकझांक के अपराध में कुल बीएनएस के तहत आरोपियों के लिए जेंडर न्यूट्रेलिटी लागू होगा। यानि अब महिलाओं पर भी कानून के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। नाबालिगों के अपहरण के मामलों में पुरुष के लिए 16 वर्ष और महिला के लिए 18 वर्ष आयु सीमा निधारित थी। बीएनएस में इसे दोनों के लिए 18 वर्ष निर्धारित कर दिया है। वहीं अब कोई भी व्यक्ति संचार के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है। इसके लिए उसे पुलिस स्टेशन जाने की आवश्यकता नहीं है। पीड़ितों को एफआईआर की नि:शुल्क प्रति प्राप्त होगी, जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। भारतीय न्याय संहिता में कुछ नए अपराधों को जोड़ा गया है। जैसे मॉब लिंचिंग यानी 5 या अधिक लोगों का समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है तो ग्रुप के हर सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कार्रवाई करने तथा उनकी सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए बीएनएसएस में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। पुलिस स्टेशन जाने से छूट- महिलाओं, 15 वर्ष के कम आयु के बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा विकलांग या गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन जाने से छूट दी गई है तथा वे अपने निवास स्थान पर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। (बीएनएसएस धारा 179)

नए कानूनों को सभी राज्य सरकारों के लिए गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने, कानूनी कार्यवाही की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए गवाह सुरक्षा योजना को अनिवार्य किया गया है। (बीएनएसएस धारा 398), पीड़ितों के 90 दिनों के भीतर अपने मामले की प्रगति के बारे में नियमित अपडेट प्राप्त करने का अधिकार होगा। (बीएनएसएस धारा 193) नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में नि:शुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है। इसके तहत भारत से अलग होने, पृथकवादी भावना रखने या भारत की एकता और संप्रभुता को खतरा पहुंचाने को अपराध माना जाएगा। यह देशद्रोह का अपराध होगा। आतंकवाद बीएनएस की धारा 113 में अपराध घोषित किया गया है। इस कानून के तहत जो भी शख्स देश के कानून को नुकसान पहुंचाने के लिए डायनामाइट या जहरीली गैस जैसे खतरनाक पदार्थों का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें आतंकवादी माना जाएगा। नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषियों को अब फांसी की सजा दी जा सकेगी। हिट एंड रन मामलों से संबंधित मामलों में भी कठोर प्रावधान किए गए हैं। हालांकि ट्रक चालकों के विरोध के कारण सरकार ने इन अपराधों को लागू न करने का निर्णय लिया है। अप्राकृतिक यौन शोषण एवं व्याभिचारिता के अपराधों को नए कानून से हटा दिया गया है।

पुराने कानून में बदलाव समय की प्रासंगिकता, कई समितियों द्वारा भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार हेतु सिफारिशें की गई, जिनमें दोहरा समिति 1993, मसिपथ समिति 2003, माधव मेनन समिति 2007 तथा समय-समय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा भी न्याय प्रणाली में एवं पुलिस सुधार पर निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस सुधार पर उच्चतम न्यायलय के निर्देश 2006 अहम है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम पुलिस अधिकारी के समक्ष किए गए बयानों को साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य होने की अनुमति देता है, जिससे हिरासत में यातना एवं दबाव का खतरा बढ़ सकता है। बीएनएसएस पुलिस अधिकारी को बिना किसी न्यायिक निगरानी या सुरक्षा उपायों के गिरफ्तारी, तलाशी, जब्ती एवं हिरासत में लेने की व्यापक शक्तियां प्रदान करता है। बीएनएसएस अपराधों की एक नई श्रेणी निर्मित करता है जिसे "सामाजिक कल्याण अपराध" कहा जाता है, जिसमें जुर्माना अथवा सामुदायिक सेवा कराकर समाधान किया जा सकता है, लेकिन यह निर्दिष्ट नहीं करता कि कौन से अपराध इस श्रेणी में आते हैं। नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है। अपराध की पुनरावृत्ति को कम करना और पीड़ितों को समाधान प्रदान करने लिए सुलह, पुनर्स्थापना तथा पुर्नवास पर ध्यान केंद्रित करना। 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नए कानून को कुछ लोग काला कानून कहकर विरोध भी कर रहे हैं। वहीं नया कानून अदालतों और अधिवक्तागणों के लिए भी चुनौती। गृह मंत्री अमित शाह ने जब तीनों कानूनों को लोकसभा में पेश किया था तो कहा था अब नया कानून भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानून का शासन होगा। अब इसके लागू होने के बाद तारीख पर तारीख युग का अंत सुनिश्चित होगा और 3 साल में न्याय मिलेगा।

email:nusratfahad8@gmail.com

प्रसंगवश

संविधान में आस्था का मतलब


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आजकल संविधान शब्द चर्चा के केंद्र में आ गया है। संविधान में आस्था की बातें हो रही हैं। संविधान में आस्था का मतलब किसी ऐसी किताब में आस्था नहीं है, जो अपरिवर्तनीय है। संविधान में आस्था का मतलब किसी व्यक्ति में आस्था से भी नहीं हो सकता, क्योंकि कोई भी संविधान व्यक्ति रचना नहीं है।

लोकतंत्र में संविधान व्यक्ति रचना हो भी नहीं सकता। संविधान व्यक्ति रचना नहीं समष्टि रचना है। संविधान सभा की कितनी बैठकों और उसमें चलने वाले विमर्श की रचना है। उसका जो भी महत्व है, वह समष्टि के कारण ही है।

संविधान में आस्था का मतलब है, समष्टि चेतना में आस्था, सर्वजन-चेतना में आस्था। संविधान में आस्था का मतलब है, सामान्यजन चेतना में आस्था, भारत के लोकजीवन की निरंतरता में आस्था। भारत में विभिन्न धर्म, जाति और वर्ग होने के बावजूद हम एक हैं। देश में इतनी विविधता होने के बाद भी हम एक ही संविधान के तहत काम कर रहे हैं। संविधान की प्रस्तावना में पहला ही वाक्य है-हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाए। बड़ा-छोटा, मालिक-नौकर, अधिकारी, वकील व्यापारी, प्रोफेसर, उद्योगपति, श्रमिक, किसान, बुद्धिजीवी आदि बाह्य उपाधियां हैं।

विशिष्टता आवरण या उपाधि के छिलके के भीतर जो सामान्य मनुष्य है, वही लोक है। लोक सर्वजन सत्ता, समष्टि जनसत्ता, सामान्य जन सत्ता है। यह बात ध्यान रखने की है कि संविधान तो लोकतंत्र की देह है, लोकतंत्र की आत्मा और लोकचेतना। महात्मा गांधी ही थे, जिन्होंने लोकचेतना की गहराई में विद्यमान अक्षय ऊर्जा को पहचाना था। वे स्वयं इस लोकचेतना में रस-बस गए थे। इसी कारण लोकचेतना पर उनका सीधा असर होता था। लोकचेतना ही लोकतंत्र का प्राण है।

भाजपा नेताओं की उदासीनता का परिणाम


निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है।

लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम मिलने के कारण भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा के कार्यकताओं के साथ जनता से संपर्क टूटना है। यदि आप सांसद या विधायक हैं तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दु:ख दर्द में शामिल होना चाहिए। उनकी समस्याएं जाननी चाहिएं। जनता आप से यही अपेक्षा करती है। ये लोग मोदी और योगी के सहारे चुनाव जीतने की उम्मीदें लगाए बैठे थे, इसलिए अपने क्षेत्रों में जनता से संपर्क साधने की जरूरत नहीं समझी और अपने घर पर ही ठेका-पट्टा पाने वालों का दरबार लगाते रहे। ऐसे लोगों को दोबारा टिकट देने वाले नेता भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं।

दूसरा बड़ा कारण भाजपा प्रदेश और जिला संगठन भी जनता से दूर हो गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है। प्रदेश पार्टी का आईटी सेल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचलों में असंतुष्ट प्रधानों, उप प्रधानों, पूर्व प्रधानों आदि के जरिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और भाजपाई नेताओं के फेक (फर्जी) वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाए गए। इनके जरिए आरक्षण खत्म करने से लेकर संविधान बदलते तक की बातें तक कही गईं, जिसका प्रदेश भाजपा का आईटी सेल कोई जवाब नहीं दे पाया। हर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के छह महीने पहले ही मतदाता सूची का पोलिंग, बूथ स्तर पर संशोधन और परिवर्धन होता है। यदि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहते तो हजारों भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से नहीं कटते। विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाए रखने का सवाल था। इसलिए वे करो या मरो के संकल्प के साथ चुनाव लड़ रहे थे, उन्होंने हर तरह के छल प्रपंच को किया जो वे कर सकते थे। इसका भी अंदाजा भाजपा का प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नहीं लगा सके।

राहुल गांधी का गारंटी कार्ड का फार्म खासतौर अल्पसंख्यक, अशिक्षित और निर्धन महिलाओं से भरवाया गया। उन्हें डर था कि तीन तलाक के मामले खत्म करने के कारण ये महिलाएं भाजपा को वोट दे सकती हैं। काट के लिए पार्टी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया। प्रमुखों की तमाम जिलों में फर्जी सूची बनाई गई जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं। कई उम्मीदवारों ने इसकी शिकायत भी की है। यदि वास्तव में पन्ना प्रमुख होते तो उनके मोबाइल फोन नंबरों के जरिए इन फर्जी वीडियो का आईटी सेल जवाब दे सकता था। कुल मिलाकर फेक वीडियो और अफवाहों का जमीनी स्तर भाजपा का संगठन कोई जवाब नहीं दे सका और पार्टी कई जगह चुनाव हार गई। बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनाई गई टास्क फोर्स के सूचनाओं का इंतजार कर रही है। पर यहां सवाल यह उठता है कि क्या कोई संगठन खुद अपनी कमियों को स्वीकार करेगा? इस टास्क फोर्स के काम के लिए दूसरे राज्यों के लोगों को लगाया गया होता तो शायद सही जानकारी सामने आती। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2019 में उसे जहां 62 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के आम चुनाव में 33 पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 29 सीटें कम मिलने की पूरे देश में चर्चा है। अब पार्टी भी इस पर मंथन में जुटी है और पूरा फीडबैक लेने के बाद कुछ ऐक्शन हो सकता है। अब तक पार्टी नेतृत्व को प्रत्याशियों और स्थानीय नेताओं से जो फीडबैक मिला है, उसके मुताबिक सांसदों को राज्य के कर्मचारियों से सहयोग न मिलना। पार्टी कार्यकर्ताओं का ही खिलाफ हो जाना और संविधान बदलने का गलत नैरेटिव जनता के बीच चला जाना नुकसान का कारण रहा है। यही नहीं भाजपा का राज्य नेतृत्व एक विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार कर रहा है। इस रिपोर्ट को इस सप्ताह के अंत तक हाईकमान को सौंपा जाएगा।

ये चुनाव नतीजे प्रदेश सरकार के मंत्रियों के लिए सबक है। मंत्रियों को भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनता के संपर्क में रहना चाहिए और उनकी जनहित की समस्याओं का समाधान करते रहना चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो आगामी विधानसभा के चुनाव में उनका और पार्टी का चुनाव जीतना मुश्किल हो जाएगा।

सोशल फोरम

सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस
महानिरीक्षक उप्र.

मध्य प्रदेश के एक कथावाचक प्रदीप मिश्र ने राधा रानी के विवाह और जन्मस्थान के विषय में ऐसा कुछ कहा था, जिस पर ब्रज क्षेत्र ने उनके बहिष्कार का निर्णय लिया था। उस बहिष्कार से बचने के लिए उन्होंने बरसाने के राधा मंदिर में आकर सबके सामने नाक रगड़ कर राधा रानी से माफी मांगी। इस घटना पर मुझे योरोपीय खगोलशास्त्री कापर्निकस की याद आ गई। निकोलस कापर्निकस (1473-1543) पोलैंड का एक प्रसिद्ध खगोलशास्त्री था जिसने पश्चिमी जगत में पहली बार कहा कि इस ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी न होकर सूर्य है और पृथ्वी समेत सभी ग्रह उसकी परिक्रमा करते हैं। पृथ्वी वर्ष में एक बार सूर्य का चक्कर लगाती है तथा पृथ्वी भी अपनी धुरी पर 24 घंटे में एक बार घूमती है। ईसाई पादरियों ने कापर्निकस की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह उनकी मान्य परंपरा के प्रतिकूल है, जिसमें ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी को माना गया था। कापर्निकस के ऊपर अभियोग चला जिसमें कापर्निकस ने क्षमा मांगते हुए कहा कि उसने गलत कहा था, वास्तव में पृथ्वी ही ब्रह्मांड का केंद्र है और सूर्य सहित सभी आकाशीय पिंड उसकी परिक्रमा करते हैं। अपनी क्षमा याचना के आधार पर वह मुक्त हो गया लेकिन बाहर आने पर उसने कहा "इट स्टिल मूव्स" यानी मेरे पृथ्वी को केंद्र मानने के बाद भी पृथ्वी घूमती है। उसने सजा से बचने के लिए पृथ्वी को केंद्र कहा तो, लेकिन अपने सिद्धांत को गलत नहीं माना। यह उसकी सत्य के प्रति प्रतिबद्धता थी। किसी को भी किसी धर्म की मान्यताओं के विरुद्ध कुछ नहीं कहना चाहिए जब तक कि इसका पुष्ट प्रमाण न हो। प्रदीप का कथन किन साक्ष्यों पर आधारित था, यह मुझे ज्ञात नहीं है, लेकिन यदि उनका कथन पुष्ट साक्ष्यों पर आधारित नहीं था तो उन्हें यह बात कहनी नहीं चाहिए थी और यदि वह प्रामाणिक साक्ष्य पर था तो उन्हें माफी नहीं मांगनी थी। यदि माफी किसी विवशता में मांग भी ली तो बाद में अपनी बात पर टिकना चाहिए था। लोभ और भय वश ऐसी बात कहना या माफी मांगना, उनके हजारों श्रोताओं के प्रति विश्वास घात है। प्रदीप मिश्र को सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए था।

-फेसबुक वॉल से

ब्रिटेन चुनाव में प्रवासी भारतीयों के वोटों की बड़ी भूमिका

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होने जा रहे हैं। कई बड़े सवाल उभरते हैं-क्या वहां रह रहे भारतीय ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और कंजर्वेटिव पार्टी के साथ खड़े आएंगे? या फिर लेबर पार्टी को प्रवासी भारतीयों के भी वोट मिलेंगे? साथ ही क्या भारत-यूनाइटेड किंगडम मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जो दोनों देशों के लिए अपार संभावनाएं लिए हैं, पर वार्ता अधरझूल में लटक सकती है? इसके अलावा यूके में आर्थिक परिदृश्य चुनौतियों से भरा है। सार्वजनिक ऋण पिछले 63 वर्ष के उच्चतम स्तर पर है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 2023 के आखिर तक पिछली पांच तिमाहियों में से चार में गिरावट देखी गई है।

प्रवासन व शरणार्थियों का मुद्दा भी इस चुनाव में चरम पर है। इस चुनाव को 'इमिग्रेशन इलेक्शन' भी कहा जाने लगा है। एग्जिट पोल, राजनीतिक विश्लेषकों के निष्कर्षों में प्रधानमंत्री सुनक की रेटिंग में भारी गिरावट की खबरें हैं। एग्जिट पोल के नतीजों से भारतवंशी मतदाताओं में मायूसी का माहौल है। ब्रिटेन में रहने वाले अप्रवासियों की तुलना में भारतीयों की आबादी सबसे ज्यादा है। अन्य अप्रवासी समूहों की तुलना में भारतीय अच्छी तरह शिक्षित हैं और सबसे धनी लोगों में माने जाते हैं। 2011 की ब्रिटिश जनगणना के अनुसार, यूके में भारतीय मूल के लगभग 1.5 मिलियन लोग हैं, जो कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत है। ऐतिहासिक रूप से यहां भारतीय प्रवासियों का झुकाव लेबर पार्टी की ओर रहा है। भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने के समय भी लेबर पार्टी सत्तारुढ़ थी। हालांकि हाल के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

यहां यह गौर करना जरूरी हो जाता है कि हम जब ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों की बात करते हैं तो उसमें वह लोग भी शामिल होते हैं, जो पूर्वी अफ्रीका, कैरेबियन द्वीप समूह और अन्य स्थानों से आकर यहां बस गए हैं। 1960 से 1980 के दशक तक, बड़ी संख्या में भारतीय अप्रवासी युगांडा, केन्या और कैरेबियाई द्वीपों से ब्रिटेन में बस गए। 1960 के दशक में खुद सुनक का परिवार केन्या से ब्रिटेन आया था। मूल रूप से उनके पूर्वज पंजाब के रहने वाले थे। इसके अलावा यह विश्वास भी बढ़ा है कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय बड़ी संख्या में कंजर्वेटिव पार्टी के समर्थक बन गए हैं। इस संख्या मे हिन्दुओं का एक बड़ा हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 की अपनी ब्रिटेन यात्रा में लंदन के वेम्बली स्टेडियम में भारतीयों को संबोधित किया था। इसमें भारतीय मूल के साठ हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे और इसमें भी बड़ी संख्या गुजरातियों और पंजाबियों की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री बोर्स जॉनसन खुद को गर्व से 'भारत का दामाद' कहते थे।

गहन विश्लेषण में एक तथ्य और उभरकर सामने आया है कि पिछले 20-25 वर्षों में भारत से ब्रिटेन में बड़ी संख्या में लोग डॉक्टर, इंजीनियर, आईटी पेशेवर आदि के रूप में गए हैं। 2022 में इस बीच, ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री बने। ऐसे में यह कहना अभी जल्दबाजी ही होगी कि इस चुनाव में हिंदू कंजर्वेटिव पार्टी के पक्ष में सामूहिक रूप से मतदान करेंगे या नहीं। एक बात और ब्रिटिश मुद्रा पाउंड अस्थिरता के दौर में है। दांव पर मुख्य मुद्दा निवेशकों का विश्वास है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी जो चुनावों में आगे है, ने अशांत राजनीतिक माहौल से बाहर निकलने का वादा किया है। पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट विफलता, जिसके चलते बाजार में गिरावट आई, लोगों में याद को ताजा बनाए हुए है। प्रवासन और पाउंड की स्थिरता का मुद्दा ब्रिटेन की राजनीति के लिए एक यक्ष प्रश्न के रूप में है। 14 वर्ष के शासन के बाद कंजर्वेटिव पार्टी इस बार भी सत्ता में आएगी या फिर लेबर पार्टी सत्ता संभालेगी? अब देखना है कि 5 जुलाई को बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स III से मिलने के लिए प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के ऋषि सुनक या लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर में से कौन जाएगा?

आषाढ़ तेरे विविध रंग

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जिस मास की पूर्णिमा को चन्द्रदेव पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र पर होते हैं उसे आषाढ़ कहा जाता है। यह वर्षा ऋतु का प्रथम मास है और इसके विविध रंग और आयाम हैं। इंसान से लेकर भगवान तक और किसान से लेकर कवि और साहित्यकार तक इसने अपनी छाप छोड़ी है और इन वर्गों ने इसे अपने-अपने तरीके से उपयोग किया है।

पृथ्वी पर हरीतिमा का जनक होने के कारण यह कृषकों को अति प्रिय है और इस मास के आगमन पर अपनी फसल की तैयारी उन्हें बहुत जल्द करनी पड़ती है। कहावत है "कातिक तेरह तीन असाढ़"। यानी तीन दिन के अंदर असाढ़ू फसल के लिए किसान को कार्यवाही कर लेनी होती है। यद्यपि खेती किसानी के काम में व्यस्ततावश उन्हें इस मास में कपड़े सिलवाने की फुरसत नहीं होती है, जिसके परिणामस्वरूप दर्जी खाली बैठे रहते हैं। अत: बेरोजगार और ठलुहे के लिए गांव की लोकोक्ति है "असाढ़ के दर्जी"। मगर भगवान (विष्णु) दूसरा रास्ता अपनाते हैं। वे इस मास के आगमन के चंद रोज पहले ही सो जाते हैं।

ऋतु वर्णन के प्रवीण कवि सेनापति ने लिखा है कि चूंकि आषाढ़ में मेघों की घटा घनघोर छाई रहती है तो दिन में भी रात का भ्रम होने लगता है, अत: भगवान सो जाते हैं। साहित्यकार मोहन राकेश ने 1959 में अपना बहु चर्चित नाटक इसी मास के नाम पर लिखा:"आषाढ़ का एक दिन"। अब चूंकि मुशी प्रेमचंद्र ने अपनी मशहूर कहानी "पूस की रात" लिखकर पूस मास को आगे बढ़ाया, तो आषाढ़ भी पीछे क्यों रहे। यह कमी मोहन राकेश ने पूरी कर दी। कविकुलगुरु कालिदास के विरही यक्ष को रामटेक पर्वत पर "आषाढ़स्य प्रथम दिवसे" ही मेघ मिले, जिन्हें उसने अपनी अलकापुरी में रह रही पत्नी के पास दूत बनाकर भेजा।

हालांकि मलिक मोहम्मद जायसी की वियोगिनी नायिका नागमती को आषाढ़ कष्ट कारक लगता है। 'पद्मावत्' में पति का वियोग सहन करते हुए वह वह कहती है- चढ़ा असाढ़ गगन घन गाजा। साजा विरह दुंद दल बाजा।। धूम साम धौरे घन आये। सेत धजा बग पाति देखाये।।

कवि ने वियोगिनी के लिए इस मास को एक आक्रमणकारी राजा के रूप में दिखाया है। बात सही है, जब भगवान राम तक को पत्नी पास न होने पर बादल की गरज चमक से डर लगने लगता है तो भला लौकिक नारी नागमती की क्या बिसात! श्रीराम कहते हैं "घन घमंड गरजत नभ घोरा। प्रिया हीन डरपत मन मोरा"।। आषाढ़ में गांव की ताल तलैयां भर जाती हैं। पं.नरेंद्र शर्मा इस मास की शुरुवात में अपने गांव की तलैया 'असाढ़ी' की याद आ जाती है और वह स्मरण करते हैं कि 'अब असाढ़ी पानी से लबरेज हो गई होगी'। "चौड़ी छाती खोल आसाढ़ी पड़ी पी रही होगी आल"।

वेंकैया गारू: भारत की सेवा में समर्पित जीवन

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए।

राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है।

वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर आम लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला।

वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया। लगभग 50 साल पहले जब काँग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे।

1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था, तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे।

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे। उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने।

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे।

अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरुआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी।

2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने स्वच्छ भारत मिशन और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है।

2014 के उन शुरुआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नज़र आते थे।

वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही, हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया।

जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे। मुझे यकीन है कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। वह युवा जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प के लिए अपना जीवन समर्पित किया था, जब वह सपना पूरा हुआ तो वह सभापति के पद पर आसीन था। किसी निष्ठावान देशभक्त के जीवन में इससे बड़ा समय और क्या होगा!

काम और राजनीति के अलावा, वेंकैया गारू एक उत्साही पाठक और लेखक भी हैं। दिल्ली के लोगों के बीच, उन्हें उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो शहर में गौरवशाली तेलुगु संस्कृति लेकर आए। उनके द्वारा आयोजित उगादी और संक्रांति कार्यक्रम स्पष्ट रूप से शहर के सबसे पसंदीदा समारोहों में से एक हैं। मैं वेंकैया गारू को हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो भोजन प्रेमी हैं और शानदार मेजबानी करना जानते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय से उनका संयम भी सबके सामने दिखने लगा है। फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस बात से झलकती है कि वह अभी भी बैडमिंटन खेलना और ब्रिस्क वॉक करना पसंद करते हैं।

उपराष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी, वेंकैया गारू सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय हैं। वह लगातार देश के लिए जरूरी मुद्दों और विकास कार्यों को मुझसे बात करते रहते हैं। हाल ही में जब हमारी सरकार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो मेरी उनसे मुलाक़ात हुई थी। वह बहुत खुश हुए और उन्होंने मुझे व हमारी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। मैं एक बार फिर उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि युवा कार्यकर्ता, निर्वाचित प्रतिनिधि और सेवा करने का जुनून रखने वाले सभी लोग उनके जीवन से सीख लेंगे और उन मूल्यों को अपनाएंगे। यह वेंकैया गारू जैसे लोग ही हैं जो हमारे राष्ट्र को बेहतर और अधिक जीवंत बनाते हैं।

बिजनौर

एक नजर

राशन कार्ड बनवाने के नाम पर ठगी का आरोप

नहटौर, अमृत विचार : राशन कार्ड बनवाने के नाम पर दो युवतियों पर रकम ऐंठने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। मोहल्ला पंचायती मंदिर निवासी शरद जैन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव कासमपुर लेखराज के उनके मित्र गांव कासमपुर लेखराज निवासी सुनील सैनी ने राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था।आवेदन करने का किसी तरह से उन्होंने पता लगा लिया और फोन नम्बर लेकर सुनील सैनी से बात करते हुए राशन कार्ड बनवाने के लिए 1750 रुपये ले लिए। राशन कार्ड बनवाने के नाम पर पैसे लेने का पता चलने पर उक्त युवतियों से जब फोन पर बात की तो पैसे लेने की बात कबूल की। इसकी ओडियो रिकार्डिंग भी है। दोनों ने दुकान पर आकर अभद्रता करते हुए झूठे मुकदमो में फंसाने की धमकी भी दी।

घास काट रहे किसान को सांप ने डसा, हालत गंभीर

नगीना, अमृत विचार : कायम नगर दोदराजपुर में गन्ने के खेतों में घास काटने गए किसान को सांप ने डस लिया। पुत्र उसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। गांव कायम नगर दोदराजपुर निवासी बाबूराम (60) रविवार शाम पांच बजे जंगल में पशुओं के लिए चारा काटने गए थे। खेतों की मेड़ पर घास काटते समय एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। उनका पुत्र विनेश कुमार उन्हें सीएचसी लाया। लेकिन उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। डॉ. जुबेर ने बताया कि सांप जहरीला था। यहां एंटी स्नैकवेनम लगाकर जिला मुख्यालय के लिए भेज दिया गया है।

पुत्र और पोते ने घर में घुसकर किया हमला

रुद्रपुर, अमृत विचार : रम्पुरा निवासी भामा देवी पत्नी राम चरन ने न्यायालय को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि उसका पुत्र और पोता उसके साथ आये दिन मारपीट करते हैं। कई बार घर से बाहर भी निकाल चुके हैं।

कारोबारी के घर के ताला तोड़कर सोने के आभूषण व नकदी चोरी

नगर के मोहल्ला पीर शहीद काला में हुई वारदात, तहरीर दी

संवाददाता, नहटौर

अमृत विचार : नगर क्षेत्र में कारोबारी के बंद मकान के ताले तोड़कर चोर नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। कारोबारी का पत्नी ने थाने में तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला पीर शहीद काला निवासी खानम पत्नी मोहम्मद जावेद अपने परिवार के साथ सहारनपुर गई थीं। उसके पति अंबाला में रहकर कारोबार करते है। वह घर का ताला लगाकर सहारनपुर गई थीं। बताया गया कि शनिवार रात चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर कमरे में रखी सेफ अलमारी के ताले तोड़ दिए। उसमें रखे सोने का गले का सेट, बूंदे, नथनी, चांदी की पायल, सोकबंद, सेफ में रखी 25 हजार रुपये की नकदी चुराकर ले गए।

चोरी होने का पता खानम को उस समय लगा जब उसके पति ने उसे फोन कर चोरी होने की बात कही। महिला ने घर पहुंचकर इस मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्रामीण के घर से सामान ले गए चोर

हल्दौर, अमृत विचार : क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं। एक दिन पहले पावटी में चोरी हुई थी। शनिवार रात अम्हेडा में चोरी हो गई। चोरी दीवार फांदकर घर में घुसे और बाइक व एक मोबाइल, पांच हजार की नकदी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। शनिवार रात गांव अम्हेडा निवासी दिलपुकार अपने परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहा था। चोरी उनके घर से सामान ले गए। सुबह नींद से जागने पर चोरी का पता चला। पीड़ित ने डायल नंबर 112 व चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। इसके बाद पीड़ित दिलपुकार ने थाने पहुंचकर तहरीर दी।

महमूदपुर के सुरेंद्र का था सड़क किनारे मिला शव

संवाददाता, नहटौर

घटना

- झालू रोड से गांव बिलासपुर को जाने वाले लिंक मार्ग पर मिला था शव, बेटे ने की शिनाख्त

अमृत विचार : जंगल में शनिवार देर शाम सड़क किनारे पड़ा मिला शव गांव महमूदपुर मिलक उर्फ बच्चावाला निवासी सुरेंद्र सिंह का निकला। मृतक के परिजनों ने सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखकर शव की शिनाख्त की।

झालू रोड से गांव बिलासपुर को जाने वाले लिंक मार्ग पर एक व्यक्ति का शव मिला था। पुलिस ने शिनाख्त नहीं होने पर शव को सील कर बिजनौर मोर्चरी पर भिजवाते मृतक के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए थे। सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखकर ग्राम महमूदपुर मिलक उर्फ बच्चावाला निवासी रॉकी कुमार ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह व परिजनों के साथ थाने पहुंचा ओर मृतक को अपना पिता सुरेंद्र सिंह बताया। रॉकी ने बताया कि उसके पिता शनिवार सुबह घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। रात्री में नहीं लौटने पर उन्होंने उन्हें रिश्तेदारियों में फोन कर वहां आने के बारे में जानकारी ली थी लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया था। आज सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखकर उन्हें पिता की मौत की जानकारी मिली है। पुलिस ने मृतक के पुत्र रॉकी की तहरीर पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

एसडीएम कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

सातवें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना

नगीना, अमृत विचार : किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं का अनिश्चित कालीन धरना सातवें दिन रविवार को भी जारी रहा। किसानों का खाना पीना धरना स्थल पर ही चल रहा है। प्रशासन भारतीय किसान यूनियन के धरने को महत्व नहीं दे रहा है। रविवार को धरना स्थल पर हरपाल सिंह, तेजपाल, हितेश, समीर, फहीम, योगेंद्र सिंह, कुंवर हर्षवर्धन सिंह, समर पाल सिंह, अनुज तोमर, नागेंद्र सिंह, अतुल कुमार, प्रमोद कुमार, धर्म पाल सिंह, रावेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

ब्लॉक परिसर में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

छजलैट ब्लॉक परिसर में भरा बारिश का पानी

छजलैट, अमृत विचार : भीकनपुर छजलैट ब्लॉक परिसर में बारिश का पानी भरा हुआ है। पानी की निकासी न होने के कारण यहां संक्रामक रोग फैलने की आशंका हो गई है। भीकनपुर छजलैट ब्लॉक का भवन मुख्य हाइवे से लगभग 2 से 3 फीट गहराई में बना हुआ है। यहां हल्की सी वर्षा होने पर ब्लॉक परिसर में पानी भर जाता है। अधिक वर्षा होने पर ब्लॉक की मुख्य बिल्डिंग की पेडियां जलमग्न हो जाती है। ब्लॉक परिसर की दो दिशाओं की ओर गहरा नाला है। कुछ समय पूर्व ठेकेदार ने दोनों ओर के नाले खुदवा कर इसकी मिट्टी निकाल कर ब्लॉक परिसर में डाल दी थी। शनिवार को ही तेज बरसात के कारण ब्लॉक परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया। वर्षा के कारण परिसर में किए गए भराव की मिट्टी फिर से दोनों नालों में भर गई जिससे दोनों ओर के नाले चोक हो गए हैं। पानी की निकासी न होने के कारण रविवार को भी ब्लॉक परिसर में पानी भरा रहा, जिसे सूखने में कई दिन लगेंगे। वहीं जलभराव के कारण अधिकारियों व कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नाबालिग से छेड़खानी के विरोध पर परिजनों पर हमला

किच्छा, अमृत विचार : कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर से घर लौट रही नाबालिग के साथ युवक ने पीड़िता का मोबाइल नंबर मांगते हुए छेड़छाड़ कर दी। नाबालिग के परिजनों द्वारा आरोपी के घर वालों को शिकायत किए जाने के बाद आरोपी भड़क गया। आरोप है कि आरोपी युवक ने परिजनों के साथ पीड़िता के घर पर धावा बोल दिया और पीड़िता एवं उसके परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड निवासी महिला ने बताया कि 27 जून की रात्रि करीब 9:30 बजे उन्होंने अपनी पुत्री को किसी काम से वार्ड स्थित ब्यूटी पार्लर भेजा था। आरोप है कि पार्लर से घर लौटते हुए 14 वर्षीय नाबालिग को वार्ड सुनेहरी, किच्छा निवासी आरोपी कृष्णा ने रास्ते में घेर लिया और मोबाइल नंबर मांगने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने अश्लील बातें करते हुए पीड़िता को धमकाने का प्रयास किया। घर पहुंची पीड़िता द्वारा परिजनों को मामले की जानकारी दी गई।

विदेश भेजने के नाम पर थमाया फर्जी स्टडी वीजा

रुद्रपुर, अमृत विचार : मलसी किच्छा में कबूतरबाजों की ओर से विदेश भेजने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपये ठगी का मामला सामने आया है। युवक को इंग्लैंड में स्टडी के लिए भेजने के नाम पर फर्जी स्टडी वीजा थमा दिया गया। यह मामला दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट में पकड़ में आया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम मलसी किच्छा निवासी अवतार सिंह पुत्र गुरबाज सिंह ने कोर्ट को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि उसकी गौरव कुमार व बलराज सिंह से अच्छी जान-पहचान है। दोनों गोल्ड ओवरसीज के नाम से गावा चौक रुद्रपुर में विदेश भेजने का काम करते हैं। जुलाई 2022 में गौरव कुमार व बलराज सिंह ने उसे विश्वास दिलाया कि वह स्टडी के लिए उसे इंग्लैंड भिजवा देंगे। इसके लिए उन्होंने 9 लाख रुपये का खर्चा बताया। उनकी बातों पर आकर उसने गावा चौक स्थित कार्यालय पहुंचकर 6.30 लाख रुपये नकद दे दिए।

ठगी के मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

संवाददाता, नगीना

- सरकारी योजना से ढाई लाख रुपये दिलाने का दिया झांसा
- आरोपी ने महिला के साथ की मारपीट, पीड़िता ने दी तहरीर

अमृत विचार : सरकारी योजना के नाम पर ढाई लाख रुपये दिलाने के बहाने ठग महिला से पांच हजार की नकदी, सोने के कुंडल और चांदी के आभूषण छीनकर कर फरार हो गया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

बाइक सवार व्यक्ति शुक्रवार दोपहर मोहल्ला बिश्नोई सराय रेती निवासी इंदर सिंह के घर पहुंचा और उसकी पत्नी बाला देवी से कहा कि सरकारी योजना के अंतर्गत वह उन्हें ढाई लाख रुपये दिला देगा। उन्हें फार्म भरने के लिए उसके साथ चलना होगा। दंपति उसके झांसे में आ गए। वह दोनों अपनी बाइक पर बिठाकर ले गया। उसने बहाना बनाकर महिला के पति को मोहल्ला कस्बे में उतार दिया। धामपुर मार्ग पर श्री रामलीला मैदान से के पास बाइक रोककर महिला को मारा पीटा। उससे पांच हजार की नकदी, कुंडल, मंगल सूत्र व पायल, बिछुए छीनकर फरार हो गया। महिला ने मामले की जानकारी परिवार व मोहल्ले के लोगों को दी।

दो जुलाई तक चुनाव के खर्च का दें ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव कराने के लिए नियुक्त किए गए प्रेक्षक बसंत कुमार और कपिल कुमार यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों की अभिकर्ताओं के साथ बैठक हुई। इसमें अपर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह वित्त एवं राजस्व, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी विजय शंकर तिवारी सहायक व्यय पर्यवेक्षक, राजनीतिक दलों के व्यय से संबंधित अभिकर्ता एवं सदस्य मौजूद थे।

प्रेक्षकों ने राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं को बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार के दौरान खर्च करने के लिए

बैठक में शामिल चुनाव प्रेक्षक बसंत कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

90 लाख रुपये की धनराशि को व्यय करना निर्धारित किया था। इसके सापेक्ष सभी प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के दौरान हुए खर्चों से संबंधित अपना व्यय विवरण हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य है। वे दो जुलाई तक अपने सभी व्यय से संबंधित अभिलेखों को कोषागार में जमा कर दें।

चुनाव संबंधी खर्च के वाउचर पर हस्ताक्षर होने चाहिए। व्यय रजिस्टर के प्रत्येक पेज पर भी हस्ताक्षर अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि चार जुलाई को चुनाव व्यय से संबंधित अंतिम रिपोर्ट आयोग को प्रेषित कर दी जाएगी।

उत्पीड़न रोकने को एकजुट हों सभी

संवाददाता, किरतपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा की एक बैठक नगर स्थित कार्यालय में हुई। इसमें संगठन के जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से लोगों की मदद के लिए एकजुट होने का आह्वान किया है।

नगर वाल्मीकि मोहल्ले स्थित कैंप कार्यालय में रविवार दोपहर राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक में जिला अध्यक्ष विशाल परचा ने कहा कि समाज विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि अब मोर्चा का एक-एक कार्यकर्ता समाज पर हो रहे उत्पीड़न और अत्याचार के खिलाफ एकजुट, पूरी मजबूती के साथ खड़ा हो गया है। शोषण व अत्याचारियों का विरोधी ही नहीं बल्कि उनको सबक भी सिखाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में बहुत से संगठन कार्य कर रहे हैं, लेकिन वह भी दबंग और उत्पीड़न करने वालों का साथ दे रहे हैं। अब मोर्चा उत्पीड़न और दमनकारी के खिलाफ आवाज उठाएगा। बैठक को संजय बागड़ी, सोनू कुमार, कपिल सिसोदिया, कपिल देव रेड्डी पूडरी, प्रदीप रहे।

बैठक के बाद मौजूद राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के पदाधिकारी।

बाइक में डालने के लिए पेट्रोल नहीं दिया तो पीटा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : बाइक सवार दो लोगों को युवक ने पेट्रोल देने से इनकार किया तो दोनों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

कोतवाली के ग्राम पीलकपुर निवासी आदर्श कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि बीती रात शिवनगर पत्थरखेड़ा निवासी विश्वजीत उर्फ लवी पुत्र मनोज कुमार और नाहरवाला निवासी अर्पित पुत्र राजपाल सिंह आए और कहने लगे कि उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया है। अपनी बाइक से पेट्रोल निकाल कर दे दे। उसने मना किया तो दोनों गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगे। उसके काफी चोट आईं।

अधिवक्ता के दोस्त से मांगी 15 लाख रुपये की फिरौती

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : विगत दिवस अधिवक्ता को गोली मारकर कर घायल करने के बाद अधिवक्ता के दोस्त से 15 लाख रुपये फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

बगवाड़ा निवासी मेहफुज अहमद पुत्र हाजी मकसूद ने पुलिस को सौंपी शिकायत में बताया कि 27 जून को उसके दोस्त गदरपुर निवासी अधिवक्ता और आइलेट्स संचालक प्रशांत सिंह पुत्र अनिल सिंह पर बाइक सवार नकाबपोश दो युवकों ने रुद्रपुर में गोली मार दी थी। शनिवार शाम को उसके मोबाइल पर मोबाइल एक कॉल आई। कालर ने उसे जान से मारने की धमकी दी। कहा कि जिस तरह से उसके दोस्त पर गोली चलाई है, उसी तरह उस पर भी गोली चलाएंगे। मेहफुज का कहना था कि कॉलर ने सात दिन के अंदर पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही फिरौती की धमकी देने वाले को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एक नजर

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : उझानी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 13 जून को सुबह 10 बजे कपड़े खरीदने के लिए घर से कस्बा उझानी जा रही थी। वह कछला चौराहे पर वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सहोरा निवासी रंजीत प्रजापति उसे मिला। अपनी बातों में फंसाकर लिफ्ट देने के बहाने बाइक पर बैठा लिया और हजरतगंज के पास जबरन खेत में ले गया और जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और मौके से भाग गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की। रविवार को आरोपी को गिरफ्तार किया।

पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने पर रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर, अमृत विचार : काशीपुर की एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मृतक के पति के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले में मृतका के भाई ने जीजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर जांच शुरू कर दी है।

केपी यादव के गुर्गे समेत मुठभेड़ में दो गिरफ्तार

पुलिस पर की फायरिंग, पुलिस ने दोनों के पैर में मारी गोली, राजीव राणा की ओर से दोनों ने पीलीभीत बाईपास पर चलाई थीं गोलियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए गोलियां चलाने वाले हिस्ट्रीशीटर सभासद केपी यादव को हथियार पहुंचाने वाले आरोपी समेत दो को पुलिस ने रविवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुर्खा चौधरी किला निवासी मोहम्मद हुसैन उर्फ गोला और खाता रिठौरा निवासी धनुष यादव उर्फ गुर्गा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो तमंचे, दो जिन्दा कारतूस और एक कार बरामद की है। पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि वैसपुर गुलड़िया नहर के किनारे दोनों आरोपी कार से कहीं भागने की फिराक में हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें दोनों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। धनुष पर आठ और गोला पर नौ मुकदमे दर्ज हैं।

गोलीकांड के दोनों आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

हिस्ट्रीशीटर केपी यादव समेत दो और गए जेल

पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए गए हिस्ट्रीशीटर केपी यादव और उसके दोस्त सुभाष लोधी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। अभी राजीव राणा का भाई संजय राणा अभी फरार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि जरूरत पर जेल भेजे गए आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा सकती है।

"गोलीकांड के दो आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
–राहुल भाटी, एसपी सिटी"

हिस्ट्रीशीटर केपी यादव के कहने पर मंगाए थे तमंचे

पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार मोहम्मद हुसैन उर्फ गोला ने बताया कि उसने हिस्ट्रीशीटर केपी यादव के कहने पर घटना वाले दिन से करीब एक सप्ताह पहले ही तमंचे मंगवा लिए थे। केपी ने उसे एडवांस रुपये भी दिए थे और बाकी पैसे मास्टर माइंड राजीव राणा के भाई संजय राणा के देने पर देने का वादा किया था। उसने बताया कि वह केपी यादव के साथ लंबे समय से जुड़ा हुआ था। उस दिन तमंचे देने के साथ ही वह 10-15 सदस्यों के एक गिरोह के साथ मौके पर पहुंचा था। उसने भी गोलियां चलाई थीं। गोला ने अपने गुर्गों को तमंचे देने से पहले ही बता दिया था कि वहां कोई भी आ जाए लेकिन भागना नहीं है।

गोला एक नामी बिल्डर के लिए भी करता है काम

पुलिस पूछताछ में गोला ने बताया कि वह शहर के एक नामी बिल्डर के लिए काम करता है। उसके एक इशारे पर वह कोई भी घटना कर सकता है। उसके गिरोह में एक विशेष समुदाय के ही सदस्य हैं। गोला ने किससे तमंचे मंगवाए थे, पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है।

धनुष ने अपने सीने पर केपी के नाम का बनवाया था टैटू

गिरफ्तार आरोपी धनुष ने हिस्ट्रीशीटर केपी यादव के नाम से अपने सीने पर टैटू बनवाया था। गोला और धनुष गोलीकांड से पहले रात में होटल में हुई पार्टी में भी शामिल हुए थे और इसके बाद सुबह दोनों ने मौके पर गोली भी चलाई थी।

केपी की प्रेमिका की भी भूमिका की जांच शुरू

हिस्ट्रीशीटर केपी यादव का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर पुलिस ने देखा तो उसमें केपी की प्रेमिका के कई मेसेज भी थे, जिसमें उसने केपी को बचने की सलाह दे रखी थी। उसने फोन बंद करने के लिए भी कहा था। अब पुलिस उसकी प्रेमिका की भूमिका भी जांच कर रही है।

काउंटर पर रखे दो लाख रुपये लेकर चोर फरार

संवाददाता, मुजरिया (बदायूं)

अमृत विचार : कार से आए दो चोरों ने बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहक सेवा केंद्र को निशाना बनाया। सेवा केंद्र के काउंटर पर रखा बैग लेकर भाग गए। बैग में दो लाख रुपये थे । सूचना मिलने पर नवागत एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने मौका मुआयना कर पीड़ित से बात की। जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव रसूलपुर कलां निवासी विपिन कुमार सिंह पुत्र सुरेंद्र कुमार थाना मुजरिया क्षेत्र के कस्बा कौल्हाई में बैंक ऑफ बड़ौदा का ग्राहक सेवा केंद्र दरियापुर चलाते हैं। रविवार सुबह लगभग 11 बजे वह ग्राहक सेवा केंद्र खोलने गए थे। सेवा केंद्र का शटर खोलकर रुपये रखा बैग काउंटर पर रखा। इसी दौरान कार से दो लोग आए। काउंटर पर रखा बैग उठाया और कार में बैठकर भाग गए। विपिन कुमार सिंह ने शोर मचाया तो लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और उच्चाधिकारियों ने थाना पुलिस को जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया है।

वाराणसी गया परिवार चोरों ने खंगाल लिया घर

उझानी, अमृत विचार : चोरों ने शनिवार रात बैंक मित्र के बंद घर को निशाना बनाया। 60 हजार रुपये और जेवर समेत चार लाख का सामान चोरी कर लिया। वहीं दूसरे घर के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उझानी कोतवाली क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी निवासी बैंक मित्र संदीप गुप्ता अपने घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ वाराणसी गए थे। रविवार सुबह किसी ने उन्हें फोन करके घर के ताले टूटे होने की सूचना दी। संदीप गुप्ता ने अपने रिश्तेदार को घर पर भेजा। पता चला कि चोर उनके घर से नगदी, सोने की चेन, एक एलईडी, चांदी के आठ सिक्के, बैंक संबंधी कागज ले गए।

छत गिरने से महिला की जान गई

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)

अमृत विचार : पिछले कुछ दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश की वजह से कच्चे मकान कमजोर हो रहे हैं। जिसके चलते दीवार और छतें गिर रही हैं। शनिवार रात बारिश के दौरान एक मकान की कच्ची छत गिर गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि उसका बेटा और बेटी घायल हो गए। महिला की मौत के बाद परिवार में चीत्कार मचा है। पड़ोसियों की सूचना पर तहसील प्रशासन ने मौका मुआयना करके रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला गदरपुरा निवासी नाजिम उर्फ बंटू सैफी हरियाणा में रहकर मजदूरी करते हैं। घर पर उनकी पत्नी अरवीन (32), बेटा अनस और बेटी अलशिफा रहते थे। शनिवार को खाना खाकर वह तीनों कमरे में सो रहे थे। रात लगभग चार बजे उनके मकान की कच्ची छत भरभराकर गिर गई। अरवीन, अनस और अलशिफा मलबे के नीचे दब गए। छत गिरने की तेज आवाज होने पर पड़ोसी दौड़कर मौके पर पहुंचे। मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाला। पड़ोसी गंभीर रूप से घायल महिला को निजी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने महिला की मौत की पुष्टि कर दी। वहीं हादसे में मामूली रूप से घायल दोनों बच्चों का इलाज कराकर वापस भेज दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पड़ोसियों ने अरवीन के पति बंटू सैफी को फोन करके सूचना दी। साथ ही तहसील बिसौली प्रशासन को अवगत कराया। तहसील की टीम ने मौका मुआयना किया। सूचना मिलने पर महिला का पति भी हरियाणा से गांव पहुंच गया।

घटना की जानकारी देते लोग। ● अमृत विचार

● शनिवार रात बारिश के दौरान मोहल्ला गदरपुरा की घटना

नहाते समय युवती का वीडियो बनाते पकड़ा

बरेली, अमृत विचार : थाना बारादरी क्षेत्र में नहाते समय एक युवती का नहाते समय वीडियो बनाते हुए युवक को पकड़ लिया गया। युवती के परिजनों ने युवक को बारादरी पुलिस के हवाले कर दिया। युवती के भाई ने पुलिस में तहरीर दी है।

बारादरी क्षेत्र में किराये के मकान में रहने वाले युवक ने बताया कि 30 जून को उनकी बहन बाथरूम में नहा रही थी। इसी बीच एक युवक ने बहन का चुपके से वीडियो बना लिया। बहन ने वीडियो बनाते देखने पर शोर मचाया तो मकान मालिक ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया। युवक का मोबाइल देखने पर उसमें नहाते समय के वीडियो और फोटो थे। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ब्लैकमेल करने के लिए वीडियो बना रहा था। इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया।

एचटी लाइन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

संवाददाता, ककराला (बदायूं)

हादसा

● निर्माणाधीन प्लांट पर चल रहा था टिनशेड डालने का काम, एचटी लाइन से छू गई थी सीढ़ी

अमृत विचार : थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा ककराला में मूंगफली के छिलका उतारने वाले निर्माणाधीन प्लांट पर टिनशेड डालने के दौरान लोहे की सीढ़ी एचटी लाइन के संपर्क में आ गई, जिससे करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि तीन लोग झुलस गए। मौत के बाद मजदूर के परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया।

कस्बा ककराला में गांव भोजपुर मार्ग पर मूंगफली का छिलका उतारने वाले प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार को वहां टिनशेड डाली जा रही थी। कस्बा ककराला के वार्ड 14 निवासी उवैस (18) पुत्र शाहिद खां टिनशेड डालने का काम कर रहे थे। उन्होंने टिनशेड डालने के लिए लोहे की सीढ़ी लगाई वैसे ही सीढ़ी ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। उवैस को करंट लग गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मौजूद तीन अन्य मजदूरों ने उसे बचाने का प्रयास किया तो वह भी करंट लगने से आंशिक रूप से झुलस गए। सूचना मिलने पर उसके परिजन पहुंचे और शव को अपने साथ गांव ले गए। पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

खेत में पानी निकासी के विवाद में हुई मारपीट, तीन घायल

इस्लामनगर, अमृत विचार : इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव सिठौली निवासी अंकित, रवि, जगमोहन पुत्र सुरजपाल अपने खेत में पानी निकासी के लिए बरा डाल रहे। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी कुछ लोग वहां आ गए। उन लोगों ने आते ही गालियां देना शुरू कर दीं। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमे अंकित, रवि, जगमोहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक के भाई ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया।

नैनी झील के ऊपर कोहरे में दिखा मनोरम दृश्य....

नैनीताल, अमृत विचार : सरोवर नगरी में ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन अंतिम पड़ाव पर है। रविवार को बड़ी संख्या में सैलानी नैनीताल पहुंचे। सुबह के समय सैलानियों की संख्या कम रही। मगर दोपहर में एकाएक भीड़ बढ़ गई। सैलानियों की भीड़ के कारण नगर की सड़कों में जाम लग गया। देर शाम तक वाहन जाम में फंसे रहे। जिससे पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। नैनीझील में नौका विहार करने के लिए दिनभर सैलानियों का तांता लगा रहा। वहीं पंत पार्क समेत भोटिया बाजार में सैलानियों की भारी भीड़ रही। स्नोव्यू, राजभवन, चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन व केव गार्डन में काफी भीड़ रही। शाम के समय सैलानी हनुमानगढ़ी में सूर्यास्त देखने पहुंचे।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

पांच साल में पैसा दोगुना करने का लालच देकर धोखाधड़ी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : भदईपुरा निवासी एक व्यक्ति ने दो लोगों पर कल्पवट रियल स्टेट कंपनी में पांच साल में दोगुना धनराशि होने के नाम पर एक लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो नामजद और दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भदईपुरा निवासी जसवंत सिंह ने कोर्ट को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि 1 जनवरी 2013 को मूलरूप से मलकपुर शीशगढ़ बरेली और हाल फुलसुंगी निवासी राकेश यादव और सावित्री पत्नी बेनी राम के साथ दो अन्य लोग उसके घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बताया कि रुपये दोगुना करने वाली कल्पबट रियल एस्टेट लिमिटेड के नाम से कंपनी बनाई है। कंपनी में पैसा जमा कर बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखा जा सकता है। विश्वास कर एक लाख रुपये राकेश यादव और सावित्री को दे दिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पांच साल में रुपये दोगुने हो जाएंगे। आरोप है कि इस दौरान उनसे रसीद मांगी तो 29 मार्च 2013 को 30 हजार का बांड दिया। इसके बाद शेष धनराशि 70 हजार रुपये के बांड के रूप में देने के लिए आश्वस्त करते रहे। बाद में सावित्री व राकेश यादव ने उसे विश्वास में लेकर दोबारा मासिक किश्त शुरू करायी। जिसकी किश्त वह जमा करता रहा। समय पूरा होने के बाद सावित्री व राकेश यादव से जमा की गई धनराशि मांगी तो वह टालमटोल करते रहे। 18 जून 2022 की शाम जब वह उनके घर गया तो सावित्री व राकेश यादव ने उससे अभद्रता कर दी। इसकी शिकायत उसने पुलिस से की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

6 जिलों में बहुत भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड में मानसून की मूसलाधार बारिश शुरू होने के साथ ही अब बारिश को लेकर सतर्क रहने की भी सलाह दी जा रही है। सोमवार को राज्य के छह जिलों में भारी से भी बहुत भारी तो तीन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी हुआ है

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार राज्य के देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले में सोमवार को भारी से बहुत भारी बारिश होगी। यहां ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां लोगों को सतर्क रहने की भी जरूरत है।

इसके अलावा टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। इधर, रविवार को राज्य में मानसून का असर कम रहा। हल्द्वानी के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई है। देहरादून में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री रहा और हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री दर्ज किया गया है।

केदारनाथ में खाई में समाया बर्फ का गुबार

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : विश्वप्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर के पीछे की पहाड़ियों पर रविवार सुबह फिर एवलॉन्च आया। इस एवलॉन्च से किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। चोराबाड़ी क्षेत्र की इस बर्फीली पहाड़ी पर अक्सर एवलॉन्च आते रहते हैं,लेकिन केदारनाथ धाम के पीछे की पहाड़ी पर रविवार सुबह 5 बजकर 46 मिनट के आस-पास एवलॉन्च आया। पहाड़ी से बर्फ काफी नीचे आ गई। पहाड़ी पर बर्फ का गुबार उड़ता दिखाई दिया। अचानक हुई इस घटना से केदारनगरी में हलचल मच गई। इस पहाड़ी पर समय समय पर एवलॉन्च आते रहते हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार सुबह केदारनाश मंदिर के पीछे की पहाड़ी पर एवलॉन्च आया था। उन्होंने बताया कि इस पहाड़ी पर इस प्रकार के एवलॉन्च आते रहते हैं। यहां बर्फ अधिक गिरने पर इस प्रकार की घटनाएं होती हैं। इनसे किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता है।

बीती आठ जून को भी यहां ग्लेशियर टूटने की घटना हुई थी। बीते वर्ष मई व जून में भी चोराबाड़ी से लगे कंपेनियन ग्लेशियर क्षेत्र में पांच बार हिमस्खलन हुआ था। रविवार को ग्लेशियर टूटने से बर्फ का गुबार उठा और फिर खाई में समा गया। मंदिर क्षेत्र में मौजूद कई यात्रियों ने इस प्राकृतिक दृश्य को मोबाइल के कैमरे में कैद किया।

केदारनाथ में एवलॉन्च का दृश्य। ● अमृत विचार

क्या है एवलॉन्च

हिमस्खलन एक बड़ी मात्रा में बर्फ है जो पहाड़ से तेज़ी से नीचे गिरती है, आमतौर पर 30 से 45 डिग्री की ढलान पर। जब हिमस्खलन रुक जाता है, तो बर्फ कंक्रीट की तरह ठोस हो जाती है और लोग खुदाई करने में असमर्थ होते हैं।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

बदलाव तीन नये कानूनों की धाराओं में कई बदलाव, एसएसपी ने अधीनस्थों को दिए निर्देश

आज से न्याय, सुरक्षा व साक्ष्य अधिनियम के तहत दर्ज होंगे केस

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ब्रिटिश हुकूमत से चली आ रही संहिताओं में बदलाव करते हुए एक जुलाई यानी सोमवार से अब देश भर की थाना-चौकियों में तीन नये कानून के हिसाब से अब मुकदमे पंजीकृत होंगे और कानूनी कार्रवाई होगी। इसको लेकर एसएसपी ने जिले के सभी थानों-चौकियों में तैनात अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए हैं।

बताते चलें कि ब्रिटिश हुकूमत के दौर से चली आ रही संहिताओं में केंद्र सरकार ने तीन नये कानून में बदलाव किया है। इसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल हैं। ये नये कानून भारतीय दंड संहिता 1860, आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान लेंगे। पहले भारतीय संहिता में 511 आपराधिक धाराएं होती थी, लेकिन अब घटकर 358 हो गई है। इसमें 20 नये अपराधों को शामिल किया गया है। 33 अपराधों में सजा के प्रावधान को बढ़ाया गया है, जबकि 83 मामलों में जुर्माने की राशि को बढ़ाया गया है।

इसके अलावा 23 प्रकरणों में अनिवार्य न्यूनतम सजा और छह प्रकरणों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए जनपद भर के दरोगाओं को नये कानून की जानकारी का प्रशिक्षण भी पूर्व में दे दिया गया है। अब एक जुलाई से इन कानूनों को मुकदमा रजिस्टर में दर्ज करने के लिए एसएसपी ने अधीनस्थों को नये कानून के तहत ही मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया है। अब न्याय, नागरिक सुरक्षा और साक्ष्य अधिनियम के तहत हुए बदलाव में ही मुकदमा दर्ज होगा।

संगीन धाराओं में हुआ मुख्यतः बदलाव

रुद्रपुर। आज से जहां न्याय, नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य अधिनियम में बदलाव हुआ है। वहीं आईपीसी के संगीन आपराधिक धाराओं में मुख्यतः गैरकानूनी सभा की धारा 144 को बदलकर 189, हत्या की 302 को बदलकर 101, हत्या के प्रयास की धारा 307 को बदलकर 109, दुष्कर्म की धारा 376 को बदलकर 63, मानहानि की धारा 399 को बदलकर 356 और ठगी की धारा 420 को बदलकर 316 कर दिया गया है। अब पुलिस बदली गयी इन धाराओं के तहत ही मुकदमा दर्ज करेगी।

पाक्सो की धारा में फांसी का हुआ प्रावधान

रुद्रपुर। दुष्कर्म जैसे घिनौने कृत्य करने वाले दोषियों को अब नये कानून के तहत कठोर सजा देने का प्रावधान रखा गया है। इसमें नाबालिग दुष्कर्म प्रकरण में मुख्यत शामिल किया गया है। नये बदलाव के तहत 12 साल से कम बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को अब सजा नहीं, बल्कि मृत्युदंड का भी प्रावधान कर दिया है। इसके अलावा पोक्सो के तहत सात साल की न्यूनतम सजा को बढ़ाकर अब दस वर्ष कर दिया गया है। साथ ही बदलाव किये गये हैं नाबालिग प्रकरणों में पुलिस और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर ही सजा दी जाएगी। ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके और दुष्कर्म की वारदातों का ग्राफ समाप्त हो।

गुलदार ने बाइक सवार युवक को किया लहूलुहान

जसपुर, अमृत विचार : गुलदार ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल गया। सीमावर्ती गांव राघूवाला, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, निवासी ऋषि ओम पुत्र ओम प्रकाश सिंह रविवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे ऋषिओम पुत्र ओम प्रकाश प्राइवेट पेपर मिल में से लौट रहा था, तभी वह गांव गौरा फॉर्म, जसपुर के रास्ते पर मोटरसाइकिल से उतरकर पेशाब करने लगा। इसी दौरान उस पर गुलदार ने जानलेवा हमला कर दिया।

नाम परिवर्तन सूचना

पहले नाम NAZIM था अब बदल कर NAZIM ALI S/O MOHAMMAD AKHTAR HUSAIN R/O JOYI DEHAT JOYA PO JOYA PS DIDAULI DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

न्यायालय तहसीलदार अमरोहा

पत्र संख्या:- 323 / एम0जे0/2024 दिनांक 21 जून, 2024

वाद सं० टी 201613380107636 धारा 34/35, उ०प्र०भू-राजस्व अधिनियम-1901 मौजा- अमरोहा बाहर चुंगी परगना व तहसील अमरोहा। श्रीमती चन्द्रा देवी आदि बनाम श्रीमती लक्ष्मी बेवा चेतराम उपरोक्त वाद के सम्बन्ध में आप निम्नलिखित पक्षगण को सूचित कराना सुनिश्चित करें कि वह दिनांक 05.07.2024 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर वाद की पैरवी करना सुनिश्चित करें। अन्यथा वाद में एकपक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी। 1- श्रीमती शीला पत्नी प्रभुसिंह नि० मौहल्ला बंगला गॉव तहसील व जिला मुरादाबाद। 2- श्रीमती गोमती पत्नी नन्हें सिंह नि० ग्राम गददी नमैनी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद। 3- श्रीमती सौभाग्यवती पत्नी गोकल सिंह नि० मौहल्ला मौलागढ की (मिलक) मडैया तहसील चन्दौसी व जिला मुरादाबाद।

हेमन्त कुमार गुप्ता (तहसीलदार अमरोहा)

बायोमेट्रिक हाजिरी के साथ कैमरों की निगरानी में रहेंगे शिक्षक-छात्र

सभी 560 अनुदानित मदरसों में आज से आरंभ होगी नई व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड के शिक्षक और छात्र बायोमेट्रिक हाजिरी के साथ सीसीटीवी की निगरानी में अपने अध्ययन और अध्यापन कार्य करेंगे। सोमवार से शुरू होने वाले नए सत्र में संशोधित पाठ्यक्रमों को भी विस्तार दिया जा रहा है। नई व्यवस्था 560 अनुदानित मदरसों पर प्रभावी होगी।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार आरपी सिंह ने बताया है कि सोमवार से मदरसों में अध्ययन कार्य आरंभ होंगे। नई व्यवस्था प्रदेश के सभी 560 अनुदानित मदरसों पर प्रभावी की जा रही है। मदरसों में आने वाले हर शिक्षक और छात्र-छात्राओं को बायोमेट्रिक हाजिरी लगानी होगी। कार्यालय और कक्षा में लगे सीसीटीवी का सामना भी करना होगा। ताकि ये पता चल सके कि कौन कितने बजे और आया और फिर वापसी का समय क्या था। रजिस्ट्रार का कहना है कि फिलहाल ये व्यवस्था अनुदानित मदरसों में शुरू कराई जा रही है, आगे मान्यता प्राप्त मदरसों में भी इसमें शामिल किया जाना है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और मदरसा संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि उन्हें रोजाना की अपडेट राज्य मुख्यालय कार्यालय पर प्रेषित की जानी है।

प्रदेश के मदरसों में 27 लाख छात्र हैं अध्ययनरत : प्रदेश के कुल मदरसों में लगभग 27 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। इसमें 16,513 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। वहीं गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 8,449 है। 16,513 मदरसों में से 558 मदरसों को राज्य सरकार की ओर से वित्त पोषित किया जाता है। इन मदरसों में शिक्षक/ कर्मचारियों की संख्या 9000 है।

नए सत्र में अनिवार्य विषय होंगे सम्मिलित

नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के तहत सोमवार से नया सत्र आरंभ किया जा रहा है। इसमें कक्षा एक से हाईस्कूल और इण्टर तक की पढ़ाई में गणित, प्राथमिक विज्ञान, नागरिक शास्त्र, इतिहास आदि विषयों को बतौर अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा। ऑल इण्डिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव ने बताया है कि अनुदानित और मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए ये प्रस्ताव तो 12 अक्टूबर 2021 को ही प्रभावी हो गया था, लेकिन लागू नहीं हो सका।

अधिकारियों को मिलीं महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां

लखनऊ, अमृत विचार : मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने के बाद कुछ विभागों की जिम्मेदारियां अन्य अधिकारियों में भी बांटी गई है। आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार है। पंधारी यादव को प्रमुख सचिव वाह्य सहायतित परियोजना एवं वित्त विभाग से प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी बनाया गया है। अनुराग यादव को सचिव योजना विभाग, डीजी यूपीडीईएस से सचिव कृषि के पद पर तैनाती की दी गई। राज्य सरकार ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह पर भरोसा जताते हुए रविवार को उन्हें 6 महीने का और सेवा विस्तार कर दिया है। उनका कार्यकाल 30 जून को खत्म हो रहा था लेकिन अब वह 2024 दिसंबर तक यमुना अथॉरिटी के सीईओ रहेंगे। पीसीएस अरुणवीर सिंह को 2006 में आईएएस में प्रोन्नत किया गया था। इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी की प्रगति अच्छे हो, इसलिए अरुणवीर का दायित्व बहाल रखा गया है।

पहले टीम 11 फिर 9 के बाद अब टीम लीडर बने मनोज सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने 2017 में सबसे पहले नौकरशाही में कुछ ऐसे अधिकारियों को चिन्हित किया, जिनमें अनुभव और दक्षता तो हो ही, सत्यनिष्ठा के साथ-साथ कार्य करने के प्रति जीवटता और जुझारूपन भी हो। आईएएस मनोज कुमार सिंह भी उन चुनिंदा अधिकारियों में से एक रहे जो योगी की इसी कसौटी पर खरे उतरे।

मनोज सिंह योगी की टीम 11 और टीम 9 के एक ऐसे ही अहम सदस्य हैं जिन्होंने रविवार को उत्तर प्रदेश नौकरशाही में नंबर एक के पायदान पर आते हुए मुख्य सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया है। अब वह राज्य की ब्यूरोक्रेसी के टीम लीडर होंगे। 1988 बैच के आइएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह की पहचान परिणाम देने वाले अधिकारी की रही है। यही कारण है कि योगी आदित्यनाथ ने अपने अब तक के कार्यकाल में उनपर लगातार भरोसा जताया है। कहा जाता है कि तय समय में काम कर देने के योगी-मंत्र को मनोज कुमार सिंह ने आत्मसात कर लिया है। दरअसल, कोविड काल में पहले टीम 11 और फिर टीम 9 में शामिल मनोज सिंह ने गांवों में कोविड प्रसार को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

मनोज कुमार सिंह ने संभाला मुख्य सचिव का पदभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

नवनियुक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह पूर्व मुख्य सचिव डीएस मिश्र से लोकभवन कार्यालय में चार्ज लेते हुए।

- आईएएस देवेश चतुर्वेदी को अपर मुख्य सचिव नियुक्ति के साथ कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि उत्पादन आयुक्त की भी जिम्मेदारी

अमृत विचार: 1988 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह राज्य के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं। उन्होंने रविवार शाम को अपने पूर्ववर्ती दुर्गाशंकर मिश्र से लोकभवन में कार्यभार ग्रहण किया। दुर्गाशंकर मिश्र मुख्य सचिव पद से रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने मनोज सिंह को चार्ज सौंपते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस बार केंद्र से दुर्गा शंकर मिश्र को चौथा सेवा विस्तार नहीं मिला, ऐसे में औद्योगिक विकास एवं कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने का रास्ता साफ हुआ।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप और सीईओ यूपीईडा फिलहाल अभी बना रहेगा। वहीं, 1989 बैच के आईएएस देवेश चतुर्वेदी अब अपर मुख्य सचिव नियुक्ति के साथ कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि उत्पादन आयुक्त की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्य सचिव के बाद यह पद काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने के बाद कुछ विभागों की जिम्मेदारियां देवेश चतुर्वेदी समेत अन्य अधिकारियों में बांटी गई है।

आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार है। पंधारी यादव को प्रमुख सचिव वाह्य सहायतित परियोजना एवं वित्त विभाग से प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी बनाया गया है। अनुराग यादव को सचिव योजना विभाग, डीजी यूपीडीईएस से सचिव कृषि के पद पर तैनाती की दी गई।

जमीन पर कब्जे की शिकायत बर्दाश्त नहीं होगी: मुख्यमंत्री

सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की शिकायत सुनते मुख्यमंत्री।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शाहजहांपुर के जिलाधिकारी को दिए कार्रवाई के निर्देश

अमृत विचार : जमीन कब्जे के मामलों को लेकर लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी दे चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ज्यादा नाराज दिखे। सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान जैसे ही कानपुर, आगरा समेत अन्य जिलों के ऐसे मामले उनके सामने आने लगे वह बिफर पड़े। जमीन कब्जे व पैमाइश में हीलाहवाली से जुड़ी अधिकांश शिकायतें शाहजहांपुर की रहीं।

इस दौरान फरियादियों ने लेखपाल-कानूनगो की लापरवाही की शिकायत भी योगी से की। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल शाहजहांपुर के जिलाधिकारी को तीन दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया। इसी तरह के निर्देश उन्होंने आगरा-कानपुर के प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए दिए। योगी ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उन्हें कतई परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि फरियादियों की शिकायत जिला स्तर पर हर हाल में सुनी जाए। किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जमीन कब्जे से जुड़े मामलों में योगी ने कहा कि पीड़ितों की सुनवाई सुनिश्चित हो। कानून से खिलवाड़ करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बारिश के कारण घट गई बिजली की मांग, फिर भी संकट

लखनऊ, अमृत विचार : बारिश के कारण प्रदेश में बिजली की मांग काफी घट गई है, पर उत्पादन इकाइयां के लगातार ठप होने से समस्या दूर नहीं हो पा रही है। प्रदेश की ठप इकाइयों के चालू न हो पाने से रविवार को भी करीब दो हजार मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट की स्थिति बनी रही, हालांकि एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में बिजली आपूर्ति बाधित होती रही।

शनिवार को ठप हुई ओबरा की दो-दो मेगावाट की दो इकाइयां व 660 मेगावाट की एक इकाई चालू नहीं हो सकीं। हरदुआगंज की 105 मेगावाट, मेजा की 660 मेगावाट, रिहंद की पांच सौ मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयों में भी उत्पादन ठप रहा। बिजली अभियंता इन इकाइयों को चालू करने के प्रयास में लगे रहे। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 25,942 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि भीषण गर्मी के दिनों में अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पर कर गई थी।

उधर भारत जीता, इधर रामलला को अर्पित किया गया तिरंगा

अयोध्या कार्यालय

- हनुमानगढ़ी में आतिशबाजी राजूदास टीम को देंगे एक लाख की प्रोत्साहन राशि

पुजारी ने रामलला कोअर्पित किया तिरंगा।

अमृत विचार : भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में जैसे ही खिताब अपने नाम किया। वैसे ही अयोध्या जश्न में डूब गया। युवा खेल प्रेमियों में ही नहीं बल्कि मठ-मंदिरों में काफी उत्साह देखा गया। टीम इंडिया के मैच जीतने पर राम मंदिर में पुजारी ने रामलला को तिरंगा अर्पित किया। वहीं हनुमानगढ़ी में आतिशबाजी हुई। पुजारी राजू दास ने टीम को एक लाख रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

साउथ अफ्रीका के बीच टी 20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला बारबडोस के केंसिग्टन ओवल मैदान पर खेला गया था। भारत ने देर रात रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। इसके बाद हर तरफ आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया। राम मंदिर के सहायक पुजारी संतोष कुमार तिवारी ने रामलला के समक्ष तिरंगा अर्पित किया। हनुमान गढ़ी मंदिर पर भी जीत के जश्न पर पुजारी राजू दास ने समर्थकों से साथ मंदिर के मुख्य द्वार पर आतिशबाजी की और एक दूसरे को बधाई दी। टीम इंडिया की शानदार जीत पर राजूदास ने एक लाख रुपये देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देश के लिए यह गर्व की बात है। भारत की टीम ने बहुत बड़ा इतिहास रचा है और सभी से मुलाकात करने के बाद प्रोत्साहन राशि उन्हें सौंपी जाएगी। इस जीत से हम लोग बहुत ही उत्साहित हैं।

अप्राकृतिक संबंध बना बहनोई से करवाया दुष्कर्म

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- आईजी के आदेश पर 7 लोगों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

अमृत विचार : पत्नी के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाकर बहनोई से दुष्कर्म करवाने का मामला सामने आया है। आईजी रेंज कानपुर के आदेश पर फतेहगढ़ कोतवाली में पति, बहनोई, सास-ससुर, दो जेठ व ननद समेत 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला की शादी 1 दिसंबर 2021 को थाना मेरापुर के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। बताया गया कि शादी के बाद पीड़िता का पति उसके साथ लगातार अप्राकृतिक संबंध बनाता था। विरोध करने पर पीड़िता के साथ पति मारपीट भी करता था। पीड़िता ने इसकी शिकायत सास और ननद से की लेकिन उसकी बात अनसुनी कर दी गई। घटनाक्रम ज्यादा बढ़ने पर उसने पूरी समस्या अपनी मां को बताई।

उसकी मां ने ससुराल वालों से शिकायत की। आरोप है की शिकायत से नाराज पति, ननद, ससुर, सास, दो जेठ ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद पीड़िता अपने मायके आ गई। घटना की शिकायत पीड़िता ने एसपी फतेहगढ़ को दी। सुलह समझौते में पीड़िता को समझा बुझाकर पति के साथ इस शर्त पर भेजा गया कि उसका पति उसके साथ अप्राकृतिक संबंध नहीं बनायेगा। लेकिन जब वह ससुराल आई तो पति ने फिर से अप्राकृतिक संबंध बनाए। इसके साथ ही पति ने थाना कंपिल क्षेत्र निवासी अपने बहनोई को घर पर बुलाकर मार्च और अप्रैल 2024 में दुष्कर्म करवाया।

पीड़िता की पुलिस में सुनवाई नहीं होने पर पुलिस महनिरीक्षक कानपुर को शिकायत की। कोतवाल फतेहगढ़ हरि श्याम सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं धार्मिक स्थलों पर लगेंगे जैमर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

एंटी ड्रोन जैमर की भी होगी खरीद, खर्च होंगे 74 करोड़ रुपये

- राम मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में लगाने की चर्चा
- व्हीकल माउंटेड एक्सरे-वैगेज स्कैनर की भी होगी खरीद

अमृत विचार : प्रदेश के विशिष्ट पदों पर विराजमान व्यक्तियों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और सख्त करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय सचिवालय भारत सरकार द्वारा की गई एक समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। निर्देशों के क्रम में गृह विभाग ने आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की खरीद के लिए 74 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति भी दे दी है। इसके लिए सरकार एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर, व्हीलक माउंटेड जैमर आदि लगवाने जा रही है। यह जैमर कहां और कब लगेंगे, विभाग ने अभी अधिकृत रूप से इसका खुलासा नहीं किया है। हालांकि अयोध्या स्थित राम मंदिर में एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर सिस्टम लगाने की चर्चा की जा रही है।

केंद्रीय कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में गृह विभाग ने 06 एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर खरीदने का फैसला किया है, जिसके लिए साढ़े 32 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति की गई है। सूत्रों के मुताबिक इसमें से एक अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में लगेगा। वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में भी एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर लगाने की चर्चा की जा रही है।

36 करोड़ में खरीदे जाएंगे व्हीकल माउंटेड जैमर

इसी तरह 08 व्हीकल माउंटेड जैमर भी खरीदे जाएंगे, जो इनोवा क्रिस्टा वाहन में फिट किए जाएंगे। यह जैमर महत्वपूर्ण स्थानों, वीवीआईपी की सुरक्षा में तो गतिशील रहेगा ही, साथ ही आगामी कुंभ मेला स्थल पर भी तैनात किया जाएगा। व्हीकल माउंटेड जैमर की खरीद के लिए 36 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति की गई है।

वैगेज स्कैनर के लिए खर्च किए जाएंगे छह करोड़ रुपये

इसी तरह 10 व्हीकल माउंटेड एक्सरे-वैगेज स्कैनर भी खरीदे जाएंगे। इसके लिए विभाग ने छह करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने की संस्तुति की है। इसे भी संवेदनशील धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों के साथ साथ वीवीआईपी के कार्यक्रमों में प्रवेश द्वार पर परीक्षण हेतु रखा जाएगा। गृह विभाग ने जारी की गई धनराशि के संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को सूचित भी कर दिया है।

बीएल मीणा और एल वेकेंटेश्वर लू को मुख्य सचिव का वेतनमान

लखनऊ, अमृत विचार : विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की रविवार को हुई बैठक में प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई। इसमें साल 1991 बैच के दो आईएएस अधिकारियों बीएल मीणा और एल वेकेंटेश्वर लू को मुख्य सचिव का वेतनमान देते हुए अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति मिली है। डीपीसी में साल 1991 व 1992 बैच के आईएएस अधिकारियों को पदोन्नति देने के लिए प्रस्ताव रखा गया। वर्ष 1991 बैच के कामराज रिजवी और निवेदिता शुक्ला वर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसलिए उन्हें उप्र. आने पर यह लाभ मिलेगा।

वर्ग पहेली-117

बाएं से दाएं

1. महुए का पका हुआ फल, कोलेंदा।
4. गरम चीज़ें आदि पकड़ने का एक कैंचीनुमा यंत्र।
6. 1. एक प्रकार का धान 2. एक प्रकार का पक्षी 3. शिव।
8. आत्मकेंद्रित व्यवहार, अपने मुंह मियां मिट्ठू होना, अपनी प्रशंसा आप करना।

ऊपर से नीचे

2. 1. धन, संपत्ति, (वेल्थ) 2. कोई अमूल्य या महत्वपूर्ण वस्तु
3. 1. जो फ़ासीवाद का समर्थक हो, (फ़ासिस्ट) 2. जो तानाशाही का समर्थक हो, तानाशाह, निरंकुश।
5. 1. नष्ट अथवा बरबाद होना 2. ख़राब होना।
7. 1. खट्टे स्वाद की चीज़ 2. खट्टा होने की अवस्था 3. खटास पैदा करने वाली चीज़



वर्ग पहेली -116 का हल

1 कॉं		2 कू			
ग		3 लू	ट	मा	र
ड़ी			नी		
			ति		4 के
5 बो		6 अ	क	थि	त
ग			हिं		ली
7 स	ह	सा			

सुडोकू-30

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5			3			7		8
		2		1			3	5
		9		6				1
6	8				4			
4		3				8		2
			5				1	6
1				3		5		
7	5			4		6		
2		4			9			7

सुडोकू -29 का हल

7	6	3	8	2	4	5	1	9
5	8	1	7	3	9	6	2	4
4	2	9	5	1	6	3	7	8
2	9	4	6	7	1	8	5	3
3	1	5	9	4	8	7	6	2
8	7	6	3	5	2	9	4	1
1	5	7	4	9	3	2	8	6
6	3	2	1	8	7	4	9	5
9	4	8	2	6	5	1	3	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 10.26 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 06.26 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। बड़े निर्णय लेने में हिचकिचाहट का अनुभव नहीं करेंगे। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी। आपकी धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है।

वृष — आज आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। अपनी कार्यशैली को लोगों से शेयर न करें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। आपको आराम करने की आवश्यकता है। मानसिक रूप से अशांत महसूस कर सकते हैं। दूसरों से अपनी तुलना न करें।

मिथुन — आज विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे।

कर्क — आज अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य सावधानी पूर्वक कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

सिंह — आज बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ मिलेगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियों बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें।

कन्या — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी बनाकर रखनी चाहिए। सहयोगियों से ज्यादा अपेक्षा न करें। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी।

तुला — आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए शानदार दिन है। कार्यक्षेत्र में आपका दबदबा बढ़ेगा। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं।

वृश्चिक — आज अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा।

धनु — आज संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा। प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं।

मकर — आज ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। आप आराम के मूड में रहेंगे। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने का प्रयास करें। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे।

कुंभ — आज तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। जीवनसाथी से आपको उपहार प्राप्त हो सकता है। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

मीन — आज आय में अचानक कमी आ सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। समाज में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी।

आज की फिल्में

शिव शक्ति
दोपहर : 12.00
लोहा
रात : 09.00
मि. इंडिया
सुबह : 10.24
सूर्यवंशी
रात : 08.00

जर्नी 2
सुबह : 09.17
डंकिर्क
दोपहर : 03.03
कार्तिकेय 2
सुबह : 11.22
आरआरआर
रात : 08.00
कादम्बन
सुबह : 10.04
बेटिंग राजा
शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लॉटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाऊंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा – मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला – दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

एक नजर

महाविकास आघाडी मिलकर महाराष्ट्र विस चुनाव लड़ेगा : पवार

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं। पवार ने कहा कि विपक्ष चुनावों में महाराष्ट्र की जनता के सामने सामूहिक रूप से उतरेंगे। पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।

डेयरी कर्मी एवं महिला की गोली मारकर हत्या

समस्तीपुर। बिहार में समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर सकरा गांव स्थित त्रिमूर्ति डेयरी सह ग्राहक सेवा केन्द्र पर रविवार को बेखौफ बदमाशों ने धावा बोलकर हजारों रुपये लूट लिए और प्रतिरोध करने पर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के मोहम्मदपुर सकरा गांव में त्रिमूर्ति डेयरी सह सीएसपी संचालक रजनीश कुमार के यहां आज बाइक सवार तीन हथियार बंद अपराधियों ने धावा बोला। इसके बाद अपराधकर्मी लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान विरोध करने पर अपराधियों ने डेयरी कर्मी अजय यादव एवं ग्राहक सुशीला देवी को गोली मार दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई।

मणिपुर में पुल टूटा ट्रक चालक लापता

इंफाल। मणिपुर के काकचिंग जिले के मुतुम फिबो में रविवार को एक पुल उस समय टूट गया जब एक ट्रक उसके ऊपर से गुजर रहा था। पुलिस के अनुसार पुल टूटने के कारण ट्रक पानी में डूब गया। चालक का पता नहीं चल पाया है जबकि ट्रक पर सवार तीन अन्य लोगों को बचा लिया गया है। बचाव दल मौके पर पहुंच गया है। अंतिम समाचार मिलने तक ट्रक चालक की तलाश जारी थी।

आप तो हमें मुसलमान कहने से भी डरने और कतराने लगे

इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस में मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने विपक्षी दलों की भूमिका पर कसा तंज

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बाद मजबूत हुए विपक्ष को मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने आड़े हाथ लेते हुए तंज कसा है कि 'आप तो हमें मुसलमान कहने से भी कतराने लगे हैं, किस डर के मारे अल्पसंख्यक कहते हैं, यह मत भूलिए कि हमारे वोट से ही आज इतने ताकतवर हुए हैं।' इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की यहां नेहरु भवन में हुई राष्ट्रीय कांफ्रेंस में विपक्षी दलों को इस बात पर घेरा गया कि मुस्लिमों के खिलाफ घटनाएं नहीं रुकने के बावजूद आखिर किस वजह से उन्होंने जुबान पर ताला लगा रखा है।

दिल्ली में आयोजित आईएमसीआर के सम्मलेन में शिरकत करते राज्यसभा सदस्य संजय सिंह व अन्य लोग। ● अमृत विचार



सम्मलेन में विपक्ष के सांसदों से सवाल पूछते पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद।

इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और तीन दशक तक राज्यसभा सदस्य रहे मोहम्मद अदीब ने बुलाई थी।

मोहम्मद अदीब ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि 'याद रखिए किसी भी अत्याचार पर सरकार से बाद में, पहले आपसे जवाब मांगेंगे, क्योंकि मुसलमानों ने ही आपको यहां तक पहुंचाया है।' पंजाब से आये दया सिंह ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ही उनके राज्य ने विपक्ष को इतनी सीटें दी हैं। इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि 15 प्रतिशत मुसलमानों का विश्वास जीते बिना देश को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। टीडीपी के प्रतिनिधि ने सफाई भरे लहजे में कहा कि उनकी पार्टी ने एडीए में शामिल जरूर हुई है, लेकिन मुसलमानों के लिए जो सहूलियतें हैं, उसमें कोई कटौती नहीं होने दी जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद विपक्षी दलों के सांसदों ने यकीन दिलाया कि मुसलमानों के हर मुद्दों को संसद में उठाया जाएगा और उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

कांफ्रेंस में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सांसद ताहिर बर्क, सांसद इकरा चौधरी, सांसद ईटी बशीर, सांसद आगा रोहुल्ला, पंजाब से अमन कारवां के प्रमुख दया सिंह, एनडीए गठबंधन में सहयोगी टीडीपी के प्रतिनिधि, कानपुर से इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान, जमाअते इस्लामी के अमीर सआदत उल्लाह, मौलाना सज्जाद नोमानी के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, एआर रहमान, कुंवर दानिश अली, शाहिद सिद्दीकी समेत देश के करीब 700 जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने शिरकत की।

केरल में गूगल मैप के भरोसे उफनाती नदी में कार लेकर चले गए दो युवक

कासरगोड (केरल), एजेंसी

● वाहन के एक पेड़ में फंस जाने के कारण बची जान

केरल के सुदूर उत्तरी कासरगोड जिले में गूगल मैप का उपयोग करके अस्पताल का रास्ता तलाश रहे दो युवक अपनी कार को उफनाती नदी में लेकर चले गए, लेकिन वाहन के एक पेड़ में फंस जाने के कारण चमत्कारिक रूप से बच गए।

रविवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। इस वीडियो में पल्लांची में उफनती नदी से दमकल कर्मी उन्हें सुरक्षित बाहर निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। जब उनका वाहन पानी के तेज बहाव में बहकर एक पेड़ में फंस गया तो उन्होंने किसी तरह गाड़ी से निकलकर दमकलकर्मियों को अपनी स्थिति (लोकेशन) से अवगत कराया। बाद में, अग्निशमन दल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रस्सियों की सहायता से दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला। बचाए गए युवकों ने बताया कि वे पड़ोसी राज्य कर्नाटक के एक अस्पताल जा रहे थे, जिसके लिए गूगल मैप का उपयोग करके आगे बढ़ रहे थे। युवकों में से एक अब्दुल रशीद ने बताया कि गूगल मैप से उन्हें आगे एक संकरी सड़क होने का पता चला, जिसके बाद वे अपनी कार लेकर गए। गूगल मैप एक वेब सेवा है जो दुनिया भर के भौगोलिक क्षेत्रों और स्थानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। पारंपरिक सड़क मानचित्रों के अलावा, गूगल मैप कई स्थानों के हवाई और उपग्रह दृश्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा- वाहन की हेडलाइट की मदद से हमें लगा कि हमारे सामने कुछ पानी है, लेकिन हम यह नहीं देख पाए कि दोनों तरफ नदी थी और उसके बीच में एक पुल था।

मेघालय में दूषित भोजन खाने से 50 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती

शिलांग। मेघालय के पूर्वी पश्चिमी खासी हिल्स जिले में एक अंतिम संस्कार समारोह के दौरान एक घर में दूषित भोजन के सेवन के बाद महिलाओं और बच्चों सहित 50 से अधिक लोग बीमार हो गए है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मरीजों को मैरांग और नोंगस्टोइन सिविल अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मैरांग में यू तिरोट सिंग मेमोरियल सिविल अस्पताल की चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी पिंसुक मारबानियांग ने बताया कि नामडोंग गांव में एक अंतिम संस्कार समारोह में भोजन के बाद 28 जून की शाम से मरीजों का अस्पताल में आना शुरू हो गया था। उन्होंने कहा कि शुरू में 10 लोग दस्त और उल्टी की शिकायत लेकर अस्पताल आए थे। इसके बाद भर्ती किया गया।

एम्स स्थापना को लेकर थरूर-चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध जारी रहा।

थरूर ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके भरसक प्रयासों के बावजूद, केंद्र सरकार ने कोझिकोड जिले में एम्स स्थापित करने के केरल सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने एक्स पर कहा कि राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य विधानसभा को सूचित किया है कि केंद्र ने कोझिकोड के किनालूर में एम्स स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस सांसद ने 15 वर्ष तक तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व किया है लेकिन उन्होंने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। चंद्रशेखर ने दावा किया कि यदि तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व भाजपा सांसद करते तो स्थिति अलग होती और वह इसके लिए लड़ते। उन्होंने कहा-15 वर्ष तक तिरुवंतपुरम का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस के इन सांसद ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है।

कॉमेडियन डेनियल फर्नांडिस का शो भाजपा नेता की धमकी पर रद

हैदराबाद। हैदराबाद में शनिवार को आयोजित 'स्टेंड-अप कॉमेडियन' डेनियल फर्नांडिस का शो भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजा सिंह की कथित धमकी के बाद रद कर दिया गया था। जैन समुदाय के खिलाफ कॉमेडियन की कथित टिप्पणी के बाद भाजपा विधायक ने कथित रूप से धमकी दी थी। सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए फर्नांडिस ने कहा कि हैदराबाद में शो को उनके 'पिछले शो के कारण हुई अशांति' के कारण पुनर्निर्धारित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोगों को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो को हटा दिया गया और माफीनामा पोस्ट किया गया है।

बच्चों को नशीली चीजों के सेवन से बचाएगा प्रहरी पोर्टल

नई दिल्ली, एजेंसी

● छात्रों और शिक्षकों के बीच बढ़ाएगा जागरुकता

केंद्र सरकार ने बच्चों को मादक पदार्थ के सेवन से बचाने के लिए एक पोर्टल शुरू किया है, जो विद्यालयों के आसपास प्रतिबंधित पदार्थों की बिक्री को रोकने और छात्रों और शिक्षकों के बीच जागरुकता बढ़ाने के लिए एक मजबूत निगरानी प्रणाली की सुविधा प्रदान करेगा।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने युवाओं को मादक पदार्थों की समस्या से बचाने तथा विद्यालयों के आसपास ऐसे पदार्थों की बिक्री पर रोक के लिए निगरानी तंत्र विकसित करने के उद्देश्य से प्रहरी पोर्टल की शुरुआत की है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने इस संबंध में एक राष्ट्रीय समीक्षा और परामर्श बैठक का आयोजन किया था।

इस बैठक में संयुक्त कार्य योजना के कामों पर चर्चा की गई जिसका उद्देश्य नशा मुक्त भारत के दृष्टिकोण के तहत बच्चों में मादक पदार्थों का सेवन और उनकी अवैध तस्करी को रोकना है। इस संयुक्त कार्य योजना का नाम नशे के खिलाफ एक युद्ध दिया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों को मादक पदार्थों का सेवन करने से रोकना है।

असम सरकार ने बलात्कार के आरोपियों व अन्य के घर ढहाए

ग्वालपाड़ा (असम)। असम के ग्वालपाड़ा जिले में रविवार को सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण के चलते पांच व्यक्तियों के मकान ढहा दिए गए। ढहाये गए मकानों में बलात्कार और हत्या के तीन आरोपियों के मकान भी शामिल हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दुधनोई राजस्व क्षेत्र की सीमा अंतर्गत तंगाबारी गांव में कुछ व्यक्तियों ने सरकारी जमीन पर अपने मकान बनाए थे और उन्हें इन ढांचों को हटाने के लिए नोटिस दिए गए थे। उन्होंने बताया-उन्होंने इसका पालन नहीं किया, इसलिए अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया।

नीट विवाद-अग्निपथ योजना पर संसद में आज हो सकती बहस

नई दिल्ली, एजेंसी

● विपक्षी दल बेरोजगारी का भी उठा सकता है मुद्दा

संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुनः आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है। विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है।

लोकसभा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी। लोकसभा ने

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा। राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री के बुधवार को (चर्चा पर) जवाब देने की संभावना है। नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नतीजे चार जून को घोषित किए गए, लेकिन इसके बाद बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने के अलावा परीक्षा से जुड़ी अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे। राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी को ''अतुलनीय'' बताया था और कहा था कि देश के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के उनके दृष्टिकोण और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। भाजपा सदस्य कविता पाटीदार ने प्रस्ताव का समर्थन किया था और चर्चा में अब तक नौ अन्य सदस्य भाग ले चुके हैं। लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नीट विवाद पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी अपने साथी सदस्यों के साथ आसन के करीब आ गए। नीट मुद्दे पर हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कारोबार/कृषि

एक नजर

पंजाब एंड सिंध बैंक की 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने कारोबार वृद्धि के लिए योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्वरूप कुमार साहा ने कहा- निदेशक मंडल ने पहले ही मंजूरी दे दी है और मर्चेंट बैंकरों को अगस्त तक शामिल कर लिया जाएगा। बाजार परिस्थितियों के आधार पर, धन जुटाने का काम दूसरी तिमाही या तीसरी तिमाही में पूरा हो सकता है।

अर्थव्यवस्था ऊंची वृद्धि दर के चरण के लिए तैयार

नई दिल्ली। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिड़े ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज देश जिन महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर रहा है उनको लेकर भी देश की अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। भिड़े ने कहा कि आमदनी में वृद्धि से घरेलू मांग को समर्थन मिलेगा और पिछले कुछ वर्षों में निवेश व्यय के उच्चस्तर से उत्पादन या आपूर्ति क्षमता में वृद्धि हो रही है जिससे घरेलू आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा- वृद्धि की गति और मुद्रास्फीति के रुख से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा- हमारी अर्थव्यवस्था सामने मौजूद महत्वपूर्ण जोखिमों के संदर्भ में भी मजबूत स्थिति में है।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का 2.89 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया बाजार पूंजीकरण

आंकड़ों के मुताबिक मार्केट कैप में पिछले सप्ताह सबसे अच्छी मासिक वृद्धि रही

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,89,699.42 करोड़ रुपये का उछाल दर्ज हुआ। शेयर बाजार में जोरदार तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक वृद्धि है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स ने पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार किया।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का बाजार मूल्यांकन चढ़ गया। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,52,264.63 करोड़ रुपये बढ़कर 21,18,951.20 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 34,733.64 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

एफपीआई ने बाजारों में 26,565 करोड़ रुपये डाले

लगातार दो माह की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून में भारतीय शेयर बाजारों में एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच जून में एफपीआई ने शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक (सूचीबद्ध निवेश) विपुल भोवर ने कहा, ''आगे चलकर उनका ध्यान धीरे-धीरे बजट और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की ओर स्थानांतरित होगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय शेयर बाजार शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में भी एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे थे। इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये शुद्ध निवेश किया था।

विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी होने से 21 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर कम होकर 652.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 21 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.6 डॉलर की गिरावट के साथ 574.1 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 98.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 56.95 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.05 अरब डॉलर पर आ गया।

ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या में 4 प्रतिशत की आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

● सांख्यिकी मंत्रालय ने बीते वित्त वर्ष के जारी किए आंकड़े

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए सदस्यों की कुल संख्या बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 4 प्रतिशत घटकर 1.09 करोड़ रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

ईपीएफओ की भारत में पेरोल रिपोर्टिंगः एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-जनवरी से अप्रैल, 2024 रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे। यह संख्या 2023-24 में घटकर 1,09,93,119 रह गई है। महामारी के कारण ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की कुल संख्या में 2020-21 में गिरावट आई थी और यह 85,48,898 रही थी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2019-20 में ईपीएफओ से 1,10,40,683 नए सदस्य जुड़े थे। 2021-22 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या 1,08,65,063 रही थी। देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों ने 2020 और 2021 में लॉकडाउन लगाया था, जिससे आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ रोजगार भी प्रभावित हुआ था। 2023-24 तक पिछले पांच वित्तीय वर्षों में, ईएफपीओ द्वारा जोड़े गए कुल नए सदस्य 2018-19 के पूर्व-कोविड स्तर तक नहीं पहुंचे थे।

सिग्नलट्रॉन का पहला 4जी आधार शिविर भारतीय सेना में शामिल

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने पहला स्वदेशी चिप-आधारित 4जी मोबाइल आधार शिविर शामिल किया है, जिसे उसने गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से बैंगलोर की कंपनी सिग्नलट्रॉन से खरीदा है। सिग्नलट्रॉन कंपनी के संस्थापक हिमांशु खासनीस ने बताया है कि सह्याद्रि एलटीई आधार शिविरों में प्रयुक्त चिप सिग्नलचिप द्वारा विकसित की गई है। खासनीस और उनकी टीम ने 2010 में 4जी और 5जी नेटवर्क के लिए चिप बनाने के लिए एक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी सिग्नलचिप की स्थापना की थी।

दूरसंचार विभाग कंपनियों को भुगतान के लिए जारी करेगा मांग पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

स्पेक्ट्रम नीलामी

दूरसंचार विभाग इस सप्ताह दूरसंचार कंपनियों को हाल ही में संपन्न नीलामी में खरीदे गए स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए मांग पत्र जारी कर सकता है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी है।

सात दौर में दो दिनों तक चली नीलामी में 141.4 मेगाहर्ट्ज रेडियो तरंगों की बिक्री 11,340.78 करोड़ रुपये में हुई। इस बार 25 जून को शुरू हुई नीलामी के दौरान कुल 96,238 करोड़ रुपये मूल्य की 10,500 मेगाहर्ट्ज रेडियो तरंगें बोली के लिए रखी गईं। इस नीलामी में बेचे गए 11,341 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम में लगभग 60 प्रतिशत सुनील मित्तल की एयरटेल ने हासिल किए। वह रेडियो तरंगों के लिए सबसे बड़ी बोलीदाता के रूप में उभरी। एयरटेल ने बोली लगाकर 6,856.76 करोड़ रुपये मूल्य की एयरवेव हासिल कीं। इस नीलामी में रिलायंस जियो ने 973.62 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम हासिल किया, जबकि वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने लगभग 3,510.4 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाई।

तम्बाकू किसानों ने योजना के तहत क्षेत्र को शामिल करने की मांग की

नई दिल्ली। तम्बाकू निर्यातकों ने सरकार से अनुरोध किया है कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए शुल्क वापसी योजना आरओडीटीईपी को इस क्षेत्र में भी लागू किया जाए। शनिवार को हैदराबाद में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक में व्यापारियों ने कहा कि तम्बाकू निर्यातक किसी भी ऐसी योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं जो निर्यात प्रोत्साहन प्रदान करती हो। मंत्रालय ने एक बयान में कहा-उन्होंने तंबाकू निर्यातकों को आरओडीटीईपी योजना के अंतर्गत शामिल करके उन्हें समर्थन देने का अनुरोध किया है।

शादी में सबसे ज्यादा खर्च करते हैं भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

● ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने रिपोर्ट में किया खुलासा

भारतीय विवाह उद्योग का आकार 10 लाख करोड़ रुपये है, जो खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि आम हिंदुस्तानी शिक्षा की तुलना में विवाह समारोह पर दोगुना खर्च करते हैं।

भारत में सालाना 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख शादियां होती हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय विवाह उद्योग अमेरिका (70 अरब अमेरिकी डॉलर) के उद्योग के आकार का लगभग दोगुना है। हालांकि, यह चीन (170 अरब अमेरिकी डॉलर) से छोटा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में खपत श्रेणी में शादियों का दूसरा स्थान है। अगर शादी एक श्रेणी होती, तो वे खाद्य और किराना (681 अरब अमेरिकी डॉलर) के बाद दूसरी सबसे बड़ी खुदरा श्रेणी होती। भारत में शादियां भव्य होती हैं और इनमें कई तरह के समारोह और खर्च होते हैं। इससे आभूषण और परिधान जैसी श्रेणियों में खपत बढ़ती है और अप्रत्यक्ष रूप से ऑटो तथा इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को लाभ मिलता है। खर्चीली शादियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के बावजूद, विदेशी स्थानों पर होने वाली आलीशान शादियां भारतीय वैभव को प्रदर्शित करती रहती हैं। जेफरीज ने कहा, हर साल 80 लाख से एक करोड़ शादियां होने के साथ, भारत दुनिया भर में सबसे बड़ा विवाह स्थल है। कैट के अनुसार इसका आकार 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

टीम भावना ने भारत को बनाया टी-20 विश्व विजेता

जीत में शामिल था समर्पण, एकजुटता, संयम और विश्वकप का जुनून, 2007 वर्ल्ड कप में कप्तान द्रविड़ की हार का रोहित की टीम ने चुकाया कर्ज

बारबाडोस, एजेंसी

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराया है। भारत ने 17 सालों के लंबे इंतजार के बाद टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। भारतीय टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया है। टीम के सभी प्लेयर्स ने जीत में योगदान दिया और पूरे टूर्नामेंट में कोई भी विरोधी टीम भारतीय टीम को हरा नहीं पाई। सही मायनो में देखा जाए तो इस जीत में टीम के हर सदस्य का समर्पण, एकजुटता, संयम और वर्ल्ड कप जीतने का जुनून शामिल था।

मैच'वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के क्लब में भारत: वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 4 या उससे ज्यादा बार क्रिकेट वर्ल्ड कप चैंपियन बना। वेस्टइंडीज ने 4 वर्ल्ड कप जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 7 बार वर्ल्ड कप जीता है। भारत दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। उसके अलावा भारत ही दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। भारत ने पहले ही संस्करण में 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। इसके बाद टीम 2014 में श्रीलंका से फाइनल में हारी थी। भारतीय टीम पिछले 1 साल में तीसरी बार आईसीसी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी। क्रिकेट खेल ही एक टीम का है, जिसमें व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं, बल्कि जीत में पूरी टीम का योगदान होता है। भारतीय टीम के इस शानदार प्रदर्शन का सबसे बड़ा श्रेय रोहित शर्मा की कप्तानी को जाता है।

गेंदबाजों ने किया बेहतर प्रदर्शन: इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्रभावित गेंदबाजों ने किया। पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे बड़ी टीमों के खिलाफ गेंदबाजों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया वो तारीफ के काबिल था। जसप्रीत बुमराह की अगुआई में तेज गेंदबाजों ने जहां शुरुआत से विपक्षी टीमों को दबाव में रखा, वहीं मध्य ओवरों में जब भी भारत को सफलता की जरूरत पड़ी तो स्पिनरों ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। भारत के आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन का काफी श्रेय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भी जाता है। पाकिस्तान के खिलाफ जब बल्लेबाजी आक्रमण फ्लॉप साबित हुआ तो गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर आठ चरण और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारतीय टीम पूरी तरह एकजुट दिखी और हर खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का जश्न मनाता दिखा।

अविस्मरणीय योगदान: रोहित शर्मा- आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर कप्तान रोहित ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने अगले 4 मैच तक अपना अटैकिंग रोल जारी रखा। रोहित ने फिर सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर 92 रन बनाए। _उन्होंने सेमीफाइनल में भी अहम फिफ्टी लगाई। कप्तान टीम के टॉप रन स्कोरर भी हैं।

सूर्यकुमार यादव: आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ सूर्यकुमार कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन अमेरिका के खिलाफ शुरुआती 3 विकेट गिर जाने के बाद टीम को संभाला। सूर्या ने फिफ्टी लगाई और टीम को जीत दिलाई। वह अफगानिस्तान के खिलाफ अर्धशतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। ऑस्ट्रेलिया के सामने सूर्या ने 16 बॉल पर 31, इंग्लैंड के खिलाफ 36 बॉल पर 47 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

ऋषभ पंत: पाकिस्तान के खिलाफ 42 और आयरलैंड-बांग्लादेश के खिलाफ मुश्किल पिच पर 36-36 रन की पारी खेलकर जीत में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के खिलाफ तो उन्होंने 3 अहम कैच भी पकड़े थे। पंत टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 11 कैच पकड़ चुके हैं।

टॉप-3 ऑलराउंडर्स- हार्दिक पंड्या: उप कप्तान हार्दिक ने बैटिंग, बॉलिंग के साथ फील्डिंग में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

अक्षर पटेल: सेमीफाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर टूर्नामेंट में भारत के सेकेंड बेस्ट ऑलराउंडर और सेकेंड बेस्ट स्पिनर साबित हुए।

शिवम दुबे: अमेरिका के खिलाफ दुबे को एक ओवर गेंदबाजी का मौका मिला, इसमें उन्होंने 11 रन दिए। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में कोई ओवर नहीं फेंका। हालांकि, बांग्लादेश (34), अमेरिका (31*) और ऑस्ट्रेलिया (28) और साउथ अफ्रीका के खिलाफ (27) उन्होंने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलीं।

विश्वकप टूर्नामेंट में बिना एक भी मैच गंवाए ट्रॉफी तक पहुंचने के सफर का भारतीय टीम ने कुछ ऐसे जश्न मनाया जो सालों तक लोगों के दिलों पर राज करेगा। ● एजेंसी

मेरे लिए जिंदगी भर की यादें, पर मैं विरासत, भारमुक्ति में भरोसा नहीं करता : द्रविड़

ब्रिजटाउन। आम तौर पर शांतचित्त रहने वाले राहुल द्रविड़ टी-20 विश्व कप जीतने के बाद बच्चों की तरह उछलते नजर आए और बतौर खिलाड़ी जो ट्रॉफी नहीं जीत सके, उसे कोच के तौर पर दिलाने के लिये उन्होंने अपनी टीम को धन्यवाद दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने रोमांचक फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म किया। द्रविड़ ने जीत के बाद कहा पिछले कुछ घंटों में मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे इस टीम पर गर्व है, जिस तरह से कठिन परिस्थितियों में टीम ने संघर्ष किया। पहले छह ओवर में तीन विकेट गंवाने के बाद इस तरह की जीत दर्ज करना बताता है कि यह टीम जुझारूपन छोड़ने वाली नहीं है। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं इतना खुशकिस्मत नहीं रहा कि विश्व कप जीत सकूं। मैंने खेलने के दिनों में अपनी ओर से पूरी कोशिश की लेकिन खेल में यह सब होता है। द्रविड़ के लिए यह जीत एक तरह से भार मुक्ति की तरह भी रही जिनकी कप्तानी में 2007 वनडे विश्व कप में टीम पहले दौर में बाहर हो गई थी। द्रविड़ ने हालांकि कहा कि वह इस तरह के शब्दों में विश्वास नहीं करते। पहली बात तो यह कि यह कोई भार मुक्ति नहीं है। मैं इस तरह की बातें नहीं सोचता।

टी-20 विश्वकप चैंपियन भारतीय टीम को मिले 20.36 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्वकप चैंपियन बनी भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को पुरस्कार स्वरूप 20 .36 करोड़ रुपये मिले। इस बार टूर्नामेंट शुरु होने से पहले आईसीसी रिकार्ड पुरस्कार राशि का बजट 93 .51 करोड़ रुपये रखा था। उसी के अनुसार फाइनल में जीतने वाली भारतीय टीम को 20 .36 करोड़ रूपये की राशि दी गई है। वहीं फाइनल में हारने वाली टीम दक्षिण अफ्रीका को 10 .64 करोड़ रुपये से संतोष करना पड़ा। इस बार टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 20 टीमों ने भाग लिया था। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6 .54 करोड़ रुपये। इनमें अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें शामिल हैं। दूसरे दौर यानी सुपर-8 को पार करने में नाकाम रहने वाली टीमों को 3 .17 करोड़ रुपये तथा नौ से 12वें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2 .05 करोड़ रुपये तथा 13 से 20वें स्थान पर रहने वाली हर एक टीम को 1 .87 करोड़ रुपये मिले। इसके अलावा हर एक टीम को टूर्नामेंट में जीतने वाले मैच पर अतिरिक्त 25 .89 लाख रुपये दिए गए है।

विश्वकप की जीत से संन्यास तक एक साथ रोहित-विराट

नई दिल्ली। जीत के जश्न में गले मिलते, हार के दुख में एक दूसरे के आंसू पोछते, क्रीज पर एक दूसरे की उपलब्धि को सराहते विराट कोहली और रोहित शर्मा फिल्म शोले के जय और वीरू की तरह हमेशा एक दूसरे के साथ खड़े नजर आए और अब दोनों ने टी-20 क्रिकेट से विदा भी साथ में ली। जीत के बाद कंधे पर तिरंगा लपेटे या एक दूसरे के गले लगकर रोते दोनों की तस्वीरें 140 करोड़ भारतीयों के दिल में घर कर गई। दोनों की शख्सियत में कोई समानता नहीं। एक आग है तो दूसरा पानी। एक 'वड़ा पाव' खाने वाला ठेठ मुंबइया तो दूसरा 'छोले भटूरे' का शौकीन दिल्ली वाला लेकिन फिर भी पिछले 15 साल से दोनों एक दूसरे के पूरक रहे हैं। दुख में, खुशी में, जीत में और हार में। वेस्टइंडीज में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित मैदान पर लेट गए, आंखें आंसुओं से भीगी थीं।

रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा

ब्रिजटाउन। भारत के अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने भी विश्व कप जीतने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा की तरह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में शुमार जडेजा ने कहा कि वह टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे। 35 वर्षीय जडेजा ने इंस्टाग्राम पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर डालकर लिखा मैं पूरी कृतज्ञता के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले रहा हूं। मैने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देश को दिया है और बाकी प्रारूपों में आगे भी देता रहूंगा। टी-20 विश्व कप जीतना सपना सच होने जैसा था। यादों, हौसलाअफजाई के लिये धन्यवाद। जय हिंद।

सूर्यकुमार को जय शाह से मिला सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार

ब्रिजटाउन। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा भेड़ियों के झुंड से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, दिलीप सर, मुझे यह मौका देने और जय (शाह) सर से यह पदक लेने के लिए आपका धन्यवाद।

जय शाह ने टीम के लिए 125 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की

नई दिल्ली। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टी-20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की सराहना करते हुए रविवार को टीम के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। शाह ने कहा, ''रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व में इस टीम ने शानदार दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया है जो आईसीसी टी-20 विश्व कप के इतिहास में एक भी मैच गंवाए बिना टूर्नामेंट को जीतने वाली पहली टीम बन गई है। खिलाड़ियों ने आलोचकों का सामना किया और बार बार शानदार प्रदर्शन से उन्हें चुप कराया। खिलाड़ियों का सफर प्रेरणादायक रहा है और आज वे महान खिलाड़ियों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, मुझे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस टीम ने अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और अदम्य जज्बे से सभी को गौरवान्वित किया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में और विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और अन्य खिलाड़ियों की मदद से उन्होंने 1.4 अरब भारतीयों के सपनों और उम्मीदों को पूरा किया है।



लंबे समय बाद शानदार जीत। पहले मैं कहता था कि भारतीय टीम 90 पर आउट हो जा रही है, शतक नहीं बना पा रही क्योंकि सेमीफाइनल, फाइनल में हार रही थी। अब शतक बनाया है और शानदार शतक।

-सुनील गावस्कर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

देश को चौथा सितारा मिल गया है (1983, 2007, 2011 विश्व कप के बाद)। टीम इंडिया की जर्सी पर लगने वाला हर स्टार देश के बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाने की प्रेरणा देगा। भारत को चौथा स्टार मिल गया। हमारा दूसरा टी-20 विश्व कप। वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट के लिए जीवन चक्र पूरा हुआ। 2007 वनडे विश्व कप में पहले दौर में हारने से अब 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने तक। रोहित शर्मा के बारे में क्या कहूं। बेहतरीन कप्तानी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच। दोनों इसके हकदार थे जिन्होंने जरूरत के समय शानदार प्रदर्शन किया।

सचिन तेंदुलकर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थी। शांतिचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रखकर शानदार प्रदर्शन किया। देश में और दुनिया भर में सभी भारतीयों की ओर से विश्व कप घर लाने की बधाई। जन्मदिन के शानदार उपहार के लिये धन्यवाद।

-महेंद्र सिंह धोनी, पूर्व भारतीय कप्तान

रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर, हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई।

-सौरव गांगुली, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तान। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।

-युवराज सिंह, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

टीम इंडिया को टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अजेय टीम। पांच ओवर बाकी रहते जो हालात थे, उसके बाद इस तरह का शानदार प्रदर्शन। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।

-वीवीएस लक्ष्मण, प्रमुख, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी

विश्व कप जीत के साथ संन्यास लिया जो शायद किसी भी लिखी गई स्क्रिप्ट से बेहतर था। दोनों खिलाड़ी शानदार हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मुझे यकीन है कि वे देश और टीम के लिए योगदान देते रहेंगे।

-गौतम गंभीर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

एक नजर

प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराया गुकेश ने अलीरजा से ड्रॉ खेला

बुकारेस्ट (रोमानिया)। जीत का मौका गंवाने के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरकार सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को ड्रॉ पर रोका। वहीं फेबियानो कारूआना ने रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल को हराया। कारूआना ने अब एकल बढत हासिल कर ली है और लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

पूर्व भारतीय मिड फील्डर भूपिंदर सिंह रावत का निधन

सूरत। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बताया कि 1969 में मलेशिया में मर्डेका कप में खेलने वाले पूर्व भारतीय मिडफील्डर भूपिंदर सिंह रावत का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और बेटी है। रावत अपनी फुर्ती और छोटे कद के बावजूद प्रतिद्वंद्वी डिफेंस को भेदने की क्षमता के कारण दर्शकों के चहेते थे जिससे वे उन्हें स्कूटर के नाम से पुकारते थे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा भूपिंदर सिंह रावत शानदार विंगर और शानदार गोल स्कोरर थे जिन्होंने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

टेस्ट श्रृंखला के लिए बेयरस्टो फोक्स और लीच को किया बाहर

लंदन। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से पहले अपनी टेस्ट टीम से जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स और जैक लीच को बाहर कर दिया। पहले दो टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम में इंग्लैंड ने तीन 'अनकैप्ड' (जिसने कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को शामिल किया है जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और डिलन पेनिंगटन शामिल हैं। लीच की जगह युवा स्पिनर शोएब बशीर को शामिल किया गया है। जेम्स एंडरसन को चुना गया है लेकिन यह 41 वर्षीय तेज गेंदबाज संन्यास लेने से पहले 10 जुलाई से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट में ही खेलेगा।

मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने ओलंपिक दल का किया उत्साहवर्द्धन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में रविवार को 26 जुलाई से शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय ओलंपिक दल का उत्साहवर्द्धन करते हुए शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा मेरे प्यारे देशवासियो, अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। हम सबके मन में टोक्यों ओलंपिक की यादें अब ताजा हैं।

आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए औपचारिक पोशाक और खेल किट के लॉन्च के दौरान एथलीटों के साथ केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और आईओए प्रमुख पीटी उषा। ● एजेंसी

उन्होंने कहा साथियों, पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। निशानेबाजी में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वालीफाइ कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी निशानेबाज बेटियाँ भी शामिल हैं। इस बार हमारा हैशटैग चीयर 4 भारत है। इस हैशटैग के जरिए हमें अपने खिलाड़ियों को चीयर करना है... उनका उत्साह बढ़ाते रहना है। तो गति को बनाए रखिए... आपका ये गति.भारत का जादू, दुनिया को दिखाने में मदद करेगा।

गलतियों को सुधार कर ओलंपिक में बेहतर खेल दिखाऊंगा : साबले

पंचकुला (हरियाणा)। भारतीय 3000 मीटर स्टीपलचेस धावक अविनाश साबले ने वादा किया कि वह अतीत की गलतियों से सीख कर आगामी पेरिस ओलंपिक में यादगार प्रदर्शन करेंगे। साबले घरेलू स्तर पर बड़े नाम है लेकिन वह वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर सके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 11.20 सेकंड है। साबले ने 2015 में दौड़ना शुरू किया है और राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के बाद कई बार उसमें सुधार किया है। 2023 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक भी जीता है। पेरिस ओलंपिक में उनके पास खुद को साबित करने का एक और मौका होगा। साबले सितंबर में 30 साल के हो जाएंगे और ऐसे में यह उनका आखिरी ओलंपिक भी हो सकता है। साबले ने कहा मैंने पिछले दो वर्षों में गलतियां की हैं।

फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका ने पकड़ मजबूत की

चेन्नई, एजेंसी

सुने लुस (109) की शतकीय और कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) रनों की पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 337 रनों से पिछड़ने के बाद तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 232 रन कर मुकाबले पर अपनी पकड़ बना ली हैं। फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही अन्नेका बोश (9) का विकेट गवां कर संकट में फंस गयी थी। ऐसे समय में सुने लुस और कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने पारी को संभाला। दूसरे विकेट के रूप में सुने लुस 109 रन बनाकर आउट हुई।

दिन का खेल समाप्त होने तक दखिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 232 रन बना लिए है हालंकि वह अभी 105 रन पीछे है। कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) और मैरिजान कप्प (15) रन बनाकर क्रीज पर है। भारत की ओर से दूसरी पारी में दीप्त शर्मा और हरमीत कौर ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिये मुफीद चेपॉक की सपाट पिच मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 236 रनों के कल के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। खेल समाप्त होने के समय मैरिजान कप्प (69) और नडीन डी क्लर्क ने (27) ने पारी को आगे बढ़ाया। स्नेहा राणा ने शुरुआत स्पैल में मैरिजान कप्प (74) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की टीम मात्र 30 रन जोड़कर ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई। नडीन डी क्लर्क (39), जाफ्टा (शून्य), अनरी डर्कसन (5), क्लास (1) और म्लाबा (2) रन बनाकर आउट हुई और पूरी टीम 266 रनों पर सिमट गई। भारत को पहली पारी में बनाए गए (छह विकेट पर 603 पारी घोषित) के स्कोर के आधार पर 337 रनों की बढ़त मिली है। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 25.3 में 77 रन पर आठ विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को 21 ओवर में 47 रन देकर दो विकेट मिले।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 603/6 पर पारी घोषित, सैफाली 205, स्मृति मंधाना 149, जेमिमा 55, हरमनप्रीत 69, रिचा 86। **विकेट:** डेल्मी ट्रकर 2, क्लार्क 1, म्लाबा 1।

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 266/10 मैरिजान कप्प 74, सुने लुस 65, क्लर्क 39। **विकेट:** स्नेहा राणा 8, दीप्ति 2।

दक्षिण अफ्रीका (फॉलऑन): 232/2। सुने लुस 109, लॉरा 93 नाबाद, मैरिजान 15 नाबाद। **विकेट:** हरमनप्रीत 1, दीप्ति 1।

अर्जेंटीना ने मेस्सी के बिना पेरू को हराया

कोपा अमेरिका

गार्डन्स। लौरेटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेस्सी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच में पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वें मिनट में पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेंच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होंने 86वें मिनट में दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल है। मेस्सी को चिली के खिलाफ पिछले मैच में पैर में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है।

कनाडा कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में

ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ में जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें 12वें मिनट में पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जब ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया। कनाडा ने दूसरे मैच में पेरू को हराया था।

यूरो 2024: जर्मनी क्वार्टर फाइनल में

डॉर्टमंड। मेजबान जर्मनी ने बारिश और तूफान के बीच हुए मैच में डेनमार्क को 2-0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब जर्मनी टीम 14 जुलाई को होने वाले फाइनल से दो जीत दूर है। जर्मनी के लिए केइ हावर्ट्ज ने पहला और जमाल मुसियाला ने दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। जर्मनी की 2016 के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में यह पहली जीत थी। अब उसका सामना स्पेन या जॉर्जिया से होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

कहर

दक्षिणी स्विट्जरलैंड के मैगिया घाटी में विसलेटो में भीषण तूफान उठा। इस कारण यहा पुल नष्ट हो गया। बचावकर्मियों ने यहा से दो शव भी बरामद किए हैं। तूफान के कारण विभिन्न यातायात मार्गों भी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति अभी भी लापता है। ● एजेंसी

अमेरिका में पुलिस अधिकारी ने 13 वर्षीय किशोर को गोली मारी

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयार्क में एक पुलिस अधिकारी ने 13 साल के किशोर को गोली मार दी। शनिवार देर रात इस संबंध मं एक वीडियो वीडियो भी जारी की गई है। पुलिस ने बताया कि मैनहट्टन से करीब 400 किलोमीटर उत्तरपश्चिम में पुलिस ने एक लूटपाट की जांच के संबंध में शुक्रवार देर रात 10 बजे दो किशोरों को रोका था, जिसके बाद एक किशोर को अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों किशोरों का विवरण लूटपाट की एक घटना के संदिग्धों से मेल खा रहा था और वे लूटपाट वाले दिन उसी इलाके में थे। फुटेज में एक अधिकारी को यह कहते हुए सुना जा सकता है उसे इन दोनों किशोरों की तलाशी लेनी होगी।

विदेश मंत्री राजधानी दोहा पहुंचे, द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के साथ कई मुद्दों पर दिया जोर

कतर से व्यापारिक संबंधों पर जयशंकर ने की चर्चा

दोहा, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को कतर की राजधानी दोहा में पहुंचे। उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करके द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की जिसमें राजनीति, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंध से जुड़े मुद्दों पर जोर दिया गया।

यहां एक दिवसीय यात्रा के तहत पहुंचे जयशंकर ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी शेख मोहम्मद के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। शेख मोहम्मद के पास विदेश मंत्री का भी प्रभार है। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा रविवार दोपहर दोहा में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एमबीए अलथानी से मिलकर खुशी हुई। महामहिम अमीर तक उनको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दी गईं शुभकामनाएं पहुंचाईं। उन्होंने कहा राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

कतर के प्रधानमंत्री के साथ विदेश मंत्री जयशंकर ● एजेंसी

इब्राहिम फखरू ने हवाई अड्डे पर किया स्वागत

जयशंकर की यह यात्रा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर द्वारा रिहा किये जाने के साढ़े चार महीने बाद हो रही है, जिन्हें अगस्त 2022 में गिरफ्तार होने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। कतर में भारतीय दूतावास ने दिन की शुरुआत में 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "विदेश मंत्री एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर दोहा पहुंचे। प्रोटोकॉल प्रमुख महामहिम इब्राहिम फखरू ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। गाजा स्थिति पर उनकी साझा अंतर्दृष्टि की सराहना करते हैं।

एक नजर

नाइजीरिया में विस्फोटों में 18 लोगों की मौत

अबुजा। पूर्वोत्तर नाइजीरियाई राज्य बोर्नो में हुए सिलसिलेवार विस्फोटों में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि 48 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी बोर्नो राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने दी। एजेंसी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कहा कि अब तक, हताहतों की संख्या का पता लगाया गया है, जिसमें 18 मृत हैं, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, और 48 गंभीर रूप से घायल पीड़ितों का इलाज चल रहा है। एजेंसी ने कहा कि पहला विस्फोट एक शादी समारोह में हुआ और कुछ मिनट बाद ग्वोज़ा शहर के मुख्य अस्पताल में एक और विस्फोट हुआ।

ऑस्ट्रेलिया में बस दुर्घटना में तीन की मौत

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के उत्तरपूर्वी राज्य क्वींसलैंड में रविवार को बस और कार की भीषण टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई तथा 20 लोग घायल हो गए। ब्रिस्बेन स्थित द कूरियर-मेल सहित क्वींसलैंड मीडिया आउटलेट ने बताया कि घटना उत्तरी क्वींसलैंड तट पर ब्रूस हाईवे पर बोवेन के उत्तर में गुमलू के पास हुई। घायलों में से चार की हालत गंभीर है। बस में कुल 33 लोग और कार में दो लोग सवार थे।

रूसी वायु रक्षा ने 36 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया

मास्को। रूसी वायु रक्षा ने अपने कुर्स्क, लिपेत्स्क, वोरोनिश, ब्रांस्क, ओरयोल और बेलगोरोड क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पिछली रात, कीव शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित विमान का उपयोग करके हमले को अंजाम देने के प्रयास को रोका गया।

फिरोजपुर में हेरोइन व तरनतारन में ड्रोन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने पंजाब के सीमावर्ती जिलों फिरोजपुर और तरनतारन से एक पैकेट हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि सुबह के समय बीएसएफ के सतर्क जवानों ने फिरोजपुर जिले के कालू गांव में सुरक्षा बाड़ के नजदीक से 522 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। मादक पदार्थ पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटे हुए थे और पैकेट से एक छोटा प्लास्टिक टॉर्च भी जुड़ा हुआ मिला। एक अन्य घटना में बीएसएफ ने खुफिया विंग द्वारा तरनतारन जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन की मौजूदगी के बारे में दी गई जानकारी के आधार पर, पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ के जवानों द्वारा संदिग्ध क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

हिंदू मतदाताओं को लुभाने मंदिर पहुंचे ऋषि सुनक और कीर स्टार्मर

ब्रिटेन में 4 जुलाई को हैं आम चुनाव, प्रचार के तरीके बदले

लंदन, एजेंसी

● सुनक नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे ● लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर भी उत्तरी लंदन के मंदिर पहुंचे

ब्रिटेन में गुरुवार को होने वाले आम चुनाव से पहले प्रचार के अंतिम सप्ताहांत में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पार्टी की तरफ से इस पद के उम्मीदवार लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटिश हिंदू मतदाताओं को लुभाने के लिए मंदिर पहुंचे। सुनक (44) रविवार को नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे तो वहीं स्टार्मर (61) शुक्रवार को उत्तरी लंदन के किंग्सबरी में स्थित स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे।

लंदन में स्वामी नारायण मंदिर में संतों से साथ राष्ट्रपति सुनक। ● एजेंसी

दोनों नेताओं द्वारा यह कदम ब्रिटिश हिंदू संगठनों के एक प्रमुख समूह द्वारा ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव से पहले पहली बार जारी किए गए हिंदू घोषणापत्र के बाद उठाया गया है। इस घोषणापत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों से हिंदू पूजा स्थलों की रक्षा करने और हिंदूओं के प्रति घृणा से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया गया है। सुनक ने प्रतिष्ठित नेसडेन मंदिर में अपने उद्बोधन में कहा यह मंदिर इस समुदाय द्वारा ब्रिटेन के लिए दिए गए योगदान का एक महान उदाहरण है। उन्होंने मंदिर में प्रार्थना की और वहां उपस्थित बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इस बीच किंग्सबरी मंदिर में स्टार्मर का स्वागत किया गया। उन्होंने भी यहां सुनक की तरह ही जय स्वामीनारायण बोलकर अपना भाषण शुरू किया।

ब्रिटेन में हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं : लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा ब्रिटेन में हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं है। हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी, विनाशकारी व अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करना है।

बाइडन को चुनावी दौड़ से हटने की मांग बढ़ी

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव के तहत अटलांटा में हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी और मुख्यधारा की अमेरिकी मीडिया में राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी दौड़ से हटने की मांग बढ़ रही है। बाइडन (81) और उनके प्रचार अभियान ने कहा कि वह हार नहीं मान रहे हैं और पांच नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सफलतापूर्वक मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध हैं। प्रचार अभियान के नेतृत्व ने कहा बाइडन डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी हैं। प्रत्याशी नहीं बदला जा रहा है। अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर ली है।

रूस ने 31 जुलाई तक गैसोलीन निर्यात के लिए परमिट बढ़ाया

मॉस्को। रूसी सरकार ने गैसोलीन निर्यात के लिए परमिट को 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है। यह जानकारी शनिवार को आधिकारिक कानूनी सूचना पोर्टल पर प्रकाशित प्रासंगिक दस्तावेज के माध्यम से मिली। दस्तावेज 29 फरवरी के सरकारी संकल्प संख्या 243 में संशोधन करता है रूस से वाणिज्यिक गैसोलीन के निर्यात पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने पर।

रूसी ऊर्जा मंत्री सर्गेई त्सिविलीव ने कहा कि घरेलू बाजार में पर्याप्त ईंधन भंडार बन गया है और मांग पूरी तरह से आपूर्ति के अनुरूप है, उन्होंने कहा कि बाजार की जरूरतों के आधार पर आगे कदम उठाए जाएंगे। यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन देशों को छोड़कर अन्य देशों में गैसोलीन के निर्यात पर प्रतिबंध एक मार्च को लगाया गया था। मई के अंत में, सरकार ने 30 जून तक प्रतिबंध को निलंबित कर दिया था। गैसोलीन निर्यात पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध हटाने का निर्णय रूसी बाजार की संतृप्ति के संबंध में किया गया था, ताकि कई रिफाइनरियों द्वारा प्रसंस्करण में कमी और बंदरगाहों में अनलोडिंग से रोका जा सके।

इजरायल-लेबनान के बीच संघर्ष समाप्ति का प्रयास

वाशिंगटन, एजेंसी

● वाशिंगटन पोस्ट ने रिपोर्ट में कहा अमेरिकी अधिकारी बातचीत से हल निकालने में जुटे

अमेरिकी अधिकारी इजरायल और लेबनान के बीच संघर्ष को सुलझाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर काम कर रहे हैं। यह जानकारी वाशिंगटन पोस्ट ने शनिवार को दी। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारी हिजबुल्लाह की मांगों को जानते हैं लेकिन फिर भी वे तनाव कम करने के लिए काम कर रहे हैं।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने 18 जून को ने घोषणा किया था कि उसने लेबनान में आक्रामक अभियान के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है। इजरायली विदेश मंत्री काट्ज ने बाद में कहा कि इजरायल हिजबुल्लाह और लेबनान के खिलाफ नियमों को बदलने के फैसले के बहुत करीब था, जिससे आंदोलन को युद्ध में समाप्त करने और लेबनान पर गंभीर प्रहार करने की धमकी दी गई।

हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्ला ने कहा कि अगर युद्ध और तेज हुआ तो आंदोलन उत्तरी इजरायल पर आक्रमण कर सकता है। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब हो गई। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर रोजाना गोलीबारी कर रहे हैं। लेबनानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि लगभग 1,00,000 लोगों को सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने घर छोड़ने पड़े।

गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में 40 लोगों की मौत

काहिरा। गाजा पट्टी पर पिछले 24 घंटों में तीन इजरायली हमलों में चालीस लोग मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि पीड़ितों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा इजरायली रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में परिवारों के तीन नरसंहार किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि गाजा पर इजरायल के युद्ध में मारे गये फिलिस्तीनियों की कुल संख्या बढ़कर 37,834 हो गयी और घायलों की संख्या 86,858 हो गई। फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया था।

सिंगापुर की धर्मगुरु को साढ़े दस साल की जेल

सिंगापुर, एजेंसी

● 43 करोड़ ठगे, आदेश न मानने पर दांत निकलवाए, कैंची से मारा

यहां की धर्मगुरु वू मे हो (54) को साढ़े दस साल जेल की सजा हुई है। कोर्ट ने उन्हें अपने भक्तों के साथ धोखाधड़ी करने और उन्हें चोट पहुंचाने समेत 5 आरोपों में दोषी पाया। वू मे हो पर आरोप है कि वह अपने भक्तों का ब्रेनवॉश कर उन्हें बताती थी कि वह एक देवी है। अगर भक्त उसके आदेश का पालन नहीं करते तो हो उन्हें क्रूर सजा देती थी।

वह भक्तों को उनका मल खिलाती थी और प्लास से उनके दांत निकालने को कहती थी। यही नहीं, वह भक्तों पर कैंची से वार करती थी और उन्हें इमारत की दूसरी मंजिल से कूदने को भी कहती थी। सिंगापुर के न्यूज चैनल सीएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, वू मे हो खुद को भारतीय धर्मगुरु शक्ति नारायणी अम्मा का भक्त बताती है। शक्ति नारायणी अम्मा के भक्त उनको देवी नारायणी का पहला ज्ञात अवतार बताते हैं। वू मे हो सिंगापुर में साल 2012 से 30 भक्तों के समूह वाला एक आश्रम चला रही है।

वू मे हो 2012 में श्री शक्ति नारायणी अम्मा से जुड़ी

वू मे हो साल 2012 में ही श्री शक्ति नारायणी अम्मा से सीधे तौर पर जुड़ी थी। इस दौरान उसने देवताओं और आत्माओं से बात करने वाली देवी के रूप में खुद की पहचान बनानी शुरू की। इसके बाद उसने अपने भक्तों से खुद को भगवान कहने को कहा। कोर्ट में वू मे हो के भक्तों ने बताया कि हम अपनी बीमारियां ठीक करने और जीवन बेहतर करने के लिए उसके पास जाते थे। इसी दौरान वू मे हो लोगों से पैसे मांगती थी।

कजाकिस्तान जाएंगे जिनपिंग, राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लेंगे हिस्सा

अल्माटी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दो से चार जुलाई तक कजाकिस्तान की राजकीय यात्रा पर रहेंगे और शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद में हिस्सा लेंगे। यह जानकारी कजाख राष्ट्रपति प्रेस सेवा ने रविवार को दी। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान के निमंत्रण पर चीनी नेता अगले सप्ताह ताजिकिस्तान का दौरा भी करेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एक बयान में चुनयिंग ने कहा 2 से 6 जुलाई तक, राष्ट्रपति शी जिनपिंग कजाकिस्तान और ताजिकिस्तान का राजकीय दौरा करेंगे। ताजिक विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जिनपिंग की ताजिकिस्तान यात्रा के दौरान नेता सीमित और व्यापक प्रारूपों में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। चीनी राष्ट्रपति अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।

संसदीय चुनाव शुरू, मुश्किल में मैक्रों

पेरिस, एजेंसी

● फ्रांस में मध्यावधि हो रहे हैं चुनाव, राष्ट्रपति ने यूरोपीय यूनियन के चुनाव में हार से चुनाव का फैसला लिया था

फ्रांस में संसदीय चुनाव के पहले दौर के लिए रविवार को मतदान जारी है और यह अनुमान जताया जा रहा है कि नाजी युग के बाद, सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी एवं धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जा सकती है। दो चरणों में हो रहे संसदीय चुनाव सात जुलाई को संपन्न होंगे। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों यह चुनाव हार सकते हैं। चुनाव परिणाम से यूरोपीय वित्तीय बाजारों, यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों के समर्थन और वैश्विक सैन्य बल एवं परमाणु शस्त्रागार के प्रबंधन के फ्रांस के तौर-तरीके पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है।

कई फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं और वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी 'नेशनल रैली' पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से 'टिकटॉक' जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए हवा दी है। चुनाव-पूर्व सभी जनमत सर्वेक्षणों में 'नेशनल रैली' की जीत का अनुमान जताया गया है। नया वामपंथी गठबंधन 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' भी व्यापार समर्थक मैक्रों और उनके मध्यमार्गी गठबंधन 'टुगेदर फॉर द रिपब्लिक' के लिए चुनौती पेश कर रहा है। फ्रांस में संसदीय चुनाव के लिए रविवार सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ और चुनाव परिणाम के शुरुआती रुझान रात आठ बजे आने की उम्मीद है।

फ्रांस में वोट डालते सीनियर लीडर। ● एजेंसी

सऊदी अरब ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने का किया आह्वान

काहिरा। लेबनान के शिया आंदोलन हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच युद्ध से जुड़े सुरक्षा खतरों के बीच सऊदी अरब ने अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आह्वान किया है। लेबनान में सऊदी दूतावास ने यह जानकारी दी।

दूतावास ने शनिवार को कहा लेबनान गणराज्य में सऊदी अरब का दूतावास दक्षिणी लेबनान में वर्तमान घटनाओं पर चिंता व्यक्त करता है, हम एक बार फिर सभी सऊदी नागरिकों से लेबनान की यात्रा पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का पालन करने का आह्वान करते हैं और वहां के नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आह्वान करते हैं। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने 18 जून को ने घोषणा किया कि उसने लेबनान में आक्रामक अभियान के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है।

बॉलीवुड हलचल

कल्कि 2898 एडी ने तीन दिनों में 415 करोड़ की कमाई की

मुंबई। बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने तीन दिनों में वर्ल्डवाईड 415 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' जब से थिएटर्स में रिलीज हुई है, इसका क्रेज लोगों में देखने को मिल रहा है। फिल्म को क्रिटिक्स की ओर से भी पॉजिटिव रिव्यू मिले हैं। इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म तगड़ी कमाई कर रही है। 29 जून को एक तरफ पूरा देश टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल देखने में बिजी था, जिसके चलते ये भी माना जा रहा था कि पैन इंडिया फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की कमाई पर अब इसका असर पड़ सकता है, लेकिन उम्मीद से बिल्कुल उल्टा हुआ।

सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा पिछले कुछ समय से जहीर इकबाल के साथ अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। 23 जून को अभिनेत्री ने जहीर के साथ रजिस्टर्ड मैरिज की और फिर शानदार रिसेप्शन से महफिल में चार-चांद लगाया। पर्सनल लाइफ में अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करने के बाद नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी सिन्हा फिर से अपने काम पर लग गई हैं। शादी के बाद पहली बार उनका सामना भूत-प्रेत से होगा। अभिनेत्री की आगामी फिल्म ककुड़ा की अनाउंसमेंट कुछ दिन पहले ही हुई है। मुंज्या से बॉक्स ऑफिस पर तहलका लाने के बाद आदित्य सरपोतदार एक और हॉरर-कॉमेडी से दर्शकों का मनोरंजन करने जा रहे हैं। मुंज्या तो सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी लेकिन ककुड़ा को ओटीटी पर उतारा जाएगा। इसमें सोनाक्षी सिन्हा भी नजर आने वाली हैं। फिल्म से उनका पोस्टर भी रिवील कर दिया गया है। ककुड़ा में सोनाक्षी सिन्हा इंदिरा की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म के लेटेस्ट पोस्टर में सोनाक्षी के चेहरे पर खौफ दिख रहा है।

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत पर सितारों ने दी बधाई

मुंबई। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद फिल्मी सितारों ने टीम इंडिया को बधाई दी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने धमाकेदार जीत हासिल की है। इस जीत पर बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के सितारों ने इंडियन टीम को बधाई दी है। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने एक्स पर लिखा कि टी 5057, आंसू बह रहे हैं। टीम इंडिया के आंसुओं के साथ। विश्व चैंपियन भारत। भारत माता की जय। जय हिन्द जय हिन्द जय हिन्द। अजय देवगन ने अपने ट्वीट में लिखा, ' 'शब्द खुशी को बयां नहीं कर सकते! बधाई टीम इंडिया, आपने इतिहास रच दिया।

कनाडा में वेस्टजेट की 400 से अधिक उड़ानें रद

टोरंटो। कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी विमानन कंपनी वेस्टजेट ने रखरखाव कर्मचारी संघ की हड़ताल की घोषणा के बाद 407 उड़ानें रद कर दीं, जिससे 49,000 यात्री प्रभावित हुए। एयरक्राफ्ट मैकेनिक्स फ्रेटरनल एसोसिएशन ने कहा कि उसके सदस्यों ने विमानन कंपनी की संघ के साथ बातचीत करने की अनिच्छा के कारण शुक्रवार शाम को हड़ताल शुरू कर दी। वेस्टजेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलेक्सिस वॉन होन्सब्रोच ने इस स्थिति के लिए कनाडा में पैठ बनाने की कोशिश कर रहे अमेरिका के एक संघ को दोषी ठहराया। टोरंटो पीयरसन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर शनिवार को धरना दे रहे वेस्टजेट विमान के रखरखाव इंजीनियर सीन मैकवे ने कहा कि हड़ताल विमानन कंपनी को सम्मानजनक तरीके से बातचीत के लिए मजबूर करने का एक प्रयास है।

तैयारी उत्तर कोरिया ने अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया पर लगाया आरोप

नाटो का एशियाई संस्करण बनाने का आरोप

प्योंगयांग, एजेंसी

● कहा- तीनों देश पहले से ही मिसाइल खतरे का डेटा करते हैं साझा
● राज्य द्वारा संचालित समाचार एजेंसी ने साझा की जानकारी

उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय ने त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास आयोजित करने को लेकर जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर एशियाई संस्करण का नाटो बनाने का आरोप लगाया है। उत्तर कोरियाई राज्य द्वारा संचालित समाचार एजेंसी केसीएनए ने रविवार को यह जानकारी दी।

जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया का तीन दिवसीय सैन्य अभ्यास फ्रीडम एज शनिवार को पूर्वी चीन सागर में संपन्न हुआ। उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के बढ़ते परीक्षणों के बीच कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पिछले अगस्त में कैंप डेविड में तीन-तरफा शिखर सम्मेलन में सालाना आयोजित होने वाले अभ्यास को डिजाइन किया गया था। बयान में कहा गया है कि कैंप डेविड शिखर सम्मेलन के समापन पर अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया अपने खिलाफ किसी भी खतरे का तुरंत जवाब देने पर सहमत हुए। बयान में कहा गया है कि तीनों देश पहले से ही वास्तविक समय में मिसाइल खतरे का डेटा साझा करते हैं।

बयान में कहा गया है कि नया त्रिपक्षीय सैन्य गुट एक युद्ध और आक्रामकता तंत्र है और वाशिंगटन के आदेश पर अन्य देशों के साथ सैन्य टकराव में प्रवेश करने के लिए तैयार है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वाशिंगटन, सोल और टोक्यो के बीच त्रिपक्षीय सैन्य गठबंधन का उद्देश्य न केवल उत्तर कोरिया के खिलाफ है, बल्कि रूस और चीन को भी रोकना है। मंत्रालय ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एकमात्र वास्तविक खतरा अमेरिकी नीति है, जबकि उत्तर कोरिया की मिसाइल नीति सहित अन्य मुद्दों को सामूहिक प्रतिक्रिया के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।